# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

धनबाद, गुरुवार 10 जुलाई 2025 ● आषाढ़ पूर्णिमा, संवत 2082 ● रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 93 ● मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12





### बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान राजद सुप्रीमो चारा घोटाला में बढ़ेंगी लालू प्रसाद की मुश्किलें

# सजा बढ़ाने की सीबीआई की याचिका हाईकोर्ट ने स्वीकार की

**शुभम संदेश। रांची**

बहुचर्चित चारा घोटाले के एक मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव समेत तीन दोषियों की सजा बढ़ाने के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दायर अपील को स्वीकार कर लिया है. देवघर कोषागार से अवैध रूप से 89 लाख रुपये की निकासी से जुड़े इस मामले में पहले विशेष सीबीआई अदालत ने दोषियों को सजा सुनाई थी, लेकिन सीबीआई ने उसे अपर्याप्त मानते हुए उच्च न्यायालय में अपील की थी. हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगोन मुखोपाध्याय और न्यायमूर्ति अंबुज नाथ की खंडपीठ ने सीबीआई की दलीलों पर सुनवाई के बाद अपील को मंजूरी दी. सीबीआई की ओर से अधिवक्ता दीपक भारती ने अदालत के समक्ष पक्ष रखा. उन्होंने तर्क दिया कि निचली अदालत ने इस घोटाले को अंजाम देने वालों को अपेक्षाकृत कम सजा दी, जबकि घोटाले के पीछे संरक्षण देने वाले की भूमिका को अदालत ने अपने फैसले में स्पष्ट रूप से रेखांकित किया है.

सीबीआई ने कुल छह दोषियों की सजा बढ़ाने की अपील की थी, जिनमें लालू प्रसाद यादव, बेक जूलियस, सुबीर भट्टाचार्य, आरके राणा, फूलचंद सिंह और महेश प्रसाद शामिल थे. हालांकि इनमें से तीन—आरके राणा, फूलचंद सिंह और महेश प्रसाद—अब जीवित नहीं हैं, इसलिए अदालत ने केवल लालू



प्रसाद, बेक जूलियस और सुबीर भट्टाचार्य के मामलों में ही सुनवाई की. सीबीआई अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि निचली अदालत ने चारा घोटाले से संबंधित केस नंबर आरसी64ए/96 में दोषियों को पीसी एक्ट और आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत सजा सुनाई थी. 6 जनवरी 2018 को दिए गए सजा के आदेश में लालू प्रसाद यादव, बेक जूलियस और सुबीर भट्टाचार्य को साढ़े तीन साल की सजा दी गई थी, जबकि इस घोटाले में लोक लेखा समिति के तत्कालीन अध्यक्ष जगदीश शर्मा को साढ़े सात साल की सजा और 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया था.

सीबीआई का तर्क है कि जब अदालत ने यह स्पष्ट किया है कि लालू प्रसाद जैसे प्रभावशाली नेताओं के संरक्षण में यह घोटाला हुआ, तो ऐसे में उन्हें अधिक सख्त सजा मिलनी चाहिए थी. संरक्षण देने वाले को कम सजा देना न्यायसंगत नहीं कहा जा सकता.

गौरतलब है कि वर्ष 1996 में देवघर कोषागार से 89 लाख रुपये की फर्जी निकासी के मामले में सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज की थी. इसके बाद जांच कर सीबीआई ने विशेष अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया. लंबे समय तक चले मुकदमे के बाद 23 दिसंबर 2017 को विशेष न्यायाधीश शिवपाल सिंह की अदालत ने सभी छह अभियुक्तों को दोषी ठहराया था. इसके बाद 6 जनवरी 2018 को सजा सुनाई गई थी.

हाईकोर्ट के इस निर्णय को चारा घोटाले के न्यायिक प्रक्रिया में एक अहम मोड़ के रूप में देखा जा रहा है. अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि सुनवाई के अगले चरणों में दोषियों की सजा में कितना बदलाव आता है और उच्च न्यायालय इस पर क्या अंतिम निर्णय देता है.

### सीएम हेमंत सोरेन से बाबूलाल मरांडी ने दिल्ली में की मुलाकात

# गुरुजी के स्वास्थ्य की ली जानकारी , जल्दी स्वस्थ हों



**शुभम संदेश। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुलाकात की. बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से दिल्ली में मुलाकात की और शिबू सोरेन के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली. बाबूलाल मरांडी ने इस संबंध में अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ तस्वीर भी साझा की. इसके साथ उन्होंने कहा, दिल्ली में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी से मुलाकात कर झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन जी के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली. हम सभी उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं. ईश्वर उन्हें कुशल स्वास्थ्य प्रदान करें ताकि उनका सानिध्य हम सभी को पुनः प्राप्त हो सके. बता दें कि 19 जून से सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती शिबू सोरेन की हालत में लगातार सुधार जारी है. डॉक्टरों की टीम कुछ दिन और इंतजार करे के बाद आगे का फैसला लेगी. शिबू सोरेन के पूरी तरह ठीक होने और अस्पताल से छुट्टी मिलने में करीब 10-12 दिन का समय लग सकता है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने पिता की देखभाल के लिए दिल्ली में ही हैं.

# उषा मार्टिन के निदेशक राजीव झावर ने कोर्ट में जमा किया पासपोर्ट

**शुभम संदेश। रांची**

उषा मार्टिन को अवैध तरीके से आवंटित खदान मामले में चार्जशीटेड आरोपी कंपनी के निदेशक राजीव झावर ने फ्रांस में अपनी बेटी की शादी में शामिल होने के बाद रांची लौटने के बाद अपना पासपोर्ट सीबीआई कोर्ट में जमा कर दिया है. सीबीआई कोर्ट ने 22 मई 2025 को सशर्त फ्रांस जाने की अनुमति प्रदान की थी. उन्होंने 8 जून से 30 जून, 2025 तक फ्रांस की यात्रा करने की अनुमति मांगी थी. ताकि वह अपनी बेटी की 20 जून से 23 जून, 2025 तक फ्रांस में होने वाली शादी में शामिल हो सके. वहां से लौटने के बाद कोर्ट में सशरीर उपस्थित होकर पासपोर्ट जमा किया.

### क्या है मामला

भ्रष्टाचार मामले को लेकर सीबीआई ने 22 सितंबर 2016 में मेसर्स उषा मार्टिन लिमिटेड, कंपनी के निदेशक राजीव झावर, सहायक उपाध्यक्ष एसके सिंह, खनन निदेशक इंद्र देव पासवान समेत छह के खिलाफ जनवरी 2023 में चार्जशीट दाखिल की थी. इसी मामले में हाल में ही सीबीआई कोर्ट ने संज्ञान लिया है. यहां बता दें कि साल 2004-05 में पश्चिमी सिंहभूम जिले के घाटकुरी में एक लौह अयस्क खदान आवंटित की गयी थी. इसमें कथित रूप से भ्रष्टाचार हुआ था. आईएएस अरुण कुमार सिंह उस वक्त खनन विभाग के सचिव थे और इंद्रदेव पासवान खनन निदेशक थे. सीबीआई की दिल्ली इकाई ने कथित आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत सितंबर 2016 में प्राथमिकी दर्ज की थी. राज्य सरकार की तरफ से अधिकारियों ने कथित रूप से उषा मार्टिन के पक्ष में पक्षपात किया था.




### इस शर्त पर मिली थी फ्रांस जाने की अनुमति

(i) राजीव झावर को 10 लाख रुपये का क्षतिपूर्ति बांड, समतुल्य राशि की अपनी संपत्ति के मूल कागजात के साथ प्रस्तुत करना होगा तथा यह वचन देना होगा कि वह अपने पासपोर्ट का दुरुपयोग नहीं करेगा.

(ii) उसे यात्रा शुरू करने से पहले एयरलाइन टिकट, वीज़ा, बोर्डिंग स्थान की प्रति, साथ ही आने-जाने का निर्धारित कार्यक्रम, माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश में उल्लिखित शर्तों के अनुसार, पूर्ण विवरण के साथ प्रस्तुत करना होगा. इसके अतिरिक्त, अपनी यात्रा पूरी होने पर, उसे भारत लौटने की अगली तिथि को न्यायालय में अनिवार्य रूप से व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपना पासपोर्ट जमा करना होगा. विदेश से लौटने के बाद, आरोप तय होने तक उसे प्रत्येक तिथि पर न्यायालय के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना होगा.

(III) राजीव झावर को 8 जून, 2025 से यात्रा करने की अनुमति दी जाएगी और वह 30 जून, 2025 को या उससे पहले भारत वापस आ जाएगा.

### झारखंड के मंत्री, विधायक व सांसद 14 को दिल्ली तलब

# राहुल पूछेंगे चुनावी वादों और जनहितत के मुद्दों पर क्या हो रहा

**शुभम संदेश। रांची/नई दिल्ली**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने झारखंड में पार्टी और सरकार की समीक्षा के लिए 14 जुलाई को राज्य के तमाम कांग्रेस विधायकों, मंत्रियों और सांसदों को दिल्ली तलब किया है. इस अहम बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में चर्चा होगी. बैठक में कई अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के शामिल होने की भी संभावना जताई जा रही है.

सूत्रों के अनुसार, राहुल गांधी इस बैठक में झारखंड में कांग्रेस की स्थिति, संगठन की मजबूती और सरकार की भूमिका को लेकर गहराई से संवाद करेंगे. खासतौर पर वे यह जानने की कोशिश करेंगे कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान जनता से किए गए वादों की वर्तमान स्थिति क्या है. साथ ही जनहित के मुद्दों पर कांग्रेस के मंत्रियों और विधायकों की भूमिका का आकलन भी किया जाएगा. बैठक का उद्देश्य केवल औपचारिक समीक्षा नहीं, बल्कि संगठन को आगामी विधानसभा चुनावों के लिए मजबूत आधार पर तैयार करना भी है। संगठन की जमीनी हकीकत, जनता से जुड़ाव और सरकार में कांग्रेस की सक्रियता को लेकर स्पष्ट फीडबैक राहुल गांधी चाह रहे हैं. उल्लेखनीय है कि हाल के दिनों में प्रदेश प्रभारी केसी वेणुगोपाल के निर्देश पर प्रभारी राजू ने भी झारखंड के कांग्रेस मंत्रियों के साथ नौ बिंदुओं पर आधारित



बैठक की थी. इन बिंदुओं में रिम्स का विस्तार, पैसा नियमावली का क्रियान्वयन, निकाय चुनावों में आरक्षण सुनिश्चित करना और चुनावी घोषणाओं की प्रगति जैसे अहम मुद्दे शामिल थे. इसके बाद वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के आवास पर कांग्रेस मंत्रियों की विशेष बैठक भी हुई थी, जिससे यह स्पष्ट हो गया था कि पार्टी झारखंड में अपनी भूमिका को लेकर पूरी तरह सजग और सक्रिय है.

पार्टी सूत्रों का कहना है कि झारखंड कांग्रेस फिलहाल हाईकमान की प्राथमिकता में है. प्रदेश में संगठन विस्तार, नीतिगत सक्रियता और जनता के बीच पकड़ मजबूत करने के प्रयासों को गति दी जा रही है. लगातार हो रही बैठकों, दौरों और संवादों से यह संकेत मिल रहा है कि कांग्रेस झारखंड में अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने के हर अवसर को गंभीरता से ले रही है.

### सेनेटरी पैड विवाद : अब रांची पहुंचा मामला

## कांग्रेस ने साइबर थाने में की शिकायत



**शुभम संदेश। रांची**

बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र सेनेटरी पैड को लेकर शुरू हुआ विवाद अब झारखंड की राजधानी रांची तक पहुंच गया है. इस प्रकरण को लेकर झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस की लीगल सेल ने साइबर थाना रांची में आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई है. शिकायत में बताया गया है कि बिहार महिला कांग्रेस द्वारा महिलाओं के बीच स्वच्छता और जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सेनेटरी पैड वितरण अभियान चलाया जा रहा है. कांग्रेस का आरोप है कि इस सकारात्मक पहल को बदनाम करने की नीयत से सोशल मीडिया पर राहुल गांधी की छेड़छाड़ की गई तस्वीर को सेनेटरी पैड के साथ जोड़कर प्रसारित किया जा रहा है.

युवा कांग्रेस की सदस्य शिल्पी कुमारी ने इस मामले में साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई है. लीगल सेल के प्रदेश अध्यक्ष अमृत सिंह ने कहा कि यह राहुल गांधी की लोकप्रियता से डर की वजह से उन्हें बदनाम करने का प्रयास है. उन्होंने मामले की गंभीरता को देखते हुए साइबर पुलिस से तत्काल कार्रवाई की मांग की है. शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि यह एक सोची-समझी साजिश है, जिसके तहत राहुल गांधी के खिलाफ दुष्प्रचार फैलाया जा रहा है. कांग्रेस नेताओं ने इस प्रकरण में भारतीय जनता पार्टी की आईटी सेल पर संलिप्त होने का आरोप लगाया है और जांच की मांग की है. उल्लेखनीय है कि बिहार में महिला कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं में मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर जागरूकता फैलाना है. कांग्रेस का कहना है कि इस सामाजिक कार्य को राजनीतिक रूप देकर बदनाम करने की कोशिश की जा रही है.

# विश्वप्रसिद्ध श्रावणी मेले का शुभारंभ आज

**शुभम संदेश। रांची**

देवघर में पवित्र सावन महीने में लगने वाले विश्वप्रसिद्ध श्रावणी मेले का गुरुवार को शुभारंभ होगा. झारखंड की सीमा पर दुम्मा कांवरिया पथ पर सुबह 10.30 में मेले का उद्घाटन होगा. हर बार श्रावणी मेले का उद्घाटन राज्य के मुख्यमंत्री करते हैं, लेकिन इस बार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने पिता शिबू सोरेन के इलाज को लेकर दिल्ली में हैं. इसलिए हेमंत सरकार के मंत्री इस बार श्रावणी मेले का शुभारंभ करेंगे. उद्घाटन समारोह की तैयारियां पूरी हो चुकी है. मंत्री सुदिव्य कुमार, दीपिका पांडेय सिंह और संजय प्रसाद यादव समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे. वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप



में मंत्री हफीजुल हसन, गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे, दुमका सांसद नलिन सोरेन, विधायक सरेश पासवान, उदय शंकर, देवेंद्र कुंवर और जिला परिषद अध्यक्ष किरण कुमारी मौजूद रहेंगी.

## एक नजर

### सहा. आचार्य नियुक्ति में आरक्षित उम्मीदवारों को काउंसलिंग से बाहर करने पर मांगा जवाब

**रांची।** सहायक आचार्य नियुक्ति प्रक्रिया में आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को काउंसलिंग से बाहर करने के मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है. कोर्ट ने जेएसएससी के सचिव को नोटिस जारी कर 4 सप्ताह के अंदर जवाब देने का निर्देश दिया है. मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान पूछा कि जब राज्य सरकार ने 5% अंक की छूट को लेकर नियम में संशोधन कर अधिसूचना जारी कर दी थी, तो फिर इन अभ्यर्थियों को काउंसलिंग प्रक्रिया से क्यों बाहर किया गया? इस अवमानना याचिका पर अगली सुनवाई 12 अगस्त को होगी. याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने कोर्ट को बताया कि एनसीटीई की 2011 की गाइडलाइन के अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग और दिव्यांग उम्मीदवारों को न्यूनतम अर्हता अंकों में 5% की छूट मिलनी चाहिए थी. राज्य सरकार ने 29 जनवरी 2024 को नियमों में बदलाव करते हुए इस छूट को मान्यता दी थी, लेकिन इसके बावजूद 45% से अधिक अंक लाने वाले आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को काउंसलिंग प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया. कोर्ट ने इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए जेएसएससी सचिव से स्पष्ट जवाब मांगा है. अब इसकी अगली सुनवाई 12 अगस्त को होगी.

### विनय सिंह ने कोर्ट में किया सरेंडर, मिली जमानत

**रांची।** शराब घोटाले मामले में फंसे निलंबित आईएएस अधिकारी विनय चौबे के करीबी विनय कुमार सिंह ने आखिरकार कोर्ट में सरेंडर कर दिया. उन्होंने एसीबी की विशेष अदालत में सरेंडर किया, जहां उन्हें 20-20 हजार रुपए के दो निजी मुचलकों पर नियमित जमानत मिल गई. बता दें कि इससे पहले उन्हें कोर्ट से अग्रिम जमानत मिली थी, लेकिन इसके बावजूद एसीबी कोर्ट ने उनके खिलाफ वारंट जारी कर दिया था. ऐसे में उनकी गिरफ्तारी की आशंका बनी हुई थी. इसी के चलते उन्होंने राहत के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था. विनय कुमार सिंह पर शराब घोटाले में संलिप्तता का आरोप है और उनकी जांच जारी है. जमानत मिलने से फिलहाल उन्हें राहत जरूर मिली है, लेकिन केस से पूरी तरह छुटकारा नहीं मिला है. अब अगली सुनवाई में मामले की दिशा तय होगी.

# दक्षिण-पूर्व रेलवे में आरक्षण चार्ट की प्रक्रिया में बड़ा बदलाव

**शुभम संदेश। रांची**

दक्षिण पूर्व रेलवे जोन ने ट्रेनों के आरक्षण चार्ट तैयार करने की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण बदलाव की घोषणा की है. यह बदलाव 10 जुलाई 2025 से लागू होगा. इस नए सिस्टम का उद्देश्य यात्रियों को उनकी सीट की पुष्टि की जानकारी पहले से उपलब्ध कराना है, खासकर उन ट्रेनों के लिए जो रात 12 बजे से सुबह 4 बजे के बीच चलती हैं.

**नया चार्टिंग समय :** रात 12 बजे से सुबह 4 बजे के बीच चलने वाली ट्रेनों का आरक्षण चार्ट अब एक दिन पहले रात 8 बजे तैयार किया जाएगा. हालांकि, रविवार और सरकारी छुट्टियों पर यह चार्ट शाम 5 बजे तक तैयार होगा. इस श्रेणी में शामिल प्रमुख ट्रेनें हैं : हावड़ा-मुंबई दुरंतो एक्सप्रेस, हावड़ा-बड़बिल जनशताब्दी एक्सप्रेस, हावड़ा-कांटाबांजी इस्पात एक्सप्रेस, सांतरागाछी-आनंद विहार एक्सप्रेस, हावड़ा-टिटलागढ़ एक्सप्रेस, हावड़ा-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस, गीतांजलि एक्सप्रेस, हावड़ा-मुंबई साप्ताहिक एक्सप्रेस, हावड़ा-शिरडी साईनगर एक्सप्रेस.

**दोपहर और शाम की ट्रेनों का चार्ट:** दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे के बीच चलने वाली ट्रेनों का आरक्षण चार्ट यात्रा से चार घंटे पहले तैयार होगा. इसमें शामिल हैं: हावड़ा-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस, शालीमार-कुर्ला एक्सप्रेस.

शाम 4 बजे से रात 12 बजे के बीच चलने वाली ट्रेनों का चार्ट भी चार घंटे पहले तैयार किया जाएगा. इस श्रेणी की प्रमुख ट्रेनें हैं : हावड़ा-मुंबई मेल, सांतरागाछी-नांदेड़ एक्सप्रेस, स्टील एक्सप्रेस, समरसता एक्सप्रेस, सांतरागाछी-पोरबंदर एक्सप्रेस, शालीमार-भुज एक्सप्रेस, शालीमार-उदयपुर एक्सप्रेस, शालीमार-गोरखपुर एक्सप्रेस, सांतरागाछी-रानी कमलावती एक्सप्रेस, शालीमार-ओखा एक्सप्रेस, क्रियायोगा एक्सप्रेस, आजाद हिंद एक्सप्रेस, हावड़ा-जगदलपुर एक्सप्रेस, हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस, हावड़ा-चक्रधरपुर एक्सप्रेस.

**यात्रियों के लिए फायदेमंद बदलाव:** इस नई व्यवस्था से यात्रियों को यात्रा से पहले सीट कंफर्मेशन की स्पष्ट जानकारी मिलेगी, जिससे सीट को लेकर किसी भी भ्रम की स्थिति से बचा जा सकेगा. झारखंड से चलने वाली या वहां से गुजरने वाली कई ट्रेनें भी इस बदलाव के दायरे में आएंगी. इससे यात्रियों को अपनी यात्रा की योजना बनाने में आसानी होगी और सीट की पुष्टि के लिए पर्याप्त समय मिलेगा.

### ड्रग तस्करी मामला

## दो आरोपियों को नहीं मिली बेल

**रांची।** सिविल कोर्ट रांची के अपर न्यायायुक्त XI की अदालत ने मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में जेल में बंद राकेश रंजन और पिंटू कुमार को जमानत देने से इनकार किया है. दोनों एनडीपीए मामले में 13 जून 2024 से जेल में बंद है. दोनों को एनसीबी रांची ने गुप्त सूचना के आधार पर पेट्रोलिंग के दौरान ओरमांझी ब्लॉक चौक के निकट मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया था. तलाशी के दौरान उसके वाहन से 103.80 किलोग्राम अफीम बरामद किया गया था. मामले में एनसीबी रांची जोन के एसआई राजीव रंजन ने प्राथमिकी (कांड संख्या 44/2024) दर्ज कराई थी. एनसीबी की ओर से विशेष लोक अभियोजक केबी प्रसाद ने दोनों की जमानत का विरोध करते हुए अदालत में पक्ष रखा था.

### जयराम महतो समेत तीन पर केस दर्ज

# महिला ने अपमानित करने का लगाया आरोप

**शुभम संदेश। रांची**

रांची के हरमू हाउसिंग कॉलोनी की एक महिला ने डुमरी के विधायक



जयराम महतो सहित तीन लोगों के खिलाफ अरगोड़ा थाना में शिकायत दर्ज कराई है. मामला सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी, मानहानि और सार्वजनिक रूप से अपमानित करने से जुड़ा है. शिकायत में महिला ने रामगढ़ जिले के गोला थाना क्षेत्र के निवासी उत्तम कुमार महतो और बिट्टू सिंह को भी आरोपी बनाया है. महिला का आरोप है कि जेएलकेएम पार्टी से जुड़े यूट्यूब चैनल के माध्यम से उनके खिलाफ अभद्र और अश्लील भाषा का इस्तेमाल किया जा रहा है. यूट्यूबर बिट्टू सिंह द्वारा महिला का नाम लेकर एक वीडियो बनाया गया, जिसमें आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया गया. महिला का यह भी दावा है कि यूट्यूबर उत्तम कुमार महतो विधायक जयराम महतो के करीबी सहयोगी हैं और यह वीडियो उन्हीं के इशारे पर बनाया गया है. शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि विधायक पूर्व में दर्ज मामले को वापस लेने के लिए दबाव बना चुके हैं और जब महिला ने ऐसा नहीं किया तो उन्हें समाज में बदनाम करने की कोशिश की गई. महिला ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है.

### कार्रवाई | मनी लॉन्ड्रिंग केस में अंबा प्रसाद की मुश्किलें बढ़ी

# परिवार की 12.24 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड के चर्चित बालू-जमीन घोटाले और रंगदारी से अर्जित अवैध संपत्ति मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पूर्व मंत्री योगेंद्र साव और उनके परिवार से जुड़ी 12.24 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त कर ली है. यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के तहत की गई है. ईडी की जांच में सामने आया है कि योगेंद्र साव, उनकी पत्नी व पूर्व विधायक निर्मला देवी, पुत्री व बड़कागांव की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद, बेटे अंकित राज और अन्य परिजनों के नाम पर कुल 16 कंपनियां संचालित की जा रही थीं. इन कंपनियों और उनके बैंक



खातों में अवैध रूप से अर्जित करोड़ों रुपये निवेश किए गए थे.

**जब्त की गई संपत्तियां, सभी खाते फ्रीजः** सुनवाई के दौरान आरोपितों को अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया, लेकिन उनके जवाब संतोषजनक नहीं पाए गए. इसके बाद अथॉरिटी ने सभी बैंक खातों और संपत्तियों को ईडी की कस्टडी में ही रखने का आदेश दिया है. अब सभी राशि फ्रीज कर दी गई है और आरोपितों को केवल सक्षम न्यायालय में जाकर दावेदारी पेश करने का विकल्प बचा है.

### इन खातों में मिली भारी रकम

**ईडी द्वारा एडजुकेडिंग अथॉरिटी में प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार :**

- निर्मला देवी (पत्नी) : 1.76 करोड़
- योगेंद्र साव : 34.69 लाख
- बेटी अनुप्रिया : 34.26 लाख
- बेटा अंकित राज और उसकी कंपनी मां अष्टभुजी सिरामिक्स : 8.39 करोड़
- अंबा प्रसाद (पूर्व विधायक) : 28.43 करोड़

कुल मिलाकर, आरोपितों से जुड़े बैंक खातों में 12.24 करोड़ रुपये से अधिक की नकद राशि जमा पाई गई है, जिसकी वैधता स्पष्ट नहीं हो पाई. ईडी ने सभी खातों की जानकारी के साथ संपत्तियों की जब्ती की मांग करते हुए एडजुकेडिंग अथॉरिटी में याचिका दाखिल की थी.

### अंबा प्रसाद की सफाई

सुनवाई के दौरान अंबा प्रसाद ने अपने पक्ष में कहा कि उनके बैंक खाते उनके दादा द्वारा खुलवाए गए थे. उन्होंने दावा किया कि उनके दादा बड़े किसान थे और 70 एकड़ जमीन से हुई आय से 24 लाख रुपये खाते में जमा किए गए थे. ईडी ने इस पूरे मामले को लेकर मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत विस्तृत जांच शुरू कर दी है और आने वाले दिनों में और भी जब्ती की कार्रवाई हो सकती है.

# श्रावणी मेला: रांची से देवघर जाने वालों के लिए स्पेशल ट्रेन आज रात 11 बजे होगी रवाना

**शुभम संदेश। रांची**

श्रावणी मेला में बाबा बैद्यनाथ धाम जाने वाले कांवरियों और यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने खास तैयारी की है. रांची रेल मंडल की ओर से देवघर और भागलपुर के लिए 2 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है. इन ट्रेनों की शुरुआत जुलाई के दूसरे सप्ताह से हो रही है, जो अगस्त तक चलेगी. खास बात यह है कि ये ट्रेनें रांची से रात 11 बजे रवाना होंगी, जिससे श्रद्धालुओं को यात्रा में सहूलियत होगी. ट्रेन संख्या 08646/08645 रांची-भागलपुर-रांची (वाया सुल्तानगंज) 10 जुलाई से चलना शुरू होगी. यह ट्रेन हर रविवार, मंगलवार और गुरुवार को रांची से चलेगी. रास्ते में मूरी, बरकाकाना, हजारीबाग टाउन, कोडरमा, किउल और सुल्तानगंज होता हुए भागलपुर पहुंचेगी.

- रांची से प्रस्थान- रात 11:00 बजे
- सुल्तानगंज आगमन- सुबह 9:45 बजे
- भागलपुर आगमन- दोपहर 12:05 बजे

वापसी ट्रेन संख्या 08645 भागलपुर-रांची 11 जुलाई से 11 अगस्त तक सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को चलेगी. इस ट्रेन का रूट भी वही रहेगा और कुल 14 ट्रिप होंगी. ट्रेन संख्या 08610/08609 रांची-भागलपुर-रांची (वाया जसीडीह) 12 जुलाई से 11 अगस्त तक चलाई जाएगी. यह ट्रेन शनिवार, सोमवार और बुधवार को रांची से रवाना होगी.

- **रूट**- मूरी, धनबाद, जसीडीह, किउल, सुल्तानगंज होते हुए भागलपुर
- रांची से प्रस्थान- रात 11:00 बजे
- जसीडीह आगमन- सुबह 7:20 बजे
- भागलपुर आगमन- दोपहर 1:00 बजे

वापसी ट्रेन संख्या 08609 भागलपुर-रांची (वाया जसीडीह) 13 जुलाई से 12 अगस्त तक रविवार, मंगलवार और गुरुवार को भागलपुर से चलेगी. यह ट्रेन भी कुल 14 ट्रिप करेगी। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा से पहले समय और स्टेशन की जानकारी सुनिश्चित कर लें और यात्रा के दौरान रेलवे नियमों का पालन करें.

**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 25.8 | 23.0 |
| डालटनगंज | 31.4 | 25.3 |
| धनबाद | 28.7 | 25.3 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार






धनबाद, गुरुवार 10 जुलाई 2025 ● आषाढ़ पूर्णिमा, संवत 2082 ● रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 93 ● मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12


ईएमआई का बढ़ता बोझः आज के मिडिल क्लास की बड़ी दिक्कतें, हर 5 में से 3 युवा कर्जदार

# पहले कमाएं, फिर उधार लें, चुकाएं, फिर दोहराएं, सेविंग कुछ भी नहीं


शुभम संदेश डेस्क

आज के हाईटेक युग में जहां सारे फाइनेंशियल काम आपके हाथ में मौजूद मोबाइल फोन के जरिए हो जाते हैं, तो तमाम ऐसी सुविधाएं भी मौजूद हैं, जिनसे बड़ी से बड़ी चीज खरीदने के लिए लोगों को अब अपनी जेब का बजट नहीं देखना होता, फिर बात चाहे अपना घर खरीदने की हो या घर में इस्तेमाल होने वाले सामानों की और या फिर अस्पताल में इलाज की, हर चीज अब आसान किस्तों पर उपलब्ध है. लेकिन ईएमआई का ये मददगार लगने वाला विकल्प खासतौर पर मिडिल क्लास के लिए एक बड़ी परेशानी का सबब भी बनता जा रहा है, जो साइलेंट मोड में लोगों की इनकम साफ कर रहा है और उनकी सेविंग्स तक में सेंध लगा रहा है. एक्सपर्ट्स तो यहां तक कह रहे हैं कि फिलहाल महंगाई से ज्यादा लोगों को ये ईएमआई का बोझ सता रहा है.

### एक हाथ से कमाएं, दूसरे से चुकाएं'

एक्सपर्ट ने एक सिंपल फॉर्मूले के जरिए समझाया है. उन्होंने लिखा, कमाएं, उधार लें, चुकाएं, फिर दोहराएं, कोई बचत नहीं, फिर से स्वाइप करें. ये आज के समय में हकीकत भी है और यही कारण है कि देश में क्रेडिट कार्ड के जरिए शॉपिंग में भी जोरदार इजाफा हो रहा है. उन्होंने कहा कि ईएमआई की सुविधा इसलिए शुरू हुई थी और इससे लोगों पर फाइनेंशियल बोझ थोड़ा कम हो सके और उन्हें मदद मिल सके, लेकिन अब ये जीवन का तरीका बन चुका है. आसान भाषा में समझें, तो अब अपना क्रेडिट-डेबिट कार्ड स्वाइप करें और घर में फ्रिज, एसी, फैंसी सोफा, बेड या जो चाहें ले आएं. बजट की फिक्र नहीं और न कोई वेटिंग. बस एक टैप के जरिए खरीदें और बाद में भुगतान करें. लेकिन यह अभी खरीदें, बाद में भुगतान करें वाला जीवन चुपचाप लोगों को कर्ज के जंजाल में फंसाता चला जा रहा है.

**हर 5 में से 3 लोगों पर लोन :** आंकड़े भी इस गहराती समस्या की असली तस्वीर पेश करते हैं और बताते हैं कि कैसे अब ये तरीका जीवनशैली का हिस्सा बनता जा रहा है. घरेलू ऋण भारत के सकल घरेलू उत्पाद का 42% तक पहुंच गया है. इसमें एक बड़ा हिस्सा 32% से ज़्यादा, क्रेडिट कार्ड, व्यक्तिगत ऋण और 'अभी खरीदो, बाद में पेमेंट करो' जैसी स्कीम्स से आता है. भारत में बिकने वाले लगभग 70% आई फोन पर ही खरीदे जाते हैं. उन्होंने कहा कि लगभग 11% छोटे उधारकर्ता पहले ही लोन नहीं चुका पाए हैं और कई तो एक साथ कई लोन के बोझ तले दबे हुए हैं.



**छोटी किस्तों का बड़ा बोझ :** ईएमआई बनवाकर सामान या सुविधाएं खरीदने वाले लोगों को हर महीने की किश्तें भले ही छोटी लगें, लेकिन वे जल्दी ही बढ़ती जाती हैं. मान लीजिए 2,400 रुपए के फोन ईएमआई, 3,000 की लैपटॉप ईएमआई, 4,000 रुपए की बाइक ईएमआई और 6,500 रुपए का क्रेडिट कार्ड बिल, इन सब को एक साथ देखें, तो हर महीने 25,000 रुपए चले जाते हैं और मिडिल क्लास के लिए ये बड़ा अमाउंट हो सकता है. इस ट्रैप के चक्कर में अब, कोई बचत नहीं... कोई सहारा नहीं.. और चीजें बिगड़ रही हैं.

### तनाव बढ़ाने में किस्तों का बड़ा रोल

फाइनेंशियल एक्सपर्ट कहते हैं कि इन छोटी-छोटी किस्तों से बढ़ रहे वित्तीय दबावों से तनाव का स्तर बढ़ रहा है और ये खासकर मध्यम वर्ग के लोगों के लिए काम पर फोकस और प्रोडक्टिविटी को कम करने वाला साबित हो रहा है. यह समस्या व्यक्तिगत परिवारों से परे संभावित रूप से देश की इकोनॉमिक ग्रोथ को भी कम कर रही है, क्योंकि कम बचत का मतलब है कम निवेश. ईएमआई के जाल में फंसे लोगों की इनकम का एक बड़ा हिस्सा किस्त चुकाने में चला जाता है और वे सेविंग्स करने में नाकाम हो जाते हैं. कम बचत का मतलब है कि परिवार निवेश नहीं कर सकते या भविष्य के लिए योजना नहीं बना सकते. इसके अलावा ज्यादा कर्ज का मतलब है कि भुगतान डिफॉल्ट की अधिक संभावना. ऐसे में ये कहना गलत न होगा कि इसका असर सभी पर पड़ता है, न सिर्फ एक परिवार मात्र पर.

### सिर्फ अमीर दिखने के लिए न लें उधार

ईएमआई के जंजाल के बारे में विस्तार से बताते हुए एक्सपर्ट ने इससे निपटने के तरीके को भी बताया है और लोगों को सलाह दी है कि वे अपने कुल ईएमआई बोझ का आकलन करें और सुनिश्चित करें कि यह आय का 40% से अधिक न हो. इसके अलावा एक सेफ्टी फंड भी बनाएं, यहां तक कि इसे 500 रुपए प्रति माह से शुरू कर सकते हैं. एसआईपी जैसी स्कीम्स में निवेश शुरू करें, जो समय के साथ तगड़ा प्रॉफिट दे सकता है. सिर्फ अमीर दिखने के लिए उधार न लें. तनाव के साथ जीना सामान्य बात नहीं है, जिन चीज़ों का भुगतान आपने नहीं किया है, उनका मालिक होना कोई सफलता बिल्कुल भी नहीं है. बेहतर जीवन का सपना कर्ज का जाल नहीं बनना चाहिए और आजादी का मतलब ज्यादा कमाना नहीं है, बल्कि कम कर्ज लेना है.

बिहार में चक्का जाम! राहुल गांधी, तेजस्वी व महागठबंधन नेता सड़क पर उतरे

# मतदाता सूची को लेकर मचा बवाल ट्रेनें रोकीं, हाईवे जाम

**बंद रहा असरदार**

- पटना, दरभंगा और गया समेत पूरे राज्य में प्रदर्शन
- रेल और यातायात रहा प्रभावित
- सरकारी कार्यालयों और निजी संस्थानों में हाजिरी कम
- स्कूल-कॉलेजों की उपस्थिति भी प्रभावित



शुभम संदेश। पटना

बिहार में बुधवार को महागठबंधन के आह्वान पर बुलाए गए बिहार बंद का व्यापक असर देखने को मिला. मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ हो रहे इस विरोध में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव समेत विपक्षी गठबंधन के सभी प्रमुख नेता सड़क पर उतरे.

**पटना में राहुल और तेजस्वी का मार्च :** पटना में राहुल गांधी के आगमन के बाद तेजस्वी यादव के साथ वह इनकम टैक्स गोलंबर से वीरचंद पटेल पथ और शहीद स्मारक होते हुए चुनाव आयोग कार्यालय तक पैदल मार्च किया. उनके साथ भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे. तेजस्वी ने कहा, आज पूरा बिहार बंद है, चुनाव आयोग ने अपनी विश्वसनीयता खो दी है. गरीबों, दलितों और अल्पसंख्यकों के नाम मतदाता सूची से हटाने की साजिश चल रही है.

**रेलवे ट्रैक पर प्रदर्शन, ट्रेनों का संचालन बाधित :** पटना के सचिवालय हॉल्ट स्टेशन पर पप्पू यादव के समर्थकों ने रेल ट्रैक पर प्रदर्शन कर दिया. कार्यकर्ताओं ने न केवल ट्रैक जाम किया बल्कि एक पैसेंजर ट्रेन के इंजन पर चढ़ गए. पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए बल प्रयोग किया और कई लोगों को हिरासत में लिया गया.

**एनएच-31 पर जाम :** राज्य के बाढ़ अनुमंडल में राजद कार्यकर्ताओं ने एनएच-31 को जलगोविंद चौक के पास जाम कर दिया. इससे पूरे क्षेत्र में यातायात ठप हो गया और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा.

### महाराष्ट्र की तरह बिहार में भी मतों की चोरी की कोशिश हो रही है : राहुल



**पटना।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने को मोदी सरकार और चुनाव आयोग पर जमकर हमला बोला. पटना में इंडिया गठबंधन के चक्काजाम में प्रदर्शन करने पहुंचे राहुल गांधी ने लोगों को संबोधित किया. उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार चुनाव को महाराष्ट्र की तरह ही चोरी करने की कोशिश की जा रही है. गरीबों के हक को छीनने की साजिश रची जा रही है. लेकिन हमलोग ऐसा नहीं करने देंगे. हमलोग बिहार की जनता का भविष्य बर्बाद नहीं होने देंगे. इंडिया गठबंधन बिहार की जनता के साथ खड़ा है. इससे पहले राहुल गांधी पटना स्थित आयकर गोलंबर पर पहुंचे, जहां पहले से ही बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव मौजूद थे. यहां महागठबंधन के कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ा हुआ था. इसके बाद तेजस्वी यादव, राहुल गांधी, दीपांकर भट्टाचार्य और मुकेश सहनी जैसे महागठबंधन के दिग्गज नेता वाहन पर सवार होकर मार्च के लिए निकले. इस मौके पर तेजस्वी यादव ने मीडिया से बात करते हुए कहा, क्या दो गुजराती तय करेंगे कि कौन बिहारी वोट देगा और कौन नहीं? उन्होंने मार्च में शामिल कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, गरीबों के नाम वोटर लिस्ट से हटाए जा रहे हैं और यह मोदी-नीतीश की दादागिरी नहीं चलेगी.

### जनता अपना हक छिनने नहीं देगी

राहुल कहा कि लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में इंडिया गठबंधन जीतकर आया, जबकि विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन बुरी तरह हार गया. उस समय हम लोगों ने कुछ नहीं कहा, लेकिन इस गंभीर विषय पर काम शुरू किया. हमने जांच की तो पता चला कि लोकसभा से ज्यादा वोटर विधानसभा चुनाव में मतदान किया. आश्चर्यजनक ढंग से एक करोड़ वोट बढ़ गए. एक दिन में चार से पांच हजार वोट रजिस्टर हुए. गरीबों के वोट काटे गए. जब हमने चुनाव आयोग से कहा कि आप हमें वोटर लिस्ट दीजिए, तब चुनाव आयोग ने एक शब्द नहीं कहा. हमने चुनाव आयोग से कहा कि कानून कहता है कि हमें वोटर लिस्ट दी जाए, लेकिन आज तक महाराष्ट्र की वोटर लिस्ट हमें नहीं मिली.

### चुनाव आयोग पर लगाया आरोप

राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग के अधिकारी भाजपा और आरएसएस के एजेंट की तरह बात कर रहे हैं. वे अपनी जिम्मेदारी भूल गए हैं. उनका काम संविधान की रक्षा करना है. आप यह मत भूलिए कि कानून आपके ऊपर लागू होगा. कानून आपको नहीं छोड़ने वाला है. आपका काम भारत के संविधान की रक्षा करना है. आपका काम बिहार की जनता के वोट की रक्षा करना है. पहले चुनाव आयुक्त को सभी पार्टियां और चीफ जस्टिस मिलकर चुनते थे, लेकिन अब केवल भाजपा ही चुनाव आयुक्त को चुनती है. यही सच्चाई है. बिहार की जनता से मैं कहना चाहता हूं कि आपका वोट ही नहीं, भविष्य भी चोरी किया जा रहा है. लेकिन, इंडिया गठबंधन आप सबके साथ खड़ा है.

### ट्रेड यूनियनों की हड़ताल से बैंकिंग, डाक और बिजली सेवाएं प्रभावित



**नयी दिल्ली।** देश में बुधवार को 10 केंद्रीय श्रम संगठनों (ट्रेड यूनियनों) के राष्ट्रव्यापी हड़ताल के आह्वान का असर देशभर में देखने को मिला, जिससे बैंकिंग, डाक, बिजली और सार्वजनिक परिवहन समेत कई अन्य सेवाएं प्रभावित हुईं. हालांकि, देशभर के किसी भी वाणिज्यिक बाजार पर कथित भारत बंद का कोई प्रभाव नहीं पड़ा. ट्रेड यूनियनों के इन 10 संगठनों के मंच ने दावा किया है कि अन्य मुद्दों के साथ-साथ नई श्रम संहिताओं के विरोध में 25 करोड़ श्रमिकों को आम हड़ताल के लिए लामबंद किया गया. इस बीच अखिल भारतीय मजदूर संघ कांग्रेस की महासचिव अमरजीत कौर ने एक बयान में बताया कि बुधवार को देशभर में आम हड़ताल रही. पश्चिम बंगाल, केरल, झारखंड, कर्नाटक सहित अन्य राज्यों से हड़ताल असरदार रही. कौर ने कहा कि राष्ट्रव्यापी हड़ताल से बैंकिंग, डाक और बिजली सेवाएं प्रभावित हुई. इससे तांबा और कोयला खनन प्रभावित होगा, जबकि कई राज्यों में सार्वजनिक परिवहन पर भी इसका असर पड़ा. उन्होंने आगे कहा कि पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के किसान संघों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों में विरोध प्रदर्शन किया.

## तैयारियां पूरी, पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक आज

शुभम संदेश। रांची

गुरुवार को हो रही पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक की तैयारी अंतिम मुकाम पर है. लगातार रिवाइज होने के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार अमित शाह विशेष विमान से रात 10.20 बजे रांची पहुंचें. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के उससे पहले देर शाम रांची पहुंच गए हैं. मालूम हो कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह गुरुवार को होटल रेडिशन ब्लू में आयोजित पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे. इस बैठक में भाग लेने के लिए बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के साथ बिहार की पूरी टीम और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी बुधवार की शाम ही रांची पहुंच गए हैं. पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव गुरुवार सुबह रांची आएंगे. वहीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद और लोकसभा सचिवालय के पदाधिकारी रांची पहुंच गए हैं. नेताओं-अधिकारियों की सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं. मुख्य सचिव, गृह सचिव और डीजीपी के स्तर से इसकी लगातार समीक्षा की जा रही है. रांची जिला प्रशासन ने इसके लिए यातायात व्यवस्था में भी परिवर्तन किया है. पुलिसकर्मियों और दंडाधिकारियों की विशेष प्रतिनियुक्ति की गयी है.



### झारखंड ने तैयार की मांगों की लिस्ट

पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की गुरुवार को दिन के 11 बजे से होटल रेडिशन ब्लू में बैठक होगी. इस बैठक में अंतरराज्यीय संबंधों और विवादों पर विशेष तौर पर चर्चा होगी. कोयला कंपनियों पर बकाये के अलावा झारखंड सरकार द्वारा पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में कई विषयों को गंभीरता से उठाये जाने की संभावना है. कोयला कंपनियों पर बकाये लगभग 1.36 लाख करोड़ के भुगतान पर झारखंड विशेष जोर देगा. इसके अलावा बिहार के साथ होटल अशोक सहित अन्य कंपनियों और फैक्ट्रियों का स्वामित्व अविलंब झारखंड को सौंप देने की मांग की जाएगी. साथ ही जल जीवन मिशन के तहत केंद्र पर बकाया लगभग छह हजार करोड़ के भुगतान की भी मांग उठेगी. मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के पैसे की भी मांग झारखंड करेगा.

### चुरू में जगुआर फाइटर जेट क्रैश, दो की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के चुरू में भारतीय वायु सेना का फाइटर जेट क्रैश हो गया है. यह जगुआर फाइटर जेट है. इस हादसे में दोनों पायलट की मौत हो गई है. मौके पर फाइटर जेट जैसा मलबा बिखरा पड़ा है. चुरू एसपी जय यादव ने बताया कि राजलदेसर थाना क्षेत्र के गांव भाणूदा में प्लेन क्रैश हुआ. इसमें दो लोगों की मौत हुई है. मौके पर पुलिस मौजूद है. मलबे के पास से बुरी तरह क्षत-विक्षत शव के टुकड़े मिले हैं. यह ब्रिटिश-फ्रेंच सुपरसोनिक जेट अटैक एयरक्राफ्ट है. यह ग्राउंड अटैक और एंटी शिप मिशन में प्रयोग होने वाला सटीक स्ट्राइक विमान है. 36 हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ने भरने में सक्षम है. डेढ़ मिनट में 30 हजार फीट की ऊंचाई पर पहुंच सकता है. इसके साथ ही 600 मीटर के छोटे रनवे से भी टेकऑफ या लैंडिंग कर सकता है.

### मोदी पहुंचे नामीबिया हुए चार अहम करार

**नयी दिल्ली।** भारत और नामीबिया के बीच बुधवार को चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए. समझौते ऊर्जा और स्वास्थ्य सेवा सहित कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने से संबंधित हैं. इस बारे में पीएम नरेंद्र मोदी व राष्ट्रपति नेटुम्बो नंदी-नदैतवा के बीच हुई बातचीत के बाद बताया गया. पांच देशों के दौरे के अंतिम चरण में ब्राजील से यहां पहुंचे मोदी ने स्टेट हाउस में राष्ट्रपति नंदी-नदैतवा के साथ वार्ता की. वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने स्वास्थ्य, चिकित्सा, जैव ईंधन और आपदा प्रतिरोधी सहित कई क्षेत्रों में चार करार पर हस्ताक्षर किए. नंदी-नदैतवा के निमंत्रण पर यहां पहुंचे पीएम मोदी ने नामीबिया को अफ्रीका में एक मूल्यवान और विश्वसनीय साझेदार बताया.

### ब्रीफ न्यूज

#### एकाउंट खाली रहने पर भी नहीं कटेगा पैसा

**नयी दिल्ली।** आम लोगों की परेशानी अक्सर ये रहती है कि एकाउंट में पैसे नहीं रहने पर बैंक की तरफ से एवरेज मिनिमम बैलेंस चार्ज काट लिया जाता है. लेकिन अब सेविंग्स एकाउंट्स के कस्टमर्स को चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है. एसबीआई समेत देश के छह बड़े बैंकों ने हाल में औसत मंथली बैलेंस के रूप में लगने वाले चार्ज को पूरी तरह से खत्म कर दिया है.

#### अंतरिक्ष में किसान बने ग्रुप कैप्टन शुभांशु

**नयी दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर अपने 14 दिवसीय प्रवास के 12 दिन पूरे कर चुके हैं. इन 10 दिनों में उन्होंने कई प्रयोग किए. अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में स्प्राउट्स प्रोजेक्ट को सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण अंकुरण और पौधों के शुरुआती विकास और उन पर पड़ने वाले असर का अध्ययन करने के लिए अंजाम दिया जा रहा है.

#### दो रूफ टॉप रेस्टोरेंट को बंद करने का आदेश रद्द

**रांची।** हाईकोर्ट ने दो रूफ टॉप रेस्टोरेंट को बंद करने और उसे ध्वस्त करने के नगर निगम का आदेश रद्द कर दिया है. जस्टिस गौतम चौधरी की कोर्ट ने बुधवार को बेबीलॉन और द रूफ रेस्टोरेंट की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया. नगर निगम ने 21 फरवरी को दोनों रेस्टोरेंट को नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में रोक लगाने और ध्वस्त करने का निर्देश दिया था.

#### एपीपी की नियुक्ति में उम्र सीमा छूट पर मांगा जवाब

**रांची।** हाईकोर्ट ने एपीपी नियुक्ति में उम्र सीमा में छूट के मामले में सरकार से जवाब मांगा है. जस्टिस दीपक रोशन की कोर्ट ने सरकार को 12 जुलाई तक स्पष्ट करने को कहा कि क्या अभ्यर्थियों को उम्र सीमा में छूट दी जा सकती है. इस संबंध में संदीप महतो ने याचिका दायर की है. कहा गया है कि जेपीएससी ने एपीपी नियुक्ति परीक्षा में अधिकतम उम्र सीमा के लिए वर्ष 2019 को कट ऑफ बनाया है.

हेमंत सोरेन कर रहे सेवा : गुरुजी 19 जून से ही दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में हैं भर्ती

# शिबू की सेहत में हो रहा सुधार, खतरे से बाहर

संवाददाता। रांची

झामुमो के संरक्षक शिबू सोरेन अब खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं. दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती गुरुजी की सेहत में काफी सुधार हुआ है. डॉक्टरों ने उन्हें खतरे से बाहर बताया है.



हालांकि, पूरी तरह स्वस्थ होने और अस्पताल से छुट्टी मिलने में अभी समय लग सकता है. सूत्रों के अनुसार, कुछ दिनों में उनकी एक सर्जरी की जा सकती है. फिलहाल वे डॉक्टरों की निगरानी में हैं. पारिवारिक सदस्यों को छोड़कर किसी को भी उनसे मिलने की अनुमति नहीं है. उल्लेखनीय है कि शिबू सोरेन को 19 जून को ब्रेन स्ट्रोक और किडनी संबंधी समस्याओं के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था.

चिकित्सकों की सतर्कता और उपचार के कारण उनकी स्थिति में सकारात्मक प्रगति देखी जा रही है. उनसे कुशलक्षेम जानने के लिए नेताओं का तांता लगा है. चिकित्सकों का कहना है कि उनकी लगातार देखभाल और निगरानी की जा रही है. झामुमो नेताओं और समर्थकों ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना के लिए लगातार मंदिर, मस्जिद और चर्च में प्रार्थना कर रहे हैं.

### गंगाराम अस्पताल में राहुल गांधी ने लिया गुरुजी का हालचाल

**रांची/नयी दिल्ली।** लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी बुधवार को सर गंगाराम अस्पताल जाकर इलाजरत झामुमो सुप्रीमो सह पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का हालचाल लिया. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की. उनके साथ बातचीत की. इस अवसर पर झामुमो विधायक कल्पना सोरेन भी उपस्थित थी. राहुल गांधी ने हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन से गुरुजी के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली. साथ ही गुरुजी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की.



## गुजरात में नदी पर बना पुल टूटा, कई वाहन गिरे, 9 लोगों की मौत, 8 घायल

कीचड़ से रेस्क्यू टीम की मुश्किलें बढ़ी, पीएम ने जताया शोक

एजेंसियां। वड़ोदरा



मध्य गुजरात को सौराष्ट्र से जोड़ने वाली महिसागर नदी पर बना पुल के अचानक ढहने से कई वाहन नदी में गिरने नौ लोगों की मौत हो गई है. जबकि आठ लोगों को बचा लिया गया. घटना पर पीएम नरेंद्र मोदी ने शोक जताया और मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए और घायलो को 50-50 हजार रुपए का मुआवजा देने का ऐलान किया. मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने भी राज्य सरकार की ओर से भी मृतकों के परिवारों को चार-चार लाख और घायलों को पचास-पचास हजार रुपए का मुआवजा देने की घोषणा की है.

मध्य गुजरात को सौराष्ट्र से जोड़ने वाली महिसागर नदी पर बना पुल लगभग 45 साल पुराना है. बुधवार सुबह यातायात के दौरान दो ट्रक, दो पिकअप और एक रिक्शा महिसागर नदी में गिर गए. पुल के टूटने और कई वाहनों के गिरने से मौके पर हाहाकार मच गया. घटना की जानकारी होने पर मुजपुर समेत आसपास के गांवों के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई. मुजपुर के ग्रामीण बचाव कार्य के लिए जुट गए और नदी में फंसे व बहते कई लोगों को बचाया. इस हादसे में अभी तक नौ लोगों की मौत की पुष्टि हुई है.

# हड़ताल हाजिरी घरों में लटके ताले, नेताओं ने डेरा डाला

## बरोरा : यूनियन नेताओं ने करा दिया काम बंद




**बरोरा।** देशव्यापी हड़ताल का असर बरोरा क्षेत्र के विभिन्न कोलियरी में देखने को मिला. विभिन्न यूनियनों एवं संयुक्त मोर्चा ने हड़ताल को सफल बनाने के लिए चक्का जाम किया और नारेबाजी की. यूनियन प्रतिनिधि इलाके में काम बंद कराते दिखे. इस दौरान केंद्र सरकार के श्रम कानून का विरोध किया. बीसीसीएल क्षेत्र संख्या 1 अंतर्गत शताब्दी वर्कशॉप ,मुराईडीह वर्कशॉप मुराईडीह फीडर ब्रेकर बेनीडीह साइडिंग अहले सुबह से यूनियन प्रतिनिधि एवं नेताओं का जमावड़ा लगा रहा है एवं बन्दी को सफल बनाया. मौके पर एटक के बरोरा क्षेत्रीय अध्यक्ष नर्मदेश्वर पांडेय, सचिव संतोष चंद्र गोराई, बिरंची शर्मा, अर्मेंद्र कुमार, सुमन पांडे, मंगल हेंब्रम, गणेश सिंह, दयाल महतो, राजीव प्रसाद, महतो नवल, किशोर महतो, एचएन गांधी सहित अन्य लोग मौजूद थे.

## झरिया : इंदिरा चौक में नारों के साथ विरोध प्रदर्शन



**झरिया।** मजदूर विरोधी 4 लेबर कोर्ड रद करो, संविधान–लोकतंत्र, देश के संघिये ढांचे, आजीविका पर बढ़ते हमले, बेतहाशा बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी के खिलाफ इस देशव्यापी आम हड़ताल के समर्थन में बुधवार को झरिया वाम मोर्चा संयुक्त रूप से इंदिरा चौक पर विरोध प्रदर्शन किया. वक्ताओं ने कहा कि भाजपा और आरएसएस के द्वारा डबल इंजन की सरकार देश के आम जनता मजदूर, किसान, नौजवान, महिला के घोर विरोधी है. आज जो संयुक्त श्रमिक संगठनों द्वारा आम हड़ताल पूरे देश में सत्त प्रतिशत की जा रही है.इस हड़ताल को हम लोग समर्थन करते हैं और जो हमारी मांगे हैं, अगर सरकार इसे पूरा नहीं करती या इससे पीछे नहीं हटता तो आने वाले समय में इससे बड़ी लड़ाई भी होगी. यह सरकार देश के कॉर्पोरेट घरानों के जेबों को भर रहा है और कई प्रकार के ऐन–केन टैक्सेस लगाकर देश के गरीबों के जेबों को काट रहा है. ऐसी जन विरोधी सरकार के खिलाफ देश के किसान, मजदूर नौजवान को इनके जन विरोधी नीतियों का खुलकर विरोध करना होगा. मौके पर प्रजा पासवान नौशाद अंसारी भगवान दास, नारायण चक्रवर्ती,अनिल बाउरी, युनूस अंसारी,आयसा खातून,मो0 मोफीज,सूनील पासवान, गुड्डू, जियाउर रहमान, भोला माली, हेमंत बावरी, आदि कई साथी उपस्थित थे.

## बीमा कर्मचारी संघ भी हड़ताल में शामिल

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा स्थित भारतीय जीवन बीमा कार्यालय में भी बीमा कर्मचारी संघ ने हड़ताल में भाग लिया. यहां का कामकाज ठप रहा. यूनियन के शाखा सचिव जितेंद्र प्रसाद ने कहा कि सरकार एलआईसी को 100 फीसदी एफडीआई में लाने का फैसले का विरोध करती है. हड़ताल के दौरान हड़ताल में भाग लेने वाले जितेन्द्र प्रसाद शाखा सचिव, रामायण गुप्ता शाखा अध्यक्ष, अरुण चक्रवर्ती, विकास कुमार प्रसाद, नीलेश कुमार, मनीष शर्मा, तन्मय दास, अंजलि प्रिया, रोहित कुमार, सुशील प्रामाणिक, प्रबोध दास, षष्ठी बाउरी, प्रदीप प्रसाद, कल्पतरू भट्टाचार्य, तापस सिन्हा, संजय, काली, रंग लाल, विनय, प्रेम, धीरेन साधु आदि थे.

## रामकनाली में जलाई लेबर कोड की प्रति



**कतरास।** देश व्यापी हड़ताल का रामकनाली सहित कतरास क्षेत्र के कई कोलियरियों में मिला जुला असर रहा. बंद समर्थकों ने रामकनाली में चार लेबर कोड की प्रति जलाकर विरोध जताया. केंद्र सरकार से रद्द करने की मांग की गई. हड़ताल की सफलता को लेकर यूनियन प्रतिनिधियों ने कहा कि आंदोलन को सफल बनाने में मजदूर का अहम योगदान रहा, इसके लिए मजदूर बधाई के पात्र है. वक्ताओं ने कहा कि आगे की लड़ाई के मजदूर वर्ग सजग एवं तैयार रहें क्योंकि केन्द्र की सरकार मजदूरों के हक अधिकार को कुचलने का प्रयास में लगी है . मौके पर सीटू के राज्य सचिव राजेन्द्र प्रसाद राजा, केन्द्रीय सचिव व बीसीकेयू कतरास क्षेत्रीय अध्यक्ष कंचन महतो, आरसीएम एस के केन्द्रीय नेता बिमलेश चौबे सहित अन्य मौजूद थे.

## मोदीडीह में मिलाजुला असर

**तेतुलमारी।** बीसीसीएल के वेस्ट मोदीडीह व तेतुलमारी कोलियरी परियोजना में देशव्यापी हड़ताल का मिला जुला असर रहा. कर्मियों ने प्रथम पाली में अपनी–अपनी हाजिरी बनाई और वापस चले गये. कुछ कर्मी हाजिरी घर के समीप जमा होकर ताश आदि खेलने बैठ गए. हालांकि बारिश के कारण कोयले का उत्पादन व मशीनों का परिचालन कार्य नहीं हुआ. प्रबंधन और धकोकस समर्थक कार्य चालू कराने में जुटे हुए थे. सुबह नौ बजे कार्य सामान्य हो गया. हड़ताल का कोई असर नहीं देखा गया. संयुक्त मोर्चा समर्थक बंदी करते देखे गये. छोटू सिंह, कंचन महतो, राजेन्द्र प्रसाद राजा, बिपीन राय, वाल्मीकि यादव, ब्रह्मदेव साव, यूसूफ अंसारी, मो साजीद, अशोक कनौजिया, जितेन्द्र चौहान, कलिम खान, दिलीप महतो, कुलदीप गोस्वामी, टेकलाल महतो, चंदन महतो आदि बंदी में सक्रिय रहे.

## महुदा क्षेत्र में बंदी का व्यापक असर




**महुदा।** केंद्र सरकार द्वारा लायी गयी नई श्रम कानून के विरोध में देश भर में बंदी का असर महुदा क्षेत्र में भी देखा गया. सभी बैंकिंग सेवा प्रभावित रही. बैंक ऑफ इंडिया, महुदा, भाटडीह, तेलमोचो शाखा, झारखंड ग्रामीण बैंक महुदा मोड़, तेलमोचो कोपरेटिव बैंक, के कर्मचारियों ने भी अपना–अपना काम बंद कर बंदी का समर्थन किया. इसके अलावे सड़कों पर भारी वाहन भी नहीं चले. इस दौरान भाकपा माले के पोलिट ब्योरो सदस्य हलधर महतो ने बयान जारी कर कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ मजदूर, कर्मचारी, किसान, नौजवान, गोलबंदी होकर पूरे कोयला अंचल का चक्का जामकर दिया है. जिसके लिए भाकपा माले की ओर से तमाम मजदूर, किसान, छात्र, नौजवान, को बहुत–बहुत बधाई देते हुए अभिनंदन किया है . इसके अलावे मानस चटर्जी, शेख रहीम, जे के झा, पी एन तिवारी, सहित अन्य ने भारत बन्द को एतिहासिक सफल बताया है.

## दामोदा कोलियरी में जमकर हुई नारेबाजी



**महुदा/दुगदा।** बीसीसीएल के बरोरा प्रक्षेत्र के विभिन्न इकाइयों में भारत बंद का व्यापक असर देखा गया. संयुक्त मोर्चा के नेताओं के आह्वान पर कोयला मजदूर प्रातः काल से ही कार्य स्थल पर ना के बराबर पहुंचे. दामोदा कोलियरी पीट और हाजिरी घर पर सीआईएसएफ के जवान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सक्रिय दिखे. बीसीसीएल बरोरा प्रक्षेत्र के दामोदा कोलियरी के घुटावे स्थित हाजरी घर पर संयुक्त मोर्चा के नेता सुबह से ही हड़ताल को सफल बनाने को लेकर मुस्तैद रहे. सीआईएसएफ की एक यूनिट इंस्पेक्टर बीके शर्मा के नेतृत्व में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सक्रिय रही. संयुक्त मोर्चा के नेताओं ने भारत बंद के समर्थन में जोरदार नारे लगाए तथा हाजिरी घर पर उपस्थित मजदूरों से कार्यस्थल पर न जाने का आह्वान भी किया. संयुक्त मोर्चा द्वारा आयोजित भारत बंद को सफल बनाने में बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के शाखा सचिव अनिल बाउरी, एच एन प्रसाद गांधी,यूनाइटेड कॉल वर्कर्स यूनियन के शाखा सचिव मटुकधारी गोराई इंटक नेता भोला चौहान, खेमलाल महतो, जगमोहन महतो, बिरसा महतो, आरसीएमएस के राजेंद्र प्रसाद साहू सीपीआई एमएल के अंगेश कुमार सिंह, नौशाद अंसारी सीपीएम के सतनारायण महतो, हरि महतो, बोधी महतो, तिलेश्वर महतो, खेमलाल महतो ,जगमोहन महतो समेत कई नेता सक्रिय देखे गए.

## पीबी कुसुंडा और वेस्टर्न झरिया एरिया में असरदार



**पुटकी।** पीबी कुसुंडा व वेस्टर्न झरिया एरिया मुनिडीह में हड़ताल का व्यापक असर रहा .आउटसोर्सिंग ओपन कास्ट की ट्रांसपोर्टिंग ठप रही .अधिकांश एरिया ऑफिस कोलियरी में श्रमिकों ने हाजरी बनाई . पीबी एरिया के गोपालीचक में संचालित दो आउटसोर्सिंग कम्पनियों के खिलाफ मजदूरों ने प्रदर्शन किया. यूनियन के निरंजन महतो, अमरेन्द्र चौधरी, सुरेश तांती,रघुनाथ प्रसाद, जितेंद्र सिंह,कृष्णा सिंह, तेजबहादुर सिंह ने प्रदर्शन करते हुए ट्रांसपोर्टिंग के रास्ते को बन्द कर दिया. मुनिडीह में भी मिलाजुला असर रहा. यहां पावर प्रदर्शन हुआ .हड़ताल के समर्थन में कुसुंडा एरिया संयुक्त मोर्चा में शामिल बीसीकेयू, जमसं,एटक,झाकोमयू,कोयला इस्पात पंचायत समर्थकों ने प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र की कोयला ट्रांसपोर्टिंग को चार घंटे तक ठप रखी. भाकपा माले समर्थकों ने केंदुआ में जुलूस निकाला व सड़क जाम किया. बीसीकेयू के केंद्रीय सचिव हरि प्रसाद पप्पू ने केंद्र सरकार की श्रमिक विरोधी नीति के खिला हड़ताल को पूरी तरह सफल बताया .इधर कुसुंडा एरिया के जीएम प्रणब दास ने कहा कि एरिया में श्रमिकों की उपस्थिति सामान्य दिनों के 360 के विरुद्ध 329 रही. हालांकि विभिन्न कारणों से ट्रांसपोर्टिंग व उत्पादन पर असर पड़ा. आंदोलन में छोटू राम, रविन्द्र सिंह, भूषण महतो, विवेक कुमार, नन्दलाल महतो,पार्थो दत्ता, अजय रवानी, राजेन्द्र सिंह, योगेश्वर महतो, उमा चौहान, इम्तियाज आलम, संजय विश्वकर्मा आदि सक्रिय थे.

## पूर्वी झरिया क्षेत्र में मिला जुला असर



**झरिया।** हड़ताल का पूर्वी झरिया क्षेत्र में मिला जुला असर रहा. भारी बारिश के कारण भौरा 4 पैच आउटसोर्सिंग परियोजना में करीब दो हजार टन कोयला उत्पादन प्रभावित हुआ. यहां कोल डिस्पैच पूरी तरह से ठप रहा. संयुक्त मोर्चा के समर्थकों ने सुबह से ही सभी कोलियरी यूनिटों में घूम–घूम कर हाजिरी रोकने का प्रयास किया. भौंरा पावर हाउस में मोर्चा समर्थकों ने हाजिरी घर में टाला जड़ दिया लेकिन राकोमसंघ (काली चरण) गुट के समर्थकों द्वारा ताला तोड़कर मजदूरों ने अपनी–अपनी हाजिरी बनाई. यहां प्रथम पाली में 70 फीसदी हाजिरी दर्ज की गयी. वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में भी इसी तरह का नजारा देखा गया. क्षेत्रीय कार्यालय, कोलियरी कार्यालय, सेंट्रल पोल,29/30 वर्कशॉप साउथ कारखाना, 12/10 ,23/8 खदान में मोर्चा समर्थकों ने हाजिरी रोकने का प्रयास किया लेकिन पूरी तरह सफल नहीं हुआ. भौंरा कांटा घर पर मोर्चा के नेताओं ने प्रदर्शन कर केंद्र सरकार व प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. फोर पैच में भी मोर्चा के लोग काम बंद कराने पहुंचे लेकिन सुबह 10 बजे भारी बारिश होने के कारण एहतियातन प्रबंधन ने काम बंद कर दिया. बन्द कराने में एसके शाही,रंजय कुमार,मोतीलाल हेम्ब्रम,उदय प्रसाद साहू,रंजीत यादव,प्रदीप भट्टाचार्य, प्रमोद तिवारी,निरंजन कालिंदी,नारायण बाउरी आदि शामिल थे.

## बरमुड़ी प्रोजेक्ट और कुमारधुबी भाग्य लखी कोलियरी बंद

**निरसा।** देशव्यापी आम हड़ताल बरमुडी प्रोजेक्ट व कुमारधुबी भाग्य लखी कोलियरी एवं दोनों कार्यालय पूर्ण रुप से बंद रहा. माले नेता नागेन्द्र कुमार व बीसीकेयू के मुगमा एरिया सचिव रामजी यादव ने कहा कि हड़ताल के पक्ष में ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मोर्चे के नेताओं कार्यकर्ताओं व मजदूरों की चट्टानी एकता ने केंद्र के भाजपा–आरएसएस सरकार को सम्पूर्ण हड़ताल के माध्यम से बताने का काम किया है. इस दौरान शुभम विश्वकर्मा,विजेन्द्र शर्मा,रामानंद राजभर,तरूण राय,कालीचरण,ओमप्रकाश,अजय राम,शत्रुघ्न पासवान,कुमार साहब,दिलीप सिंह,टिन्कू राम,विनोद यादव,सुनील कुमार,अरविन्द कुमार,गोविंद पाण्डेय,बबलू भक्ती सक्रिय रहे.

## ब्रीफ खबरें

### एसडीएल ऑपरेटर की ट्रेन से कटकर मौत

**पुटकी।** करकेंद रेलवे स्टेशन के करीब गोमो खड़गपुर एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर 55 वर्षीय बीसीसीएल कर्मी सूचन तांती की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी. दुर्घटना के बाद ट्रेन कच्छी बलिहारी हाइड्रोमाईनिंग कोलियरी के सामने करीब 10 मिनट तक खड़ी रही. सूचन तांती साउथ बलिहारी कोलियरी में एसडीएल ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे और केंदुआडीह खैरा बाबूबासा में रहते थे. प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार सुबह करीब साढ़े सात बजे गोमो आद्रा रेल लाइन के किनारे चल रहे थे. गोमो से आ रही खड़गपुर पैसेंजर ट्रेन के निकट आते ही वे ट्रैक के सामने कूद गए. सिर में गम्भीर चोट लगी थी. पुटकी पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया.

### करंट से गाय की मौत

**टुंडी।** दक्षिणी टुंडी के गोसाडीह गांव में बिजली के करंट की चपेट में आने से शिक्षक इदरीश अंसारी की गाय की मौत हो गई. झामुमो पंचायत अध्यक्ष इंतियाज अंसारी ने बताया कि गांव में ठेकेदार द्वारा केबल तार बिछाने का काम शुरू किया गया था, जिसे लापरवाहीपूर्वक अधूरा छोड़ दिया गया. उसी के कारण तार टूटकर गिर गया, जिससे गाय उसकी चपेट में आ गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई. उन्होंने ठेकेदार पर घोर लापरवाही का आरोप लगाया है.

### एसटीजी आउटसोर्सिंग में डीजल की लूट

**पुटकी।** पुटकी 17 नंबर के संचालित आउटसोर्सिंग कम्पनी एसटीजी में सशस्त्र अपराधियों ने हमलाकर करीब 300 लीटर डीजल लूट लिया.आधी रात को करीब 10 से 15 की संख्या में नकाबपोश अपराधी आउटसोर्सिंग कैम्पस में घुसे व शस्त्र का भय दिखाते हुए कर्मियों पर पथराव कर भयभीत कर दिया.अपराधियों ने कर्मियों को एक कंटेनर कार्यालय में जबरन बिठा दिया. इसके बाद चार डंपर से तीन सौ लीटर डीजल लूट लिया. अपराधियों ने करीब एक घण्टे तक खनन प्रक्षेत्र में हंगामा मचाया. आउटसोर्सिंग कम्पनी के प्रबंधक हरिहर चौहान ने पुटकी थाना में लिखित शिकायत की है.

## टेम्पो पलटने से टुंडी में मौत, गांव में छाया मातम

### समर राय झिनाकी गांव का था रहने वाला

शुभम संदेश। टुंडी

टुंडी-मनियाडीह-झिनाकी पथ पर झिनाकी मोड़ के पास एक टेम्पो अनियंत्रित होकर पलट गया. जिससे उसमें सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई. मृतक की पहचान झिनाकी गांव निवासी समर राय (49 वर्ष) के रूप में हुई है. घटना के बाद गांव में शोक की लहर फैल गई है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, समर राय टुंडी से अपने निजी कार्य निपटाकर टेम्पो से अपने पैतृक गांव झिनाकी लौट रहे थे. शुरुआत में वाहन में कई अन्य लोग भी सवार थे, लेकिन रास्ते में एक दुकान के पास वे सभी सामान लेने के लिए उतर गए. इसके बाद ऑटो ने गति पकड़ी और झिनाकी मोड़ के पास जैसे ही एक ठोकर (गड्ढे या उभार) से टकराया, वाहन असंतुलित होकर उछल गया और पलट गया. हादसे में समर राय छाती के बल ऑटो के नीचे दब गए. स्थानीय ग्रामीणों ने आवाज सुनकर मौके पर पहुंचकर घायल समर राय को बाहर निकाला और तत्क्षण इलाज के लिए धनबाद एसएनएमएमसीएच ले जाया गया. जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. समर राय की मौत के बाद उनके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है. उनके परिवार में पत्नी, एक बेटा और एक बेटी हैं. दुर्घटना के समय टेम्पो को पास के बिनोद कुमार नामक चालक चला रहा था.घटना की जानकारी मिलते ही मनियाडीह पुलिस मौके पर पहुंची और जांच प्रारंभ कर दी. गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय और टुंडी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता विक्रम पांडेय ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है. आश्वासन दिया कि वे शीघ्र ही पीड़ित परिवार से मिलकर सरकारी मुआवजा दिलाने का हरसंभव प्रयास करेंगे.

## ईसीएल मुगमा : कोलियरियों में पसरा रहा सन्नाटा

शुभम संदेश। निरसा बाजार




ईसीएल मुगमा क्षेत्र के विभिन्न कोलियरियों में राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर मजदूरों ने चट्टानी एकता के साथ कोलियरियों में उत्पादन ठप्प कर दिया, यहां की कोलियारियों में सन्नाटा पसरा रहा. हड़ताल के समर्थन में उतरे निरसा विधायक अरुप चटर्जी ने कहा कि मुगमा एरिया में बंदी रही. खुदिया में लगभग 99 मजदूर हाजरी बनाई. मुगमा क्षेत्र के लखिमाता कोलियरी,खुदिया कोलियरी, श्यामपुर बी कोलियरी निरसा राजा कोलियरी, प्रोजेक्ट गोपीनाथपुर कोलियरी प्रोजेक्ट, सेंट्रल पुल रेलवे साइडिंग के साथ-साथ कोलियरी कार्यालय पूर्ण रूप से बंद रहा. हालांकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटना की सूचना नहीं है. बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के नेता कोल माइंस वर्कर यूनियन झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन, राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के नेताओं ने रिजनल वर्कशॉप को भी पूर्ण रूप से बंद कर रखा. बंद कराने के दौराने के दौरान कृष्ण सिंह, रामजी यादव, जगदीश शर्मा, शशि तिवारी ने कहा कि हड़ताल के पक्ष में ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मोर्चा के नेताओं कार्यकर्ताओं और मजदूरों की चट्टानी एकता ने केंद्र के भाजपा, आरएसएस सरकार को संपूर्ण हड़ताल के माध्यम से बता दिया कि मजदूर और जन विरोध नहीं स्वीकार्य है. इस बंदी में नागेंद्र कुमार, मनोरंजन मलिक, अपु कुमार सिंह, सनोज कुमार, विपिन मंडल, संजीत रावत, प्रदीप सिंह, राजेश सिन्हा, देवेंद्र मिश्रा, हरेंद्र शर्मा, हरेंद्र सिंह, सुरेश श्रीवास्तव, राहुल झाल, संतोष कुमार बापी गोप, श्री राम चौहान, शंकर महतो, मनोज कुमार लाल सक्रिय रहे.

## न्यूज अपडेट

### महुदा में बंद क्वार्टर से डेढ़ लाख रुपये की चोरी

**महुदा।** महुदा थाना क्षेत्र के हाथुडीह वाशरी कॉलोनी में एक बंद क्वार्टर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने करीब डेढ़ लाख रुपये की नकद राशि चुरा ली. घटना को लेकर पीड़ित हारू मोदक ने महुदा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है. शिकायत में हारू मोदक ने बताया कि उनका चाय-नाश्ते का दुकान भुरूंगिया चौक में है. मंगलवार की रात करीब 2:30 बजे जब वे दुकान बंद कर अपने क्वार्टर हाथुडीह वाशरी कॉलोनी पहुंचे, तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है. जब वे अंदर गए, तो अलमीरा खुला हुआ मिला. जांच करने पर पता चला कि अलमीरा में रखे एक लाख बीस हजार रुपये नकद और गुल्लक में रखा तीस हजार रुपये गायब थे. घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने काफी खोजबीन की, लेकिन नकदी नहीं मिली. हारू मोदक ने महुदा पुलिस से आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर चोरों का सुराग लगाने और कड़ी कार्रवाई की मांग की है. इस संबंध में महुदा थाना प्रभारी देवानंद प्रसाद ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है और मामले की जांच की जा रही है. जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी.

### सूरज महतो बने झामुयुमो के जिलाध्यक्ष



**कतरास।** सूरज महतो को झारखंड मुक्ति युवा मोर्चा धनबाद जिलाध्यक्ष मनोनीत किए जाने के बाद से पार्टी समर्थकों, कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है. बुधवार को कतरास स्थित कांको कार्यालय में दर्जनों युवा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने गुलदस्ता भेंट किया. मिठाई खिलाकर सूरज महतो का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं. इस अवसर पर उपस्थित युवाओं ने कहा कि सूरज महतो जैसे जमीनी नेता को झामुमो युवा मोर्चा की कमान मिलना पूरे जिले के युवाओं के लिए गर्व का विषय है. उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा युवाओं को दिशा मिलेगी. सूरज महतो ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह पद सिर्फ जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जिले के युवाओं की उम्मीदों का प्रतीक है. पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, दिशोम गुरु शिबू सोरेन, प्रदेश महासचिव विनोद पांडेय और वरिष्ठ साथियों का आभार प्रकट किया. पंचायत स्तर तक पार्टी को सशक्त बनाना और युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना प्राथमिकता होगी. संगठन विस्तार और पार्टी की नीति और योजनाएं पहुंचाने का कार्य किया जाएगा.

### भूली डिनोबली में सड़क सुरक्षा सेमिनार



**तेतुलमारी।** बड़की बौआ स्थित डिनोबली स्कूल भूली में स्कूल प्रबंधन द्वारा सड़क सुरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया. जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार सिंह शामिल हुए. अधिकारी ने छात्रों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी. कहा कि आम लोगों को सड़क सुरक्षा की अच्छी जानकारी होनी चाहिए. गाड़ी चलाने के साथ सड़क पर होनी वाली दुर्घटनाओं में कैसे त्वरित सहायता पहुंचाया जाए, इसकी भी जानकारी लोगों को होनी चाहिए. अगर कहीं दुर्घटना हुई तो पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दें. घायल को अस्पताल पहुंचाएं. अगर आप घायल को अस्पताल पहुंचाते हैं तो आपकी पहचान के लिए कोई आप पर दबाव नहीं दे सकता. मानवीय आधार के साथ नियमों की जानकारी जरूरी है.

## दिव्यांग बच्चों ने 'सितारे ज़मीं पर' देखकर सीखी जिंदगी की नई राहें

### झरिया रिसोर्स सेंटर, जीवन संस्थान ने दिव्यांग बच्चों को देशबंधु सिनेमा हॉल में दिखायी फिल्म

शुभम संदेश। झरिया

झारखंड शिक्षा परियोजना के अंतर्गत संचालित झरिया रिसोर्स सेंटर एवं जीवन संस्थान के दिव्यांग बच्चों को बुधवार को एक विशेष सामुदायिक भ्रमण के तहत देशबंधु सिनेमा ले जाया गया, जहां उन्होंने 'सितारे ज़मीं पर' फिल्म का निःशुल्क आनंद उठाया. यह फिल्म मानसिक रूप से विशेष बच्चों के जीवन, संघर्ष और छिपी हुई प्रतिभा पर आधारित है.

इस अवसर पर बच्चों को सिनेमा हॉल के काउंटर से टिकट खरीदने का तरीका भी सिखाया गया. उन्होंने पैसे का लेन-देन कैसे किया जाता है, यह व्यावहारिक रूप से समझा. इस तरह की गतिविधियों से बच्चों को न केवल आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा मिली, बल्कि उनके अभिभावकों ने भी इस अनुभव से जागरूकता हासिल की.



**फिल्म से मिली प्रेरणा और सीख :** रिसोर्स सेंटर के फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. मनोज सिंह और रिसोर्स टीचर अखलाक अहमद ने बताया कि हर बच्चे में कुछ खास होता है, चाहे वह किसी भी प्रकार की दिव्यांगता से ग्रसित क्यों न हो. ऑटिज्म और डाउन सिंड्रोम जैसी विशेष आवश्यकताओं से जूझ रहे बच्चों के जीवन को फिल्म ने जिस संवेदनशीलता से दर्शाया, उसने न सिर्फ बच्चों को, बल्कि उनके साथ मौजूद अभिभावकों और शिक्षकों को भी गहराई से प्रभावित किया. इस प्रकार की गतिविधियों से बच्चों में सामाजिक व्यवहार, आत्मविश्वास और स्वतंत्रता की भावना विकसित होती है. बताया कि रिसोर्स सेंटर की ओर से समय-समय पर सभी दिव्यांग बच्चों को सामुदायिक भ्रमण पर ले जाया जाता है. इनमें रेलवे स्टेशन, बैंक, पोस्ट ऑफिस, थाना, बाजार और सिनेमा हॉल जैसे स्थान शामिल होते हैं, ताकि बच्चे वास्तविक जीवन की परिस्थितियों से परिचित हो सकें.

इस विशेष आयोजन में पम्मी कुमारी, सुश्री, अर्पिता, रानी, अमन, सुमन, बिट्टू, सन्नी, रेहान सहित कई बच्चों ने भाग लिया और उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में शामिल होकर बहुत कुछ सीखा.

### झामुमो के अजीमुद्दीन अंसारी को बधाइयों का तांता

**टुंडी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला संगठन द्वारा टुंडी प्रखंड कदैया पंचायत मुखिया अजीमुद्दीन अंसारी को धनबाद जिला झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर टुंडी प्रखंड में झामुमो कार्यकर्ताओं ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी हैं. बधाई देते वाले में से टुंडी प्रखंड झामुमो अध्यक्ष फुलचंद किस्कू, विधायक निजी सचिव बसंत महतो,छुटु अंसारी, शहादत अंसारी जलील अंसारी, शहजाद अंसारी, संतुलाल किस्कू, इंद्रलाल बास्की, शमशेर अंसारी, अनवर अंसारी, बबलू सिंह, खुदीराम पंडित, श्रवण टुडू,श्रवण बेसरा, सुरेन्द्र सोरेन, धनेश्वर कुमार ,आदि ने खुशी जताते हुए बधाई दी है. इधर मनोनीत किए जाने पर जिलाध्यक्ष अजीमुद्दीन अंसारी टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो के आवास पहुंचे. विधायक ने गुलदस्ता देकर नई पारी की शुरुआत की शुभकामनाएं दी व संगठन के सभी वर्गों को सम्मान के साथ लेकर चलने को कहा.




यह नजारा शिमला, कुल्लू या मनाली की हसीन वादियों का नहीं है, बल्कि अपने धनबाद के गोधर का है. यहां से निकलने वाले धुएं भले ही दूर से देखने में सुंदर लग रहे हों लेकिन असल में ये खतरनाक गैस हैं. जो बारिश के बाद धरती का सीना चीर कर बाहर आ रहे हैं. बारिश के बाद न सिर्फ गोधर बल्कि पूरे अग्नि प्रभावित क्षेत्रों का नजारा ऐसा ही होता है. जानलेवा गैस और भू-धंसान का खतरा साथ में बना रहता है.

## ब्रीफ खबरें

### सदर अस्पताल : आज मेडिसिन में रहेंगे डॉ मंगेश

**धनबाद।** उपायुक्त आदित्य रंजन के निर्देश पर गुरुवार को सदर अस्पताल में मौजूद रहने वाले चिकित्सकों की सूची जारी की गई है। गुरुवार को सदर अस्पताल के मेडिसिन में डॉ मंगेश कुमार और डॉ एपिल टोपनो रहेंगे। जबकि हड्डी रोग में डॉ हरेंद्र कुमार, सर्जरी में डॉ प्रभात कुमार, नेत्र में डॉ गोलू पीनाज, दंत रोग में डॉ स्नेहा केसरी, शिशु रोग में डॉ उमेंद्र कुमार तथा स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में डॉ अपूर्वा दत्ता रहेंगे। वहीं गायनी इमर्जेंसी में सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक डॉ सुरभि, दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक डॉ संध्या तिवारी तथा रात 8 बजे से शुक्रवार सुबह 8 बजे तक डॉ रूमा प्रसाद रहेंगे।

### नए रैक संरचना के साथ 6 ट्रेनों का परिचालन

**धनबाद।** यात्रियों की सुविधा और सुगम आवागमन को ध्यान में रखते हुए रेलवे द्वारा छह ट्रेनों का परिचालन अब 02 आईसीएफ रेक और 03 एलएचबी रेक के साथ किया जाएगा. इन ट्रेनों में वातानुकूलित द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी, शयनयान, और साधारण श्रेणी के कोच शामिल होंगे. 13331 धनबाद-पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस – 10 जुलाई 2025 से, 13332 पटना-धनबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस – 14 जुलाई 2025 से, 13350 पटना-सिंगरौली एक्सप्रेस – 10 जुलाई 2025 से, 13349 सिंगरौली-पटना एक्सप्रेस – 11 जुलाई 2025 से, 13348 पटना-बरकाकाना पलामू एक्सप्रेस – 12 जुलाई 2025 से, 13347 बरकाकाना-पटना पलामू एक्सप्रेस – 13 जुलाई 2025 से लागु होगी. इस नई व्यवस्था से यात्रियों को अधिक आरामदायक और सुविधाजनक यात्रा का अनुभव मिलेगा.

### बाइकर्स ने महिला के गले से छीन लिया सोने का चेन

**धनबाद।** धनबाद में इन दिनों अपराधियों का मनोबल काफी बढ़ा हुआ है. बुधवार को धनबाद थाना क्षेत्र के धैया से सामने आया. जहां बाइक सवार अपराधियों ने दिनदहाड़े घर के सामने खड़ी महिला के गले से सोने का चेन छीनकर फरार हो गए. दिन के उजाले में शाम के 4 बजे हुई इस घटना से लोग स्तब्ध हैं. मामले को लेकर बताया जाता है कि शाम को लगभग 4 बजे धैया निवासी ललिता देवी अपने घर के बाहर किसी कार्य से गई थी. इसी दौरान बाइक सवार अपराधियों ने छिनतई की घटना को अंजाम दिया और महिला के गले से सोने का चेन छीन कर आराम से फरार हो गए. मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है. सूचना मिलते ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

# कोलियरी क्षेत्रों में बंद रहा असरदार

**बीसीसीएल, आउट सोर्सिंग कंपनियों के उत्पादन और ट्रांस्पोर्टिंग प्रभावित**

**श्रमिक संगठनों ने जुलूस निकालकर जताया विरोध, जमकर लगे सरकार के विरोध में नारे**

**बैंक, बीमा कर्मी, रसोइया संघ, बिजली कामगार यूनियन, सेल्स प्रतिनिधियों का भी मिला साथ**

शुभम संदेश। टीम धनबाद



संबंधित खबर पेज - 4 पर भी देखें

चार श्रम कानून के खिलाफ में देश भर में आहुत हड़ताल का असर धनबाद कोयलांचल में भी देखने को मिला. धनबाद के कोलियरी क्षेत्र में बंद समर्थक सक्रिय रहे. हड़ताल को विभिन्न श्रमिक संगठनों के साथ-साथ ईसीआरकेयू, बीमा कर्मचारी संघ, बैंक कर्मी संघ समेत कई अन्य संगठनों का भी साथ मिला. इस दौरान कोयलांचल के बीसीसीएल, ईसीएल और आउट सोर्सिंग कंपनियों में उत्पादन और ट्रांस्पोर्टिंग का कार्य प्रभावित रहा. शहर के रणधीर वर्मा चौक पर कई संगठनों में जुलूस और सभा कर सरकार का विरोध जताया. कोलियरी क्षेत्रों में हाजिरी घरों में सुबह से ही बंद समर्थक नेताओं ने डेरा डंडा डाल दिया था. कई जगहों पर बंद समर्थक नेताओं ने हाजिरी घरों को बंद कराया. हालांकि कई कोलियरी में हाजिरी भी बनाई गई. पूरे जिले में यातायात पर कोई असर नहीं रहा. सामान्य दिनों की तरह आवागमन होता रहा. बंद समर्थकों ने हड़ताल को कामयाब बताया है.

रणधीर वर्मा चौक पर संयुक्त मोर्चा ने जुलूस निकाल कर विरोध जताया. झारखंड राज्य बिजली कामगार यूनियन ने भी शहर में झंडे-बैनर के साथ जुलूस निकालकर विरोध स्वरूप प्रदर्शन किया. झारखंड राज्य विद्यालय रसोइया संघ ने भी भारत बंद का समर्थन करते रणधीर वर्मा चौक पर धरना प्रदर्शन किया. बिहार झारखंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव यूनियन ने भी विरोध प्रदर्शन किया. इसके अलावा शहर के अन्य क्षेत्रों में विरोध जताते हुए जुलूस निकाले गए और सरकार के विरोध में नारेबाजी की गई.

## हड़ताल में बीएमएस नहीं शामिल

**दो लेबर कोड मजदूरों के हित में हैं : रेड्डी**

**धनबाद ।** भारतीय मजदूर संघ इस राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल न होने का फैसले पर कायम रहा. भामसंघ के कोल उद्योग प्रभारी सह स्थायी सुरक्षा समिति सदस्य के लक्ष्मा रेड्डी ने मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान ही ये बात कह दी थी. कहा था कि बीएमएस ने कोड ऑन वेजेस 2019 और कोड ऑन सोशल सिक्योरिटी 2020 का स्वागत किया है, क्योंकि ये कोड न्यूनतम वेतन निर्धारण, 8 घंटे काम करने वाले सभी मजदूरों के लिए वेतन अधिकार और प्लेटफॉर्म कर्मियों के लिए सामाजिक सुरक्षा जैसे ऐतिहासिक प्रावधान लाते हैं. साथ ही, ईएसआईसी अस्पतालों में श्रमिकों का इलाज सुनिश्चित करने की व्यवस्था भी सराहनीय है. हालांकि, बीएमएस ने इंडस्ट्रियल रिलेशन कोड 2020 और ऑक्यूपेशनल सेफ्टी हेल्थ एंड वर्किंग कंडीशन कोड 2020 में संशोधन की मांग की है, सुझाव दिया है कि सरकार सभी हितधारकों के साथ गहन चर्चा करे. बीएमएस का मानना है कि यह हड़ताल राजनीति से प्रेरित है और इसका समर्थन नहीं करता. संघ ने अपनी यूनियनों से हड़ताल में भाग न लेने और सरकार से शेष दो कोड में जल्द संशोधन की अपील की है.

**बीएमएस करेगा जन आंदोलन :** के लक्ष्मा रेड्डी ने कहा कि कोल इंडिया स्थाई कर्मचारियों पर ध्यान नहीं दे रहा है. इसके लिए संघ की ओर से रणनीति बनाई जाएगी. रेड्डी ने कहा कि संघ द्वारा मजदूर आंदोलन को जन आंदोलन बनाकर आउटसोर्सिंग का विरोध किया जाएगा. कोल इंडिया पर दबाव बनाएंगे कि उत्खनन के लिए पचास फीसदी से ज्यादा कार्य आउटसोर्सिंग को न दिया जाए. इसके लिए पंचायत स्तर से लेकर जिला स्तर तक जागरुकता अभियान चलाया जाएगा. जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लेंगे. सभी को साथ लेकर आउटसोर्सिंग के खिलाफ जन आंदोलन करेंगे. कहा कि देश में होने वाले उत्पादन का 75 फीसदी हिस्सा कोल इंडिया द्वारा किया जाता है. अब कोल इंडिया अपने ज्यादा ब्लॉक को आउटसोर्सिंग के हवाले कर रहा है. आउटसोर्सिंग में न ही मजदूरों के हित की रक्षा होती है और न ही सुरक्षा का ही ध्यान रखा जाता है. आज कोल इंडिया के अंतर्गत संस्थानों में करोड़ों की मशीन खराब पड़ी है. लेकिन कोल इंडिया उसे बनवाने की जहमत नहीं उठा रहा है. कोल इंडिया जिस रस्ते पर चल रही है. उसमें आने वाले दिनों में कोल इंडिया सिर्फ एक एजेंसी बन कर रह जाएगी. कोल कर्मी की संख्या पिछले कुछ सालों में छह लाख से घटकर मात्र दो लाख रह गई है. नए कर्मियों की बहाली के लिए भी कोल इंडिया से वार्ता होगी. प्रेस वार्ता में संजय चौधरी, माधव सिंह, के के सिंह, उमेश कुमार सिंह और मुरारी तांती मौजूद थे.

**साइबर अपराधियों ने किया ठगी का प्रयास**

# डीसी-एसएसपी का फर्जी सोशल अकाउंट







शुभम संदेश। धनबाद

उपायुक्त आदित्य रंजन और एसएसपी प्रभात कुमार के नाम एवं प्रोफाइल फोटो का दुरुपयोग करते हुए साइबर अपराधियों ने फर्जी वॉट्सएप और फेसबुक अकाउंट बनाया है. इसके माध्यम से साइबर ठग प्रशासनिक पदाधिकारी सहित अन्य लोगों को मैसेज कर ठगी करने का प्रयास कर रहा है. एसएसपी के फर्जी फेसबुक अकाउंट से धनबाद के संजय सिन्हा को मैसेज भेजा गया. मैसेज में कहा गया कि उनका एक दोस्त है, जो सीआरपीएफ में अधिकारी है, स्थानांतरण के कारण उसके घरेलू सामान जो बेहतर कंडीशन में है और सस्ते में बेच रहा है. यदि उन्हें खरीदना है तो वे खरीद सकते हैं. संजय सिन्हा ने पकड़ लिया कि मामला ठगी का है. ठीक इसी तरह उपायुक्त ने भी आमजनों को सतर्क रहने और ऐसे ठग के किसी भी झांसे में नहीं आने की अपील की है. उन्होंने कहा है कि यदि किसी अनाधिकृत फोन नंबर या सोशल मीडिया अकाउंट से पैसों की मांग की जाती है या किसी प्रकार का प्रलोभन, लिंक भेजा जाता है, तो उसे तुरंत ब्लॉक कर संबंधित सोशल मीडिया में रिपोर्ट करें. साथ ही किसी भी संदिग्ध मैसेज या लिंक को क्लिक करने से बचें. अधिकारियों के बने फर्जी अकाउंट को लेकर साइबर पुलिस छानबीन में जुट गई है.

# काम से हटाया तो चानक पर चढ़ गया ठीका मजदूर

शुभम संदेश। झरिया

- घंटों चला हाई वोल्टेज ड्रामा, काम देने के आश्वासन के बाद माना

सेल जीतपुर कोलियरी में कार्यरत ठेका मजदूर बिरजू कुमार गुप्ता को काम से हटाए जाने के विरोध में बुधवार को कोलियरी के बंद चानक के ऊपर चढ़ गया. वहां से कूदकर अपनी जान देने की धमकी देते हुए घंटों हाई वोल्टेज ड्रामा किया. काफी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जुट गए. लोगों ने काफी समझा-बुझाकर उसे चानक से नीचे उतारने का प्रयास किया लेकिन बिरजू अपनी मांग पर अड़ा रहा. बिरजू ने कहा जब तक हमें अपने काम पर वापस नहीं लिया जाएगा तब तक नीचे नहीं उतरूंगा, कूद कर जान दे दूंगा. भूखे मरने से अच्छा है मौत को गले लगाना. मामले की जानकारी मिलते ही सेल कोलियरी के अधिकारी एवं ठिकेदार के हाथ-पांव फूलने लगे. सेल अधिकारियों एवं ठिकेदार के घंटों समझाने एवं पुनः काम पर रखे जाने का आश्वासन मिलने के बाद बिरजू चानक से नीचे उतरा.

# बिजली चोरी मामले में 21 पर एफआईआर

शुभम संदेश। धनबाद

महाप्रबंधक अशोक कुमार सिन्हा के निर्देश पर बिजली विभाग द्वारा बुधवार को बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाया गया. बिजली चोरी मामले में विभाग ने धनबाद सर्किल में 21 लोगों पर एफआईआर दर्ज कराया है. विभाग ने धनबाद सर्किल में कुल 257 जगहों में रेड किया है जिसमें 3 लाख 87 हजार रुपये फाइन किया गया है. बता दें कि धनबाद डिवीजन में 64 जगहों पर हुई छापेमारी में 6 लोगों पर एफआईआर दर्ज कराया गया है. इसके साथ ही 1 लाख 53 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है. गोविंदपुर में 5 जगहों पर छापेमारी कर 1 पर एफआईआर दर्ज कराया गया है.

### साइंस टॉपर अंकिता को सांसद ने किया सम्मानित

**गोविंदपुर।** टुंडी रोड स्थित अपने आवास पर झारखंड में इंटरमीडिएट साइंस परीक्षा में टॉप करने वाली अंकिता दत्ता को बुधवार शाम सांसद दुलू महतो ने सम्मानित किया. उन्होंने अंकिता की सफलता की सराहना करते हुए कहा कि उसकी आगे की पढ़ाई में हर संभव सहायता दी जाएगी और आर्थिक तंगी को बाधा नहीं बनने दिया जाएगा.

# गोविंदपुर के मटियाला में डायरिया से बच्ची की मौत

**खास बातें**
- एक दर्जन से अधिक पीड़ितों का चल रहा इलाज
- कुएं के पानी को उबाल कर पीने की सलाह

शुभम संदेश। गोविंदपुर


गोविंदपुर प्रखंड के मटियाला पंचायत अंतर्गत मोहनपुर गांव में डायरिया का प्रकोप फैल गया है. इस गांव के रहने वाले इरशाद अंसारी की 9 साल की पुत्री आरफा खातून की मृत्यु इलाज के दौरान शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बुधवार को हो गई. वह पिछले कई दिनों से डायरिया से आक्रांत थी. इस गांव के सिद्दीक अंसारी, कयामुद्दीन अंसारी, नूरुद्दीन अंसारी, समीरन बीवी, अखलाक अंसारी, राजू अंसारी, शब्बीर अंसारी, जमीला खातून, मरियम बीवी, मखरुद्दीन अंसारी, टीपू सुल्तान आदि डायरिया से पीड़ित है. झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता अत्ताउल्लाह अंसारी की सूचना पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोविंदपुर के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विशेश्वर कुमार पूरी टीम के साथ मोहनपुर गए और डायरिया पीड़ित लोगों की चिकित्सा की. उन्होंने गांव के सभी कुआं में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया. ग्रामीणों के बीच ओआरएस के पैकेट बांटे गए, डॉ कुमार ने कहा कि ग्रामीण कुएं का पानी पी रहे हैं, बीमारी का एक कारण यह भी है. उन्होंने सभी ग्रामीण चापाकल के जल का उपयोग करने या कुआं के जल का उपयोग उबालकर करने की अपील की. उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोविंदपुर की टीम इस गांव की निगरानी रखेगी. सभी को बेहतर चिकित्सा सुविधा दी जाएगी परंतु ग्रामीणों को भी खान पान पर सावधानी बरतने की जरूरत है. मौके पर गुलेल अंसारी, अली, मुख्तार, सुल्तान, मिराज, मिनहाज, अजीज, अरमान अंसारी आदि मौजूद थे.

**बारिश ने खोली नगर निगम की पोल**

# एसएनएमएमसीएच के वार्डों में घुसा पानी, मरीज परेशान

शुभम संदेश। धनबाद

**शहर में जगह-जगह जल जमाव से लोगों की बढ़ी परेशानी**





जिले में पिछले तीन दिनों से लगातार बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. बारिश के कारण शहर में कई स्थानों पर जल जमाव हो गया है और नालियों का पानी सड़कों पर बह रहा है. वहीं कई इलाकों में नालियां जाम होने की वजह से पानी लोगों के घरों और दुकानों में प्रवेश कर गया है. लगातार बारिश के कारण जिले के कई इलाके जलमग्न हो चुके हैं. एसएनएमएमसीएच में भी पानी प्रवेश करने के कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. इधर लोग नगर निगम के अधिकारियों को कोस रहे हैं. लोगों ने कहा कि नगर निगम सिर्फ दावे करता रहा, लेकिन मासनून की तैयारी पहले से नहीं की गई. इस कारण आज लोगों के घरों में नालियों का पानी घुस गया है.

इधर एसएनएमएमसीएच के सर्जरी वार्ड, एचडीयू, आईसीयू, पॉइजन वार्ड, जीरियाट्रिक्स, फीमेल मेडिसिन और रेडियोलॉजी विभाग में बारिश का पानी भर गया. अचानक पानी भरने से अस्पताल परिसर में अफरातफरी मच गई. पानी के साथ मेडिकल वेस्ट और गंदगी भी वार्डों में फैल गई, जिससे स्थिति और भी गंभीर हो गई.

मरीज और परिजन बेड पर जमे रहने को मजबूर हो गए. वहीं, सफाईकर्मी तुरंत हरकत में आए और लैब समेत अन्य संवेदनशील स्थानों पर पानी घुसने से रोकने में जुट गए. समय रहते प्रयास से सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे जैसी मशीनों को नुकसान से बचा लिया गया.

### होमगार्ड भर्ती के लिए 16 जुलाई तक भरें आवेदन

**रांची।** अगर आपने अभी तक झारखंड होमगार्ड भर्ती 2025 के लिए आवेदन नहीं किया है तो आपके लिए अच्छी खबर है। झारखंड गृह रक्षा वाहिनी की ओर से 1614 पदों पर होमगार्ड की बहाली के लिए आवेदन की तारीख एक बार फिर से बढ़ा दी गई है। अब अभ्यर्थी 9 जुलाई यानी आज से दोबारा आवेदन कर सकते है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 16 जुलाई 2025 तक है। इच्छुक अभ्यर्थी आधिकारिक पोर्टल recruitment.jharkhand.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। रांची जिले के जिला समादेष्टा कार्यालय द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि भारी बारिश, नेटवर्क समस्या, आवेदन फॉर्म अधूरे रहने या फीस न भर पाने जैसी समस्याओं को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

# पीडीएस डीलर पर गंभीर आरोप, जांच को पहुंची टीम

शुभम संदेश। मधुबन

सिनिडीह मछली पट्टी स्थित जनवितरण प्रणाली की दुकान में चावल वितरण को लेकर हो रही अनियमितताओं की शिकायत पर धनबाद डीसी के निर्देश पर चार सदस्यीय जांच टीम ने स्थल का निरीक्षण किया. टीम ने ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याएं जानी और शिकायतों को दर्ज करते हुए हस्ताक्षर भी लिए. जांच टीम में बाघमारा प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रघुवंश भारती, तोपचांची के अजीत सिंह, आपूर्ति सहायक शाहबाज हुसैन, और धनबाद नगर निगम डीएसओ ऑफिस के राजकुमार सिंह शामिल थे. जांच के दौरान पंचायत मुखिया सुमन देवी, मुखिया प्रतिनिधि बिट्टू चौहान, पंचायत समिति सदस्य पिंटू बरनवाल और सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे.

ग्रामीणों ने डीलर बिना मुंडा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वह राशन वितरण में गड़बड़ी करता है. ग्रामीणों के अनुसार प्रति यूनिट 5 किलो के बदले केवल 4 किलो चावल दिया जाता है और पैसे की भी मांग की जाती है. बिना मुंडा केवल महीने में 3-4 दिन ही दुकान खोलता है, जिससे भीड़ लगती है और लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ता है. ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि डीलर बिना राशन दिए अंगूठा लगवा लेता है और रजिस्टर में हस्ताक्षर भी करवा लेता है. गौरतलब है कि 1 जुलाई को आक्रोशित ग्रामीणों ने दुकान पर ताला जड़ दिया था.

# संयुक्त ट्रेड यूनियन की बंदी से 3,000 टन कोयला ढुलाई प्रभावित



शुभम संदेश। ललमटिया

केंद्र सरकार के मजदूर विरोधी कानूनों के खिलाफ संयुक्त ट्रेड यूनियन के आह्वान पर बुधवार को आयोजित बंदी का असर राजमहल परियोजना के ललमटिया कोयला खदान क्षेत्र में देखने को मिला. हालाँकि, सड़कों पर आम जनजीवन सामान्य रहा.

## कोयला उत्पादन और ढुलाई पर असर

बंदी के कारण राजमहल परियोजना में कोयला उत्पादन और कोयला ढुलाई का कार्य बुधवार सुबह करीब चार घंटे तक बाधित रहा. केंद्रीय ट्रेड यूनियन फेडरेशन के आह्वान पर केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आठ सूत्री मांगों के समर्थन में संयुक्त ट्रेड यूनियन द्वारा बुधवार को राजमहल परियोजना में कार्यरत विभिन्न ट्रेड यूनियनों ने बंदी कराई. पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय बंदी कार्यक्रम के तहत राजमहल परियोजना के जीरो प्वाइंट पर आंदोलनकारियों ने चक्का जाम कर जमकर नारेबाजी की. आंदोलन की वजह से सुबह छह बजे से दिन के दस बजे तक करीब चार घंटे तक ईसीएल की राजमहल परियोजना, ललमटिया कोयला खदान का उत्पादन और प्रेषण कार्य भी बाधित रहा. हुर्रासी परियोजना से राजमहल परियोजना तक सड़क मार्ग से कोयला ढुलाई का कार्य बाधित रहा, साथ ही एनटीपीसी फरक्का और एनटीपीसी कहलगांव को जाने वाली रेलवे द्वारा कोयला ढुलाई का कार्य भी प्रभावित हुआ. इस बंदी का समर्थन बीएमएस (भारतीय मजदूर संघ) छोड़कर सभी मजदूर संगठनों ने किया था. संयुक्त ट्रेड यूनियन द्वारा राजमहल परियोजना के जीरो प्वाइंट के अलावा राजमहल के विभिन्न स्थानों पर चक्का जाम कर प्रदर्शन किया गया और केंद्र सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की गई.

## कोयला रैक का संचालन बाधित

बंदी को लेकर जीएम ऑपरेशन सतीश मुरारी ने बताया कि बंदी के कारण परियोजना में तीन हजार टन कोयले के उत्पादन और प्रेषण पर असर पड़ा है. उन्होंने यह भी बताया कि लगातार बारिश के कारण भी उत्पादन और प्रेषण कार्य पर अच्छा खासा असर पड़ा है. उन्होंने कहा कि बंदी के कारण एनटीपीसी को जाने वाली कोयला रैक का संचालन बाधित रहा.

**श्रमिक नेताओं का विरोध प्रदर्शन** : श्रमिक नेताओं ने केंद्र सरकार पर अपनी भड़ास निकालते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार मजदूर और किसान विरोधी है. बंदी के दौरान श्रमिक संगठनों के मजदूरों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. इस मौके पर रामजी साह, राजेश रंजन, मानस दत्ता, राधेश्याम चौधरी, विगनेश्वर महतो, रामसुंदर महतो, जयराम यादव, खगेंद्र महतो, प्रदीप पंडित, प्रमोद हेंब्रम, अरुण कुमार हेंब्रम, शंकर कुमार, अहमद अंसारी, ए.के. पांडे, सुनील पंडित, अली हुसैन अंसारी के अलावा अन्य कई श्रमिक नेता शामिल थे.

## अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ के आह्वान पर एलआईसी कर्मियों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल संपन्न

**गिरिडीह।** 10 केंद्रीय श्रम संगठनों और अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ के आह्वान पर एलआईसी के तमाम कर्मचारियों ने बुधवार को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भाग लिया. इस हड़ताल की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष संजय शर्मा ने की और इसका नेतृत्व सचिव धर्म प्रकाश ने किया. इस हड़ताल को संयुक्त किसान मोर्चा, झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल सहित कई राजनीतिक पार्टियों ने अपना नैतिक समर्थन दिया. यह हड़ताल सरकार की जनविरोधी नीतियों, विशेष रूप से सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों के निजीकरण, मेहनतकशों के कड़ी मेहनत से अर्जित अधिकारों पर हमले के जरिए श्रमिक कानून को नियोक्ता-परक बनाने और सार्वजनिक संपदाओं को पूँजीपतियों के हाथों में बेचने के विरोध में थी. एलआईसी में इस हड़ताल को एलआईसी क्लास वन ऑफिसर एसोसिएशन, विकास अधिकारी संघ, पेंशनर एसोसिएशन और लियाफी अभिकर्ता संघ का नैतिक समर्थन मिला. इस कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष संजय शर्मा, सचिव धर्म प्रकाश, मंडलीय संगठन सचिव अनुराग मुर्मू, सहायक सचिव प्रवीण कुमार हंसदा, संयुक्त सचिव विजय कुमार, राजेश कुमार उपाध्याय, कुमकुम बाला वर्मा, उमानाथ झा, विनय कुमार, रोशन कुमार श्वेता, राजेश कुमार, विजय कुमार, प्रभाष कुमार शर्मा, देवनाथ दास, अनिल कुमार वर्मा, कुलजीत कुमार रवि, श्वेता कुमारी, अंशु कुमारी सिंघानिया, सबा परवीन, संहिता सरकार, डेनियल मरांडी, नीतीश कुमार गुप्ता, प्रीतम कुमार मेहता, माहेश्वरी वर्मा, अभय कुमार, गौरव कुमार सिंह, नीरज कुमार सिंह, संजय कुमार शर्मा, प्रदीप कुमार, प्रदीप प्रसाद, पंकज कुमार, विजय मंडल, नागेश्वर साव, संजय गुप्ता सहित कई कर्मचारियों ने भाग लिया.

## मजदूर संगठनों ने किया सड़कों पर प्रदर्शन

**जमुआ (गिरिडीह)।** मजदूर संगठनों के आह्वान पर बुधवार को देशव्यापी मजदूर-कर्मचारियों की हड़ताल के समर्थन में भाकपा-माले प्रखंड कमेटी और झारखंड मजदूर किसान सभा ने जमुआ चौक को घंटों जाम कर दिया. प्रदर्शनकारियों ने चार लेबर कोड (श्रम संहिता) और बगोदर के प्रवासी मजदूरों, जो दक्षिण अफ्रीका के नाइजर में अपहृत हैं की सकुशल वापसी की मांग की. भाकपा माले के जिला सचिव ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा लागू किए जा रहे चार श्रम संहिताओं को लागू करने का निर्णय अडानी-अंबानी जैसे बड़े कॉर्पोरेट घरानों के हित में कानून बनाने का ही एक हिस्सा है. उन्होंने आरोप लगाया कि यह आम जनता के बुनियादी लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकारों पर बड़े पैमाने पर अंकुश लगाने के साथ-साथ मजदूरों के न्यायोचित धरना-प्रदर्शन और हड़ताल पर पाबंदी लगाकर जनवादी आंदोलनों को कुचलने की साजिश भी है. उन्होंने कहा कि नई आर्थिक-औद्योगिक नीतियों की वजह से सार्वजनिक क्षेत्र के कल-कारखाने, सरकारी सेवा क्षेत्रों में स्थायी नौकरियों को खत्म कर अनुबंध, आउटसोर्सिंग, दैनिक मजदूरी पर श्रमिकों को बड़े-बड़े कंपनियों, एजेंसियों और ठेकेदारों के अधीन कर दिया गया है. अब ये चार लेबर कोड इन्हीं कॉर्पोरेट घरानों के हित में लाए जा रहे हैं, ताकि श्रम को लूटकर मुनाफा कमाया जा सके.

**अपहृत मजदूरों के प्रति सरकार की उदासीनता का आरोप** : उन्होंने यह भी कहा कि बगोदर के प्रवासी मजदूर जो नाइजर में अपहृत हैं, उनकी सकुशल वापसी पर केंद्र सरकार जरा भी ध्यान नहीं दे रही है. उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय सांसद अन्नपूर्णा देवी ने भी उन अपहृत मजदूरों की बेबस पत्नियों से मिलना मुनासिब नहीं समझा, जो उनके आवास पर धरना दे रही थीं. इस कार्यक्रम में राज्य कमेटी के साथी मीना दास, जिला कमेटी साथी विजय पांडेय, रीतलाल वर्मा, भागीरथ पंडित, असगर अली, रंजीत यादव, लखन हसदा, रामेश्वर ठाकुर, मोहम्मद राजा, बाबूलाल वर्मा, अरुण वर्मा, मालती देवी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे.

## बैंक और बीमा क्षेत्र में कामकाज ठप

**बोकारो।** सेंट्रल ट्रेड यूनियन संगठनों के आह्वान पर हुई राष्ट्रीय आम हड़ताल को बैंक और बीमा कर्मियों के संगठनों, जिनमें एआईबीईए, बीईएफआई, एआईआईईए, जीआईईआईए, एआईएलआईसीईएफ शामिल हैं का भी नैतिक समर्थन मिला. इसके चलते बोकारो में बैंक और बीमा सेक्टर में पूरा कामकाज ठप रहा और शाखाओं पर ताले लटके रहे. बैंक कर्मचारियों ने अपनी शाखाओं के सामने खड़े होकर नारेबाजी करते हुए सरकार से जनविरोधी श्रम सुधार कानूनों और बैंकिंग सुधार कानूनों को वापस लेने की मांग की. उन्होंने बैंकों के निजीकरण को बंद करने, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को मजबूत करने और कॉर्पोरेट घरानों द्वारा ऋण लेकर जनता की जमा पूंजी के दुरुपयोग पर रोक लगाने के लिए कड़े कानून बनाने की भी मांग की. इसके अतिरिक्त, उन्होंने जानबूझकर ऋण नहीं चुकाने वालों पर आपराधिक मुकदमा दर्ज करने, बैंकों में आउटसोर्सिंग बंद करने, पुरानी पेंशन स्कीम बहाल करने और सेवा शुल्क समाप्त करने की मांग की. नारेबाजी में महिला कर्मचारियों की भी अच्छी भागीदारी थी. हड़ताल को सफल बनाने में दिलीप झा, राजेश कुमार ओझा, राजेश श्रीवास्तव, अरुण कुमार, विभाष झा, राकेश मिश्रा और अन्य सैकड़ों बैंक व बीमा कर्मी सक्रिय रहे.

## लेबर लॉ में संशोधन के विरोध में महासंघ का प्रदर्शन

बोकारो। झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ की बोकारो जिला इकाई ने केंद्र सरकार द्वारा लेबर लॉ में किए गए संशोधन के विरोध में बुधवार को जिले में प्रदर्शन किया. महासंघ के महामंत्री सुकुमार प्रसाद मरांडी ने बताया कि केंद्र सरकार ने छलपूर्वक और गुप्त रूप से श्रम कानून में बदलाव कर कर्मचारी और मजदूरों के हक को कमजोर किया है, जिसके कारण पूरे देश में विरोध का बिगुल बज चुका है. केंद्रीय कर्मचारी बुधवार को हड़ताल पर थे और उनके समर्थन में राज्य कर्मचारी महासंघ द्वारा समाहरणालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया गया. इस प्रदर्शन में रूपेश कुमार, रवि मुर्मू, सविता सोनम, ममता कुमारी, रितेश कुमार, अंगद कुमार सिंह, राजेश्वर प्रसाद, अंबिका प्रसाद बाउरी, प्रेम कुमार, बिरसमणि होरो, अजीत कुमार, सुमित कुमार, समीर कुमार सिंह, सुदर्शन राम, प्रेमानंद खेस, सहदेव मंडल, अभिषेक, जितेंद्र कुमार, परमेश्वर सोरेन, विद्या सागर आदि शामिल हुए.

## ब्रीफ खबरें

### बेंगाबाद : सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** बुधवार शाम बेंगाबाद-खरगडीहा मुख्य मार्ग पर हुई एक सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. जानकारी के अनुसार, हीरोडीह थाना क्षेत्र के सिहोडीह निवासी वरुण यादव अपने रिश्तेदार के यहां नइटांड सिंझुआ गए हुए थे. वापसी के दौरान बेंगाबाद थाना के समीप दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई. हादसे में वरुण यादव गंभीर रूप से घायल हो गए.

### खड़े हाइवा को पिकअप ने मारी टक्कर

**साहिबगंज।** बोरियो थाना क्षेत्र के एचपी पेट्रोल पंप के समीप बुधवार देर शाम एक तेज रफ़्तार पिकअप वैन ने सड़क किनारे खड़े हाइवा को टक्कर मार दी. गनीमत रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है. मिली जानकारी के अनुसार, पिकअप वैन (जेएच 18पी 2457) बोरियो बाजार की ओर जा रही थी. इसी दौरान उसने सड़क किनारे खड़े हाइवा को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे पिकअप वैन क्षतिग्रस्त हो गई.

### नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**डुमरी।** पारसनाथ महाविद्यालय में एनएसएस इकाई द्वारा एक निजी अस्पताल के सहयोग से एक नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में सामान्य रोग विशेषज्ञ डॉ. शमीमा ने महाविद्यालय के कर्मियों और विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सीय सलाह दी. शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर, ब्लड ग्रुप आदि की जांच तुरंत की गई.

# अतिक्रमण हटाने गई टीम पर जिप उपाध्यक्ष के देवर ने की पत्थरबाजी

शुभम संदेश। कसमार (बोकारो)




कसमार से बरलंगा भाया नेमरा सड़क निर्माण कार्य के दौरान बुधवार को अतिक्रमण हटाने गई प्रशासन की टीम के साथ खुदीबेड़ा मौजा में एक रैयत बसंत कुमार महतो ने पत्थरबाजी कर दी. इस दौरान पत्थरबाजी में जेसीबी क्षतिग्रस्त हो गया और जेसीबी में बैठा चालक बाल-बाल बच गया. मालूम हो कि अतिक्रमण हटाओ अभियान में मजिस्ट्रेट के रूप में मौजूद कनीय अभियंता राजीव रंजन, आशीष कुमार, थाना प्रभारी भजन लाल महतो, जिला भू-अर्जन विभाग के अमीन शरत कुमार, जमील अख्तर, गंगा कंस्ट्रक्शन के अधिकारी नरेंद्र कुमार पांडेय, विकास कुमार समेत अन्य सुरक्षा बलों की उपस्थिति में अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरुआत मंजुरा से हुई.

मंजुरा के बाद जब टीम खुदीबेड़ा गाँव पहुँची, तो राजेश्वर महतो के घर के सामने बनी चहारदीवारी को जब जेसीबी से तोड़ने की तैयारी की जा रही थी, तो इसी बीच राजेश्वर महतो के छोटे भाई बसंत कुमार महतो अचानक जेसीबी के सामने खड़े होकर अतिक्रमण हटाने के कार्य का विरोध करने लगे. इस दौरान जब दंडाधिकारी ने बताया कि यह गैर मजरूआ आम जमीन है और इस जमीन पर बनी चहारदीवारी का भुगतान राजेश्वर महतो ने प्राप्त कर लिया है, तो वे जिद पर अड़ गए और दीवार तोड़ने का विरोध करने लगे.

## पत्थरबाजी और प्रशासनिक कार्रवाई

इस बीच जब जेसीबी चालक ने वाहन स्टार्ट किया तो रैयत बसंत कुमार महतो ने ईंट व पत्थर के टुकड़े चलाने लगे और जेसीबी का शीशा तोड़ दिया. पत्थरबाजी में जेसीबी चालक बाल-बाल बच गया. बाद में थाना प्रभारी ने समझाया, तब उसने पत्थर चलाना बंद किया. इधर, पत्थरबाजी की सूचना मिलते ही कसमार सीओ प्रवीण कुमार घटनास्थल पर पहुँचे और फोन से बोकारो जिला परिषद उपाध्यक्ष बबीता देवी से बातचीत करते हुए इस मामले को लेकर एक दिन की मोहलत दी. उक्त जमीन में जिला परिषद उपाध्यक्ष बबीता देवी भी रैयत हैं और इस मामले में पत्थरबाजी करने व जेसीबी का शीशा तोड़ने के आरोपी बसंत कुमार महतो जिला परिषद उपाध्यक्ष के देवर हैं.

## मुआवजे को लेकर हुआ विवाद

इस मामले में कसमार सीओ प्रवीण कुमार ने बताया कि उक्त जमीन खुदीबेड़ा मौजा के प्लाट नंबर 523 में है, जो खतियान में गैर मजरूआ आम के तहत रास्ता के नाम से अंकित है. उक्त जमीन पर चूँकि संरचना के रूप में चहारदीवारी बनी है, इसलिए राजेश्वर महतो के नाम पर 1,05,398 रुपये का मुआवजा भुगतान 26 जून 2025 को जिला भू-अर्जन विभाग की ओर से किया गया है. उक्त भूमि पर मुआवजा प्राप्त करने के बाद अतिक्रमण हटाने गई टीम पर पत्थरबाजी करने के मामले पर प्रशासन की ओर से कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है.

## कसमार के कई कार्यकर्ताओं को झामुमो में मिली जिम्मेदारी



शुभम संदेश। कसमार (बोकारो)

झारखंड मुक्ति मोर्चा की केंद्रीय नेतृत्व ने अपनी अनुषंगी इकाइयों जैसे महिला मोर्चा, छात्र मोर्चा, व्यावसायिक मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा, क्रीड़ा मोर्चा और बुद्धिजीवी मोर्चा में कसमार प्रखंड के कई कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी हैं. इनमें प्रखंड प्रमुख नियोती कुमारी को महिला मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष, गर्री निवासी शेरे आलम को अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष, सिलीसाड़म के जयप्रकाश हांसदा को क्रीड़ा मोर्चा का जिला अध्यक्ष और ओरमो के विजय करमाली को क्रीड़ा मोर्चा का जिला सचिव बनाया गया है. नंदन कपरदार को छात्र मोर्चा का जिला संगठन सचिव की जिम्मेदारी मिली है, जबकि रमेश वर्मा (किसान मोर्चा संगठन सचिव), विनोद बिहारी महतो (किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष), धीरेंद्र नाथ महतो (बुद्धिजीवी मोर्चा संगठन सचिव) और मिथिलेश जायसवाल (व्यावसायिक मोर्चा) जैसे अन्य कार्यकर्ताओं को भी जगह दी गई है.

## गोड्डा सदर अस्पताल में महिला की मौत पर हंगामा, सड़क जाम

### परिजनों का आरोप, डॉक्टरों ने समय पर नहीं किया इलाज

शुभम संदेश। गोड्डा।

सदर अस्पताल में बुधवार सुबह पैरडीह गांव की 30 वर्षीय सीमा देवी की मौत के बाद स्वास्थ्य व्यवस्था पर फिर सवाल उठे हैं. परिजनों ने डॉक्टरों पर समय पर इलाज न करने और लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया और सड़क जाम कर दिया. मृतका की मां रंजना देवी के अनुसार, सीमा देवी को 3 जुलाई को शुगर और बुखार की शिकायत पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था. उन्होंने आरोप लगाया कि भर्ती के बाद अस्पताल में न तो समय पर डॉक्टर मिले और न ही जांच-उपचार की व्यवस्था हुई. उनका कहना है कि ड्यूटी पर मौजूद नर्सें बुलाने पर डांटकर भगा देती थीं और रात भर में एक भी डॉक्टर मरीज को देखने नहीं आया. रंजना देवी ने दावा किया कि समय पर इलाज न मिलने से ही उनकी बेटी की मौत हुई. परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि मौत के बाद भी अस्पताल प्रशासन ने मृतका को दो इंजेक्शन लगाए और भागलपुर रेफर करने की बात कही. उनका कहना था कि सुबह मौत हो जाने के बावजूद डॉक्टरों को मृत घोषित करने में घंटों लग गए. घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण अस्पताल पहुँचे और स्वास्थ्य व्यवस्था की लापरवाही के खिलाफ नारेबाजी करने लगे. नगर थाना की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया. बाद में, परिजनों ने शव को मुख्य कारगिल चौक पर रखकर सड़क जाम कर दिया और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की, जिससे घंटों तक आवागमन बाधित रहा.

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, एक घायल

**साहिबगंज।** बुधवार को जिले के राजमहल थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगलहाट के समीप निर्माणाधीन फोरलेन सड़क पर एक ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. इनमें से एक युवक का इलाज साहिबगंज सदर अस्पताल में चल रहा है, जबकि दूसरे युवक की मालदा ले जाते समय मौत हो गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार, खोचपाड़ा निवासी तजरुद्दीन शेख के 24 वर्षीय पुत्र मुतालिम राजा एक अन्य युवक के साथ बाइक से मंगलहाट की ओर जा रहे थे. इसी दौरान मंगलहाट के समीप निर्माणाधीन फोरलेन सड़क पर विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रैक्टर की चपेट में आने से दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए. परिजनों ने आनन-फानन में राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल लाया, जहां चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया. परिजनों के सहयोग से युवक को मालदा ले जाया जा रहा था, इसी क्रम में युवक ने दम तोड़ दिया. इधर, अन्य एक युवक का इलाज निजी अस्पताल में कराया जा रहा है.

## नकली शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़

**बोकारो।** बुधवार को नन्दुआ स्थान में एक नकली शराब फैक्ट्री का पुलिस ने भंडाफोड़ किया और भारी मात्रा में अवैध शराब व संबंधित सामग्री जब्त की. चिरा चास थाना को अवैध विदेशी शराब के निर्माण और बिक्री की सूचना मिली थी, जिसके बाद एक विशेष टीम गठित कर त्वरित छापेमारी की गई. मौके से विभिन्न अंग्रेजी कंपनियों की भारी मात्रा में नकली शराब, स्पिरिट, खाली जरकिन, बोतल के ढक्कन, स्टिकर और कार्टून बनाने वाला जस्ता बरामद किया गया. पुलिस ने इस संबंध में गोपाल सिंह और पिंटु कुमार के खिलाफ चिरा चास थाना में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है. बरामद सामानों में विभिन्न ब्रांडों की सैकड़ों बोतलें शराब और स्पिरिट के कई ड्रम शामिल हैं. छापेमारी दल में चिरा चास थाना प्रभारी चंदन कुमार दुबे सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे.

## दो घरों में लाखों की चोरी

**गिरिडीह (धनवार)।** धनवार थाना क्षेत्र के बरजो पंचायत अंतर्गत बनगड़गी गांव में बीती रात चोरों ने जमकर आतंक मचाया. गांव के ही तजेंद्र सिंह और आनंद सिंह (पिता योगेंद्र सिंह) के दो अलग-अलग घरों में चोरों ने सेंधमारी कर नकद रुपये, गहने और कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया. घटना के बाद से पूरे गांव में दहशत का माहौल है. पीड़ित परिवारों के अनुसार, देर रात जब सब सो रहे थे, उसी दौरान चोर घर में घुसे और अलमारी व बक्से तोड़कर नकदी व गहनों की चोरी कर ली. चोरी के बाद कपड़े और बक्से गांव के बगल के खेत में फेंके हुए पाए गए, जिससे यह स्पष्ट होता है कि चोरों ने भागने की जल्दबाजी में कुछ सामान वहीं छोड़ दिया. घटना की जानकारी स्थानीय थाना को दे दी गई है. पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गई है.

## डीपीएस के अंजनी भूषण को 'सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान'

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के वरीय उप प्राचार्य अंजनी भूषण को साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन (एसओएफ) द्वारा 'बेस्ट इंटरनेशनल टीचर अवार्ड 2024-25' से सम्मानित किया गया है. उन्हें विद्यार्थियों को विभिन्न ओलंपियाडों में उत्कृष्ट मार्ग दर्शन प्रदान करने के लिए यह प्रतिष्ठित वैश्विक सम्मान मिला है, जिसके परिणामस्वरूप डीपीएस बोकारो के छात्रों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल की है. बुधवार को विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने भूषण को यह पुरस्कार सौंपते हुए बधाई दी और उनके परिश्रम की सराहना की.

## डीएवी सेक्टर-4 में वन महोत्सव

**बोकारो।** डीएवी संस्थान सेक्टर-4 में बच्चों में प्राकृतिक संसाधनों के प्रति स्नेह और संरक्षण का भाव जगाने के लिए इस वर्ष भी 'वन महोत्सव' का आयोजन किया गया. इस दौरान बच्चों को नुक्कड़ नाटक, पेड़ गीत, नारे, बैनर, क्विज, पोस्टर, भाषण और कविताओं के माध्यम से पेड़ों की उपयोगिता और महत्ता से अवगत कराया गया. कक्षा 3 से 5 तक के बच्चों ने नन्हे-नन्हे पौधे हाथों में लेकर प्रतिज्ञा ली कि वे एक पेड़ अवश्य लगाएंगे और एक माली की तरह उसकी देखभाल करेंगे. विद्यालय के प्राचार्य एस.के. मिश्रा ने इस अवसर पर कहा कि एक वृक्ष एक पुत्र के समान है, जो निस्वार्थ भाव से हमें जीवनोपयोगी सभी संसाधन और प्राणवायु प्रदान करता है. इस अवसर पर सभी शिक्षकगणों ने भी बच्चों से इस पुनीत कार्य को करने की अपील की.

## बिनोद पंडा बने झारखंडधाम मंदिर समिति के अध्यक्ष

**जमुआ (गिरिडीह)।** श्रावणी मेले की तैयारियों के बीच झारखंडधाम मंदिर न्यास समिति का पुनर्गठन किया गया. बुधवार को हुई बैठक में नई कमिटी का गठन किया गया, जिसमें बिनोद पंडा को अध्यक्ष, मनोज पंडा को सचिव और नरेश पंडा को कोषाध्यक्ष चुना गया. बैठक की अध्यक्षता अंबिका पंडा ने की. बैठक में मंदिर के पुजारी नकुल पंडा सहित नंदकिशोर पंडा, सुभाष पंडा, निधि पंडा, कृष्णदेव पंडा, सिकंदर पंडा, जयदेव पंडा, राजेश पंडा, राहुल पंडा, सुधीर पंडा, बैजनाथ पंडा, कृष्णा पंडा, राजेंद्र पंडा समेत अन्य शामिल थे.

### झारखंड राज्य आंदोलनकारी स्व. धनेश्वर मंडल की 7वीं पुण्यतिथि मनी

# आंदोलनकारियों को सम्मान देना ही सच्ची श्रद्धांजलि : मंत्री

शुभम संदेश। गांडेय (गिरिडीह)



गांडेय प्रखंड के मरगोडीह गाँव में बुधवार को झामुमो पार्टी द्वारा स्व. धनेश्वर मंडल की 7वीं पुण्यतिथि मनाई गई. आंदोलनकारी स्व. धनेश्वर मंडल की पुण्यतिथि पर उनके पैतृक गांव मरगोडीह स्थित उनकी प्रतिमा पर उनकी पत्नी ने पूजा-अर्चना कर माल्यार्पण किया. इसके बाद झारखंड सरकार के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने माल्यार्पण कर उन्हें याद किया. पुण्यतिथि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झारखंड सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि आंदोलनकारियों की सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब उनको सम्मान दिया जाएगा. उन्होंने आंदोलनकारियों को शॉल देकर सम्मानित किया. उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलन के कालखंड के साढ़े तीन दशक में गिरिडीह से दो नेता हुआ करते थे, जिनको केंद्र मानकर झारखंड मुक्ति मोर्चा का संगठन घूमता था. वे दोनों ही नेता बेंगाबाद का झलकडीह और गांडेय का मरगोडीह झारखंड आंदोलन का केंद्र हुआ करता था. मंत्री सोनू ने कहा कि दोनों के साथ हमने बहुत कुछ सीखा. धनेश्वर मंडल कार्यकर्ताओं के नेता थे. धनेश्वर मंडल संगठन और आंदोलन के तमाम कार्यक्रमों को संचालित करते थे और उनके पीछे-पीछे हम जैसे कार्यकर्ता लगातार आंदोलन को अंजाम दिया करते थे. उनके अंदर संघर्ष का जोश भरा हुआ था, नेतृत्व करने की क्षमता थी और कार्यकर्ताओं को हिम्मत देने का काम करते थे. उन्होंने कहा कि जिन नेताओं ने कार्यकर्ताओं को ढाला और नेता बनाया, उन नेताओं को झारखंड मुक्ति मोर्चा कभी नहीं भूल सकती है. उन्होंने कहा कि सातवीं पुण्यतिथि कोई औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह धनेश्वर दा के प्रति स्नेह, सम्मान और श्रद्धा प्रकट करने का एक माध्यम है. आज के दिन हम मरगोडीह की धरती पर आकर उनकी मूर्ति पर नमन कर कहते हैं कि न तो हम आपको भूले हैं, न उनके आदर्शों को भूले हैं और न ही उनके दिखाए हुए रास्ते को भूले हैं. आप जैसा झारखंड चाहते थे, हम वैसा झारखंड बनाएँगे.

### राज्यसभा सांसद और अन्य नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

राज्यसभा सांसद डॉ. सरफराज अहमद ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि स्व. धनेश्वर मंडल आंदोलनकारी नेता थे. वे हमेशा गरीबों के हक के लिए आंदोलन किया करते थे और गरीबों की आवाज थे. कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष संजय सिंह, सचिव महालाल सोरेन, आंदोलनकारी बैजनाथ राणा, दिलीप मंडल, हलधर राय, ध्रुपदेव पंडित ने भी अपने-अपने विचार रखकर श्रद्धांजलि दी. मौके पर जिला अध्यक्ष संजय सिंह, जिला सचिव महालाल सोरेन, दिलीप मंडल, प्रखंड अध्यक्ष चांदमल मरांडी, सचिव मो. सबीर, भागवत सिंह, बैजनाथ राणा, हलधर राय, राजेश सिंह, दशरथ किस्कू, अकबर अंसारी, प्रकाश पंडित, जितेंद्र मंडल, पिंटू हाजरा, नवीन वर्मा, भैरो वर्मा, बबली मरांडी, रवि वर्मा, टाइगर नुनुलाल मुर्मू, सुनील यादव, हाजी उस्मान, परमेश्वर मुर्मू, रितेश पाठक, पिंटू यादव सहित सैकड़ों महिला-पुरुष मौजूद थे. स्व. धनेश्वर मंडल के आंदोलनकारी साथी भागवत सिंह ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि सच्ची श्रद्धांजलि तब होगी जब आंदोलनकारियों को मान-सम्मान दिया जाएगा.

## ब्रीफ खबरें

### 30 लीटर देशी शराब के साथ एक धराया

**धनबाद।** रेलवे सुरक्षा बल धनबाद ने प्रतिबंधित सामानों की निगरानी के दौरान कोडरमा गुरपा स्टेशन के मध्य गाड़ी संख्या 13305 धनबाद-सासाराम इंटरसीटी एक्सप्रेस के साधारण कोच के दरवाजे के बगल में एक व्यक्ति कुल तीन अदद प्लास्टिक के बोरे रखे गए देशी शराब को जब्त किया है. पूछताछ में आरोपी ने नाम व पता ननका मांझी, उम्र करीब 33 वर्ष पिता स्व० सोहराई मांझी, साकिन- समीनगर, थाना फतेहपुर, जिला गया (बिहार) बताया. बोरे को खोलकर चेक करने 30 लीटर शराब बरामद हुआ. गिरफ्तार अभियुक्त को रेसुब आउट पोस्ट गुरपा के माध्यम से रेसुब पोस्ट कोडरमा को सुपुर्द किया गया.

### भर्ती कैंप में 17 आवेदक चयनित

**धनबाद।** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के द्वारा नियोजनालय परिसर, सिंदरी में भर्ती-कैम्प का आयोजन किया गया. इस दौरान नियोजनालय में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में आगंतुक, बेरोजगार आवेदकों तथा उपस्थित नियोजकों को विस्तार से अवगत कराया. इस भर्ती कैंप में 03 नियोजकों ने अपनी उपस्थिती दर्ज कराई तथा लगभग 100 आवेदकों ने भाग लिया. जिसमें विभिन्न नियोजकों द्वारा कुल 17 आवेदकों को चयनित कर ऑफर लेटर दिया गया तथा 16 आवेदकों को शॉर्ट-लिस्ट किया गया. भर्ती कैंप में, सूरज कुमार, संजय कुमार एवं कार्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित थे.

### बीएलओ-सुपरवाइजरों को दिया प्रशिक्षण

**धनबाद।** धनबाद विधानसभा के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को अनुमंडल कार्यालय (पुराना समाहरणालय) के सभागार में बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया गया. बीएलओ व सुपरवाइजरों ने 50-50 के बैच में विशेष गहन पुनरिक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिविजन) का प्रशिक्षण प्राप्त किया. प्रशिक्षण में बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर के कार्य एवं कर्त्तव्य, बूथ अवेयरनेस ग्रुप, दावा आपत्ति से जुड़े सभी फॉर्म, 11 दस्तावेज सहित अन्य बिंदुओं पर विशेष प्रकाश डाला गया.

# रेल प्रशासन के खिलाफ लोको पायलटों ने बोला हल्ला

## रेल प्रशासन कर रहा रंनिग स्टाफ का शोषण : आरआर प्रजापति

**शुभम संदेश। गोमो**




ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन (अलरसा) धनबाद मंडल कमेटी के आह्वान पर बुधवार को गोमो क्रू-लॉबी के समक्ष मंडल के रनिंग कर्मचारी ने अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत रेल प्रशासन के विरुद्ध हल्ला बोल धरना प्रदर्शन किया. धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में ईसीआरईयू का भी समर्थन रहा. हल्ला बोल प्रदर्शन कार्यक्रम के तहत यूनियन के नेताओं ने कहा कि रेल प्रशासन रनिंग स्टाफ पर नियम के विरूद्ध वर्क लोड देकर मानसिक प्रताड़ना दे रही है. रनिंग स्टाफ काफी मानसिक दबाव में ड्यूटी कर रहे हैं. यूनियन के नेताओं ने रेल प्रशासन पर आरबीई संख्या--143/ 2016 के निर्देशों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया. 9 घंटे से अधिक ड्यूटी कराए जा रहे हैं . 9 घंटे के बाद भी रनिंग कर्मचारियों द्वारा रिलीज मांगे जाने पर सस्पेंड बुक अप कर S F-11 एवं 5 F S आरोप पत्र देकर तीन-तीन साल तक वेतन वृद्धि पर रोक लगाए जा रहे है. रनिंग स्टाफ का ड्यूटी निर्धारण, क्रु लॉबी बीट का निर्धारण नहीं किए जाने, रंनिग स्टाफ को 36 घण्टे से अधिक 72 घण्टे तक मुख्यालय से बाहर रखने रनिंग स्टाफ पारिवारिक और सामाजिक तनाव से ग्रसित हो रहे हैं . ऐसे कई मांगों का समाधान करने की मांग की जा रही है . परंतु रेल प्रसाशन लोको पायलटो पर तानाशाह रवैया अपनाए हुए हैं. यूनियन ने रेल प्रशासन से समस्याओं का समाधान की मांग की. समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन तेज किए जायेंगे. मौके पर शाखा सचिव विनय कुमार शाखा अध्यक्ष विजय प्रसाद विनय कुमार, परमानंद कुमार, जीवन कुमार जायसवाल, कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, विपिन कुमार, आरएयू के शाखा सचिव अमित कुमार मंडल, संगठन सचिव गोपी कुमार सहित दर्जनों की संख्या में रेल यूनियन से जुड़े कर्मचारी शामिल रहे.

# 21 महीने से 450 शराब सेल्समैन का वेतन बाकी, करेंगे आंदोलन

**खास बातें**

- नई कंपनी पुराने कर्मचारियों को बहाल करने से इनकार

**शुभम संदेश। धनबाद**

जिले की शराब दुकानों में कार्यरत दर्जनों सेल्समैनों ने बुधवार को गोल्फ ग्राउंड में बैठक कर वेतन बकाया को लेकर आंदोलन की रूपरेखा तैयार की. सेल्समैन मोतीलाल गुप्ता ने बताया कि विभिन्न कंपनियों के कार्यकाल के दौरान कई महीनों का वेतन बकाया है. फ्रंटलाइन कंपनी के दौरान 4 महीने, ए टू जेड कंपनी में 4 महीने, मार्शल कंपनी में 10 महीने और आरके कंपनी में 3 महीने का वेतन अब भी नहीं मिला है. कुल मिलाकर कर्मचारियों का 21 महीने का वेतन बकाया हो चुका है. उन्होंने यह भी बताया कि टेकओवर के बाद नई कंपनी पुराने कर्मचारियों को बहाल करने से इनकार कर रही है. फिलहाल जिले में लगभग 450 सेल्समैन इससे प्रभावित हैं.



### उत्पाद विभाग ने दिया था भुगतान का आश्वासन

पीड़ित कर्मचारियों का कहना है कि उत्पाद विभाग के अधिकारियों ने 4 से 5 दिनों के भीतर बकाया भुगतान का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है . सेल्समैनों ने सहायक उत्पाद आयुक्त से शीघ्र हस्तक्षेप की मांग की है . साथ ही चेतावनी दी है कि यदि जल्द वेतन का भुगतान नहीं हुआ और बहाली पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे .

# जमीन का लंबित म्यूटेशन शीघ्र करा ले बीसीसीएल



**शुभम संदेश। धनबाद**

जिला भू-अर्जन पदाधिकारी राम नारायण खलको ने भू-अर्जन को लेकर बीसीसीएल के साथ अपने कार्यालय कक्ष में बैठक की. उन्होंने बीसीसीएल के भू-संपदा प्रबंधक को बीसीसीएल की जमीन के लंबित म्यूटेशन शीघ्र करा लेने का निर्देश दिया. जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ने कहा कि जमीन का म्यूटेशन नहीं कराने से राज्य सरकार को राजस्व की भारी क्षति होती है. बैठक में धनबाद अंचल के अंचल अधिकारी शशिकांत सिंकर, बीसीसीएल के भू-संपदा प्रबंधक विपुल कुमार राय, धनबाद अंचल के राजस्व कर्मचारी राहुल सिंह मौजूद थे.

# मेरे मामा मुझे बेचना चाहते हैं

**प्रेमी को जेल भेजने के बाद किशोरी ने परिजनों पर लागये गंभीर आरोप**

**शुभम संदेश। धनबाद**

मेरे मामा मुझे वेलोर में बेचने की कोशिश कर रहे हैं. लोयाबाद थाना क्षेत्र से पहुंची किशोरी ने यह गंभीर आरोप महिला थाने में अपने सगे मामा के खिलाफ लगाया है. यह आरोप लगाने वाली किशोरी ने प्रेम प्रंसग में भागकर प्रेमी के साथ शादी रचाई थी और परिजनों ने प्रेमी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है. महिला थाने पहुंची किशोरी का कहना है कि कतरास के रहने वाले किशन लाल से प्यार करती है. दोनों के बीच चल रहे प्रेम प्रसंग की जानकारी माता पिता को लग गई. जबरन माता-पिता थाना ले गए. वहां एक दूसरे से नहीं मिलने का एक इकरारनामा बनवाया गया. इसके बाद लड़के से बात करना और मिलना जुलना बंद कर दिया. फिर माता पिता ने पटना में मेरी शादी तय कर दी. शादी से इंकार करने पर उसके साथ मारपीट करने लगे और घर में बंद कर दिया. जिस लड़के से शादी तय हुर्द थी,उसे बुलाकर चार दिनों तक घर पर रखा. फिर भी उसके द्वारा शादी से इंकार किए जाने पर उसे चूहा मारने की दवाई खिला दी गई. जिसमें किसी तरह उसकी जान बच सकी. इसके बाद वो अपनी जान बचाने के लिए घर से भाग गई. भागने के बाद मां ने लोयाबाद थाना में प्रेमी के मामा और मां के ऊपर केस करवा दिया. प्रेमी की मां को जान मारने की धमकी फोन पर देने लगे. प्रेमी की मां द्वारा मामले की जानकारी फोन पर दी गई. इसके बाद वो और उसका प्रेमी दोनों लोयाबाद थाना पहुंचे. हमें कहा गया कि दोनों की शादी करवा देंगे. हम दोनों के थाना पहुंचने पर प्रेमी किशन लाल को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया. उसके साथ अब माता पिता मारपीट करते हैं. खाना खाने के लिए भी नहीं देता है. मामा उसे बेचने की भी कोशिश कर रहे हैं. मामा का नाम शक्ति नंदन प्रसाद है. मामा पहले भी एक बार एक महिला को बेचने की कोशिश की थी लेकिन उसके पति ने उसे बचा लिया. किशोरी का यह भी कहना है कि जब वह घर से भागी थी, उसी समय अपने प्रेमी से शादी मुम्बई में कर ली थी. शादी हुए 20 दिन हो चुके हैं. प्रेमी पिछले 10-15 दिन से वह जेल में हैं वहीं महिला थाना प्रभारी ने कहा कि मामले में लोयाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज है. जिसमें किशोरी के प्रेमी को जेल भेज दिया गया है. किशोरी का आरोप है कि माता-पिता उसके साथ मारपीट करते हैं. उन्हें फोनकर थाना बुलाया गया है. पूछताछ के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी.

# डॉ. आलोक विश्वकर्मा ने किया पदभार ग्रहण

## ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा को सुदृढ़ करना प्राथमिकता

**शुभम संदेश। धनबाद**



नए सिविल सर्जन डॉ. आलोक विश्वकर्मा ने गुरुवार को सिविल सर्जन कार्यालय में पदभार लिया. इस अवसर पर निवर्तमान सिविल सर्जन डॉ चंद्र भानु प्रतापन ने पुष्पगुच्छ भेंट दकर उनका स्वागत किया. पदभार लेने के बाद डॉ विश्वकर्मा ने कहा कि ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा को सुदृढ़ करना उनकी प्राथमिकता होगी. ग्रामीणों के पास विकल्प की कमी है. इसलिए ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करना है. इससे समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पूरी गुणवत्ता के साथ पहुंचाई जा सकेगी. शहरी क्षेत्र के लोगों के पास बेहतर चिकित्सा के कई विकल्प हैं. डॉ विश्वकर्मा पूर्व में 1 अगस्त 2022 से 1 अगस्त 2023 तक धनबाद में सिविल सर्जन रहे हैं. निवर्तमान सिविल सर्जन डॉ चंद्र भानु प्रतापन का तबादला जोनल मलेरिया पदाधिकारी रांची के पद पर किया गया है. मौके पर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ संजीव कुमार प्रसाद, सदर अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजीव कुमार सिंह, वीबीडी सलाहकार रमेश कुमार सिंह के अलावा स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे.

## आसनसोल

# लापता युवती का शव कुएं से बरामद परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**शुभम संदेश। कुल्टी**



नियामतपुर पुलिस फाड़ी अंतर्गत लाइनपार इलाके में एक कुएं से दो दिन से लापता युवती मोनिका मंडल का शव बरामद हुआ है. परिजनों के अनुसार, मोनिका सोमवार की भोर करीब 3 बजे घर से चुपचाप निकल गई थी. खोजबीन के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला. मंगलवार शाम उसका शव इलाके के एक पुराने कुएं में मिला. स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची नियामतपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

वहीं मोनिका की मौत को लेकर इलाके में कई तरह की चर्चाएं हो रही हैं कि घटना आत्महत्या थी या किसी साजिश का नतीजा? परिजनों का शक मोनिका की दोस्त बुनी बाउरी और उसके भाई सुभम बाउरी उर्फ पूछा पर है. मोनिका का एक चप्पल बुनी के घर में मिला, जिससे परिजनों को संदेह हुआ. पूछताछ में बुनी ने बताया कि मोनिका उसके घर आई थी और चप्पल छोड़कर चली गई, पर आगे कहां गई, इसकी जानकारी उसे नहीं है. स्थानीय लोगों का कहना है कि मोनिका और सुभम के बीच करीबी संबंध थे और संभवतः किसी बात को लेकर विवाद हुआ हो, जिससे मोनिका की मौत हुई हो. कुछ लोग यह भी मान रहे हैं कि मोनिका का पारिवारिक झगड़े के बाद मानसिक तनाव में आत्महत्या करना संभव है.

हंगामे के बीच मोनिका के परिजनों ने नियामतपुर फाड़ी में शव लाकर जोरदार प्रदर्शन किया और बुनी, सुभम एवं रोहन बाउरी पर हत्या का आरोप लगाया. पुलिस ने सुभम और रोहन को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, जबकि बुनी से भी पूछताछ जारी है. मामले की जांच गहराई से की जा रही है.

# मंदिर में मारपीट और लूट कमिटी ने बताया साजिश

**शुभम संदेश। बराकर**



बराकर मद्रासी पाड़ा कुष्ठ पल्ली स्थित शिव शक्ति धाम मंदिर में बुधवार देर रात तीन अज्ञात लोगों द्वारा लूटपाट और मारपीट की घटना सामने आई है. मंदिर में रह रहे बिंदेश्वरी गिरी ने आरोप लगाया कि रात लगभग 12 बजे तीन युवक बाइक से आए और दरवाजा खटखटाने लगे. झाड़-फूंक के बहाने रूम में प्रवेश कर उन्होंने गिरी से मारपीट की, बक्से की चाबी ली और उसमें से 2500 नगद लेकर फरार हो गए. जाते समय मंदिर और रूम में तीन ताले जड़ दिए. गिरी ने बताया कि घटना के बाद उन्होंने पास ही स्थित रेलवे कंस्ट्रक्शन शेड में गुड्डु खान को जानकारी दी, जिसने पुलिस को सूचना दी. कुछ ही देर में पुलिस पहुंची, ताले तोड़कर गिरी को अंदर प्रवेश कराया और पूछताछ शुरू की.

वहीं दूसरी ओर मंदिर कमिटी के अध्यक्ष सुरेश विश्वकर्मा, सचिव अमरजीत गुप्ता सहित अन्य सदस्यों ने गिरी के आरोपों को मनगढ़ंत और झूठा बताया. उन्होंने कहा कि मंदिर का रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड, बैंक खाता और रेलवे से स्थानांतरण की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है. गिरी द्वारा मंदिर पर निजी मालिकाना दावा करने की मंशा से यह नाटक रचा गया है. कमिटी ने यह भी आरोप लगाया कि रात्रि में मंदिर में अवैध गतिविधियों और नशाखोरी जैसी गतिविधियां होती हैं, जो अस्वीकार्य हैं. कमिटी जल्द ही इस मुद्दे पर समाज के साथ बैठक कर उचित निर्णय लेगी. पुलिस पूरे मामले की बारीकी से जांच कर रही है.

## न्यूज अपडेट

### शुभ संवाद ऐप से करें आवेदन : टीएमसी

**बर्नपुर।** आसनसोल साउथ ब्लॉक टाउन तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष पार्षद अनूप माजी ने मंगलवार को अपने आवासीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया. जिसमें पार्षद राकेश शर्मा, संध्या दास, तरूण चक्रवर्ती, सहित दर्जनो वार्ड पार्षद व तृणमूल कार्यकर्ता मौजूद थे. ब्लॉक अध्यक्ष माजी ने कहा कि आगामी 21 जुलाई के समर्थन में आसनसोल साउथ ब्लॉक टाउन टीएमसी की ओर से 12 जुलाई को एक रैली और जनसभा का आयोजन किया जायेगा. उन्होंने 12 जुलाई की रैली में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को शामिल होने का आग्रह किया. बताया कि बर्नपुर में सेल आईएसपी के आधुनिकीकरण तथा विस्तारीकरण का कार्य शुरु किया गया है. पहले मॉर्डनाइजेशन के दौर में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देशानुसार 240 लोगों का नामों की सूची सेल आईएसपी प्रबंधन को दी गयी थी. जिसमें से 116 जमीनदाताओं को उनकी योग्यता अनुसार चयन किया गया. इस बावत बीते दिनों उन्होंने तृणमूल के ट्रेड यूनियन आईएनटीटीयूसी नेता अभिजीत घटक ने मुलाकात किया था. लेकिन इस बावत अभी तक कोई दिशा निर्देश नहीं मिला है. दूसरे दौर की मांग में स्थानीय बेरोजगार युवाओं को नौकरी शामिल है. उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि शुभ संवाद ऐप के माध्यम से आवेदन करने से यह सीधे तौर पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के संज्ञान में जायेगा.

### मेमू ट्रेन के ठहराव के लिए स्टेशन मास्टर को ज्ञापन

**पुरुलिया।** हाल ही में शुरू की गई पुरुलिया-हावड़ा भाया माशाग्राम मेमू पैसेंजर ट्रेन को इंद्रबिल, मेटल शहर और सिरजाम रेलवे स्टेशनों पर रोकने की मांग को लेकर तृणमूल कांग्रेस ने सड़क पर उतर आई है. इसके अलावा, स्थानीय ट्रेनों और एक्सप्रेस ट्रेनों से पहले मालगाड़ियों को चलाकर यात्रियों को असुविधा न पहुंचाने सहित कुल 7 मांगों को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल ने शांतिपूर्वक इंद्रबिल के रेलवे स्टेशन मास्टर को ज्ञापन सौंपा. गौरांगडी क्षेत्र तृणमूल कांग्रेस कमेटी की ओर से मंगलवार को इंद्रबिल क्षेत्र में जुलूस के साथ तृणमूल कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ताओं ने इस रेलवे प्रतिनियुक्ति कार्यक्रम में हिस्सा लिया.

### माकपा आंदोलन पर पुलिस की कार्रवाई

**रानीगंज।** बंगाल बंद के समर्थन में माकपा के आंदोलन पर पुलिस प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया. आंदोलनकारी शहर के मुख्य चौराहों, बस स्टैंड और प्रमुख सड़कों पर रैली, जुलूस और नुक्कड़ सभाएं कर रहे थे, जिसके चलते यातायात प्रभावित हुआ. प्रशासन द्वारा कई बार समझाने के बावजूद जब आंदोलनकारी नहीं माने तो पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए उन्हें हटाया. इस दौरान चार माकपा समर्थकों को हिरासत में लिया गया है. पूर्व विधायक रूनू दत्त ने इस कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि बंद के समर्थन में देशभर के बेरोजगार युवा, उद्योग-धंधे से जुड़े लोग और आमजन हमारे आंदोलन को समर्थन दे रहे हैं. लेकिन केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जब हम आवाज उठा रहे हैं, तो तृणमूल कांग्रेस की सरकार बीजेपी के लिए काम करते हुए इस आंदोलन को विफल करने की कोशिश कर रही है.

### जसरमन को जत्थेदार ने किया सम्मानित

**रानीगंज।** सिख समाज की छात्रा जसरमन कौर को कानून की डिग्री प्राप्त करने पर तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब के जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह ने सम्मानित किया और आगे की न्यायिक पढ़ाई के लिए आशीर्वाद दिया. जसरमन ने आसनसोल काजी नजरूल विश्वविद्यालय से कानून की डिग्री हासिल की है. पश्चिम बंगाल सिख समाज के पदाधिकारियों ने उन्हें इस उपलब्धि पर बधाई दी है.

### जीएसटी सेमिनार में जुटे चार्टर्ड अकाउंटेंट्स

**रानीगंज।** रानीगंज चार्टर्ड अकाउंटेंट सर्किल की तरफ से जीएसटी को लेकर सेमिनार का आयोजन किया गया. इस सत्र को कोलकाता से आए अप्रत्यक्ष कर विशेषज्ञ चार्टर्ड अकाउंटेंट मनीष राज धंधारिया ने संबोधित किया. उन्होंने जीएसटी के अधिसूचित प्रावधानों एवं नियमों पर विस्तार से चर्चा की. सेमिनार का उद्देश्य सदस्यों को आगामी कार्यवाही के लिए तैयार करना था. शाखा की रश्मि टोड़नी ने कहा, जीएसटी एक निरंतर विकसित होने वाला कानून है. स्थापना लंबित मामलों के निपटारे में सहायक होगी.

### लायंस डीएवी पब्लिक स्कूल में वन महोत्सव

**रानीगंज।** लायंस डीएवी पब्लिक स्कूल, रानीगंज में वन महोत्सव सप्ताह के समापन अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथियों में लायन मनजीत सिंह, सुरेन्द्र सिंह बुद्धिराजा, आलोक बगेड़िया, सुनील गनेड़ीवाला और इन्द्रजीत सिंह शामिल हुए. कार्यक्रम की शुरुआत पौधरोपण से हुई, जिसमें एलकेजी से लेकर कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया. प्राचार्या मंदिरा दे, शिक्षकगण एवं लायन सदस्यों की उपस्थिति में छात्रों ने विद्यालय परिसर में पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. बच्चों ने जागरूकता रैली निकाली. उन्होंने पर्यावरण से संबंधित नारे लगाए. सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नाटक, कविता वाचन और नृत्य प्रस्तुत किए गए. नन्हे बच्चों ने वृक्षों के महत्व और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा का संदेश देते हुए नाटका प्रदर्शन किया.कार्यक्रम में सभी शिक्षक और कर्मचारी हरे रंग की पोशाक में शामिल हुए, जो पर्यावरण के प्रति उनके समर्थन का प्रतीक था.

# ईसीएल में बंदी का असर नहीं, काम-काज सामान्य

**शुभम संदेश। कुल्टी**



**सांकतोड़िया।** ईसीएल पर केंद्रीय श्रमिक संगठनों द्वारा आहूत देशव्यापी आम हड़ताल का कोई असर देखने को नहीं मिल रहा है. मुग्मा एरिया में हल्का असर रहा. जिससे कोयला उत्पादन और प्रेषण प्रभावित हुआ है. अधिकारियों ने बताया कि पूरे ईसीएल में 90 प्रतिशत उपस्थिति रही. द्वितीय पाली में भी उपस्थिति लगभग सामान्य रही. उल्लेखनीय है कि केंद्रीय श्रम संगठनों ने चार लेबर कोड निरस्त करने सहित केन्द्र की श्रमिक विरोधी नीतियों के खिलाफ 17 सूत्रीय मांगो को लेकर भारत बंद बुलाया था, जिसमें पब्लिक सेक्टर सहित बैंकिंग, इंश्योरेंस, पोस्टल, हाईवे, कंस्ट्रक्शन, स्टेट ट्रांसपोर्ट आदि प्रतिष्ठानों के श्रमिक हड़ताल में शामिल हुए. किसान संगठन भी हड़ताल का समर्थन किया है. जानकारी के अनुसार कोयला उद्योग में जब भी हड़ताल हुआ है, तब तब ईसीएल पर कोई खास असर नहीं पड़ा है. जानकारों ने बताया कि ईसीएल मुगमा क्षेत्र के सेंट्रल पुल रेलवे साइडिंग में रेलवे का रैक तो आया हुआ है परंतु मजदूरों के हड़ताल के कारण रैक खड़ी है. जानकारों का यह भी कहना है कि जबसे पश्चिम बंगाल में तृणमूल की सरकार आई है तभी से हड़ताल का विरोध किया जाता रहा है. यही कारण है कि ईसीएल पर हड़ताल का कोई विशेष असर नहीं पड़ता है.

### आम हड़ताल का कुल्टी में नहीं दिखा असर, सड़क-बाजार रहे सामान्य

**बराकर।** देशभर में बुधवार को श्रमिक संगठनों के आह्वान पर आयोजित आम हड़ताल का कुल्टी क्षेत्र में खास असर देखने को नहीं मिला . भाजपा और तृणमूल कांग्रेस को छोड़ अधिकांश राजनीतिक दलों और ट्रेड यूनियनों ने इस हड़ताल का समर्थन किया था, लेकिन बराकर, नियामतपुर और कुल्टी इलाके में जनजीवन सामान्य रहा . हड़ताल के दौरान दुकानें और बाजार रोज़मर्रा की तरह खुले रहे और वाहनों का आवागमन भी सामान्य रहा . बीसीसीएल के एरिया-12 में कर्मी सामान्य रूप से उपस्थित रहे, हालांकि दामागुड़िया क्षेत्र में ट्रांसपोर्टिंग कार्य प्रभावित देखा गया .

### पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत बन रहा श्रेष्ठ

**बर्नपुर।** भाजपा प्रदेश नेता पवन कुमार सिंह के नेतृत्व में रामबांध स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मारक समिति कार्यालय में एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में बिहार भाजपा नेता रवींद्र रंजन एवं भाजपा जिलाध्यक्ष देवतनु भट्टाचार्य को अंगवस्त्र से सम्मानित किया. कार्यक्रम में केंद्र की मोदी सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों पर चर्चा करने के साथ बिहार में आगामी वर्ष होने वाले विधानसभा में प्रवासी बिहारियों को बढ़- चढ़कर मतदान करने की अपील की गई. पवन कुमार सिंह ने बताया की प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत श्रेष्ठ बन रहा है और उसमें बिहार तथा झारखंड के लोगों की अहम भूमिका है. बिहार विकास के पथ पर है. एनडीए को पूर्ण बहुमत दिलाना है. कहा की बिहार की राजनीति का असर पूरे देश पर पड़ता है. मौके पर अपु हाज़रा, अरिजित राय, उपासना उपाध्याय, काजल मंडल, अवधेश सिंह, महेंद्र यादव आदि उपस्थित थे.

मंथन

## साप्रदायिक सौहार्द पर संकट और समाधान

झारखंड, जो वर्षों से अपनी गंगा-जमुनी तहजीब, सांस्कृतिक विविधता और सामाजिक समरसता के लिए जाना जाता रहा है, इन दिनों लगातार सांप्रदायिक तनाव की घटनाओं से जूझ रहा है. बीते चार महीनों में दस से अधिक बार राज्य में सांप्रदायिक हिंसा भड़काने की कोशिश की गई है- वह भी सुनियोजित तरीके से. यह महज संयोग नहीं, बल्कि सामाजिक ताने-बाने को कमजोर करने की सोची-समझी साजिश का संकेत है. इस तरह की घटनाएं राज्य की स्थिरता, विकास और नागरिकों की आपसी विश्वास पर गंभीर असर डाल सकती हैं. औसतन हर माह दो बार होने वाली ऐसी कोशिशें बताती हैं कि असामाजिक तत्व लगातार सक्रिय हैं और राज्य के पुलिस प्रशासन को चुनौती दे रहे हैं. इस संकट से निपटने के लिए केवल पुलिसिया कार्रवाई पर्याप्त नहीं होगी. जरूरत है व्यापक और सामूहिक हस्तक्षेप की. समुदायों के बीच संवाद और विश्वास की पुनर्स्थापना आज समय की मांग है. धार्मिक और सामाजिक नेताओं को साथ लेकर, शांति समितियों को पुनर्जीवित कर, और युवाओं को जागरूक बना कर सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी. राजनीतिक इच्छाशक्ति भी उतनी ही आवश्यक है. राजनेताओं को तात्कालिक राजनीतिक लाभ से ऊपर उठ कर दीर्घकालिक सामाजिक सौहार्द को प्राथमिकता देनी होगी. साथ ही, ऐसी घटनाओं में शामिल दोषियों को त्वरित और कठोर दंड सुनिश्चित करने के लिए न्याय प्रणाली को भी गति देनी होगी. यदि अब भी निर्णायक कदम नहीं उठाए गए, तो ये साजिशें न केवल सामाजिक सौहार्द को तोड़ेंगी, बल्कि झारखंड की विकास यात्रा को भी बाधित करेंगी.

नजरिया

## वन्य जीवों के जीवन के प्रति संवेदनशीलता की मिसाल

रामगढ़ वन प्रमंडल क्षेत्र में घटित हालिया घटना ने यह साबित कर दिया कि जब मानवीय संवेदना और प्रशासनिक तत्परता एक साथ आती हैं, तो प्रकृति और प्राणी दोनों के हित में बड़े कार्य संपन्न हो सकते हैं. एक गर्भवती हथिनी के सुरक्षित प्रसव के लिए मालगाड़ी को दो घंटे रोकने का रेलवे प्रशासन का निर्णय न केवल साहसिक था, बल्कि यह जीवन के प्रति जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का अनूठा उदाहरण भी बन गया. जिस तरह वन विभाग के एक सतर्क वनरक्षी ने समय पर हथिनी की उपस्थिति की सूचना दी और रामगढ़ के डीएफओ नितीश कुमार ने बिना विलंब के मालगाड़ी रोकने का निर्णय लिया, वह वन्यजीवों के प्रति बढ़ती मानवीय समझ को दर्शाता है. आमतौर पर वन्यजीवों और रेलवे लाइनों के टकराव के अनेक मामले सामने आते हैं, जिनमें अक्सर दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं घटती हैं. लेकिन इस बार मानवीय हस्तक्षेप ने एक जीवन की रक्षा की. यह घटना प्रशासनिक तालमेल, संवेदनशील नेतृत्व और सतर्क निगरानी का सशक्त उदाहरण है. नवजात हाथी का मां के साथ 10 किमी चलकर सुरक्षित कॉरिडोर तक लौटना, इस पूरे प्रयास की सफलता का प्रमाण है. आज जबकि विकास की दौड़ में प्रकृति और जीवों की उपेक्षा होती है, ऐसे प्रयास संदेश देते हैं कि विकास और संरक्षण साथ-साथ चल सकते हैं. यह घटना सिर्फ एक हथिनी और उसके शावक की रक्षा नहीं है, यह जीवन के प्रति एक नई सोच की नींव है- एक ऐसी सोच, जिसमें मानव और प्रकृति सह-अस्तित्व की ओर बढ़ सकें.

# अपनी पहचान जाहिर करने में कैसी शर्म!

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

**कल से सावन शुरू हो रहा है. कांवड़ यात्रा मार्ग की दुकानों का मुद्दा फिर उठा.**



भगवान शंकर के प्रिय माह सावन की शुरुआत 11 जुलाई से है. सावन की शुरुआत के साथ ही कांवड़ यात्रा का शुभारंभ हो जाएगा. झारखंड व उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर कांवड़ यात्रा निकलती की परंपरा है. यूपी में कांवड़ यात्रा का विराट रूप पश्चिमी हिस्से में दिखता है. हरिद्वार से निकलने वाले कांवड़ यात्री इस मार्ग से निकलते हैं. इस मार्ग में भगवान शिव के कई बड़े प्राचीन एवं प्रसिद्ध मंदिर हैं. यहां पर श्रद्धालु भगवान का जलाभिषेक करते हैं. मुजफ्फरनगर, शामली, मेरठ से लेकर गाजियाबाद, हापुड़ तक के शिव मंदिरों में इस मार्ग से गंगाजल लेकर भक्त कांवड़ यात्रा पर निकलते हैं. लेकिन कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा मार्ग पर तनाव बढ़ गया है.असल में, मुजफ्फरनगर जिले के बघरा गांव में योग साधना आश्रम के संचालक और सनातन धर्म के प्रचारक स्वामी यशवीर महाराज पिछले कुछ वर्षों से कांवड़ मार्ग पर दुकानों और ढाबों पर नेम प्लेट लगाने की मांग करते रहे हैं. उनका कहना है कि कांवड़ मार्ग पर कुछ लोग हिंदू देवी-देवताओं के नाम पर ढाबे और दुकानें चलाकर शिव भक्तों को धोखा दे रहे हैं.

ताजा प्रकरण यह है कि, स्वामी यशवीर महाराज और हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ता कांवड़ मार्ग स्थित दिल्ली-दून हाईवे स्थित पंडित वैष्णो ढाबा पर पहुंचे. वास्तव में, ढाबा मुस्लिम का था, लेकिन बोर्ड पर लिखा था-पंडित का शुद्ध वैष्णो ढाबा. यानी पहचान छिपाने का अपराध किया गया था. पंडित वैष्णो ढाबे को सनव्वर नाम का एक मुस्लिम व्यक्ति चलाता है. इस ढाबे में उसका बेटा आदिल और जुबैर समेत दो अन्य लोग भी काम करते हैं. कहा जा रहा है कि यशवीर महाराज और अन्य ने ढाबे के मालिक और कर्मचारियों की धार्मिक पहचान जांचने के लिए पैंट उतरवाई. विवाद यहीं से भड़का. आग में घी डालते हुए समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद एसटी हसन ने पहचान वाले मामले को पहलगाम आतंकी हमले से जोड़ने का काम किया. हसन ने कहा कि, मैं पूछना चाहता हूं कि क्या आम नागरिकों को अधिकार है कि वह किसी दुकानदार की पैंट उतरवाकर चेक कर सकते हैं?

जुलाई, 2021 में गाजियाबाद में दो ऐसे मुस्लिम दुकानदारों का पता चला, जो हिंदू नाम से दुकान चला रहे थे. इनमें एक दुकान पुरानी सब्जी मंडी में है, जिसका नाम है 'न्यू अग्रवाल पनीर भंडार.' इस दुकान का मालिक है मंजूर अली. दूसरी दुकान 'लालाजी पनीर भंडार' के नाम से है. इसका मालिक ताहिर हुसैन है. इन दोनों का कहना था कि हिंदू नाम रखने से ग्राहक कम पूछताछ करते हैं और धंधा अच्छा चलता है. पिछले साल कांवड़ यात्रा के समय जब नेम प्लेट लगाने के आदेश जारी हुए थे, तो खूब हंगामा मचा था. उस समय सोशल मीडिया से लेकर अखबारों और समाचार चैनलों तक में इस बात की बड़ी चर्चा थी कि कैसे एक आदेश के चलते रातों रात मुजफ्फरनगर का 'संगम शुद्ध शाकाहारी होटल' बन गया 'सलीम ढाबा.' 'मां भवानी जूस कार्नर' का नाम हो गया 'फहीम जूस केंद्र.' 'टी प्वाइंट' का नाम हो गया 'अहमद टी स्टाल.' ऐसे ही 'नीलम स्वीट्स' का मालिक निकला मो. फजल अहमद. 'अनमोल कोल्ड ड्रिंक्स' का मालिक है मो. कमर आलम.

हरिद्वार नजीबाबाद रोड पर चिडियापुर और समीरपुर गंग नहर रोड पर भी ऐसे हिंदू नामधारी ढाबे हैं, जिनके मालिक मुसलमान हैं. मेरठ, गजरौला, गढ़मुक्तेश्वर, मुंडा पांडे हाईवे पर भी दर्जनों ऐसे ढाबे चल रहे हैं, जिनके मालिक मुसलमान हैं. मीडिया रिपोर्टस के अनुसार, धोखा देने के लिए ये लोग होटल के अंदर हिंदू देवी-देवताओं के चित्र भी रखते हैं, ताकि हिंदू यात्रियों को लगे कि वे किसी हिंदू होटल में ही खाना खा रहे हैं. लेकिन जब कोई ग्राहक ऑनलाइन पैसा देता है, तब पता चलता है मालिक मुसलमान है. इन ढाबों और होटलों में काम करने वाले लोगों के नाम राजू, विक्की, गुड्डू, सोनू जैसे होते हैं. ये लोग तिलक भी लगाते हैं और कलावा भी बांधते हैं. यह

**खाद्य अधिनियम 2006 प्रावधान है कि खानपान दुकानदारों को अपना फूड लाइसेंस ऐसी जगह लगाना होगा, जहां आसानी से देखा जा सके. वैसे भी ये मसला हिंदू-मुस्लिम, धार्मिक भेदभाव की बजाय सीधे तौर पर ग्राहकों के अधिकार से जुड़ा है.**

धोखा नहीं तो क्या है? मुजफ्फरनगर के पंडित वैष्णो ढाबे पर काम करने वाले तजमुल ने खुद को गोपाल बताया था. हरिद्वार में गुप्ता चाट भंडार में स्कैनर से पेमेंट गुलफाम नाम के अकाउंट में जाने का मामला बीते दिनों प्रकाश में आया है.

अहम सवाल यह है कि पहचान छुपाकर व्यापार करने के पीछे कोई मजबूरी है या षडयंत्र? मुस्लिम व्यक्ति को अपने नाम से दुकान या ढाबा खोलने में क्या दिक्कत है? अपने-अपने धर्म के हिसाब से नाम लिखकर लोग दुकान खोलेंगे या व्यापार करेंगे तो ग्राहक अपनी मर्ज़ी से दुकान पर जाएगा और जिसे जहां से जो खरीदना होगा, वो वहां से ख़रीदेगा. लेकिन पहचान छुपाकर व्यापार या कोई अन्य कार्य करना कानून और नैतिक तौर पर गलत और अपराध है. ऐसी घटनाएं और प्रकरण प्रकाश में आने के बाद संदेह और अविश्वास का माहौल बनता है. जो सामाजिक, राजनीतिक और कानून व्यवस्था के मोर्चे पर दिक्कतें पैदा करता है.बात जब खाने पीने की हो तो मामला गंभीर और संवेदनशील हो जाता है.

खानपान के पीछे व्यक्तिगत रुचि, संस्कार, धर्म-कर्म और आस्था की पृष्ठभूमि और भूमिका होती है. इसमें कोई दो राय नहीं है कि शासन-प्रशासन के नेम प्लेट के आदेश से किसी की भावनाएं आहत नहीं होतीं. खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 में स्पष्ट प्रावधान है कि खानपान के दुकानदारों को अपना फूड लाइसेंस ऐसी जगह लगाना होगा, जहां आसानी से उसे देखा जा सके. वैसे भी ये मसला हिंदू-मुस्लिम, धार्मिक भेदभाव या किसी की आजीविका की बजाय सीधे तौर भावनाओं और ग्राहक के अधिकार से जुड़ा है. जो करोड़ों की संख्या में कांवड़िए हरिद्वार से गंगा जल लेकर अपने गंतव्य की ओर जाते हैं, उन सबको रास्ते में भोजन कैसा मिले? कैसा भोजन वो खाएं? ये उनकी स्वतंत्रता है. जब मुसलमान हलाल प्रमाणपत्र देखकर ही कोई सामान खरीदता है, तब हिंदू भी ऐसा क्यों नहीं कर सकता है.

**(लेखक, स्वतंत्र पत्रकार हैं.)**

## आज का इतिहास

1884: इंग्लैंड के ओल्ड ट्रैफर्ड में पहले क्रिकेट टेस्ट मैच का पहला दिन बारिश में धुला.
1913: यूरोपीय देश रोमानिया ने बुल्गारिया के खिलाफ युद्ध की घोषणा की.
1920: अमेरिकी विज्ञानी और नोबेल पुरस्कार विजेता ओवेन चेम्बरलेन का जन्म हुआ.
1924: डेनमार्क ने ग्रीनलैंड पर कब्जा किया.
1925: तॉस को सोवियत संघ की समाचार एजेंसी के रूप में शुरू किया गया.
1931: महिला एविएटर, बिएनहौसेन ने विश्व की परिक्रमा के लिए उड़ान भरी.
1982: सेइची मियाके, जापानी आविष्कारक का निधन हो गया.
1999: जिनेवा में अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन शुरू.
2001: नेपाल नरेश हत्या मामले में जांच अवधि चार दिन तक बढ़ा दी गई.
2006: एनसैट-4सी भारत का भूस्थिर उपग्रह श्रीहरिकोटा से जीएसएलवी-एफ02 के साथ इनसैट-4सी के साथ प्रक्षेपित हुआ.

## तन की नहीं, मन की सुंदरता दूर-दूर तक फैलती है...

**चिंतन**

महान दार्शनिक सुकरात दिखने में बेहद कुरूप थे. हालांकि उन्होंने अपने कुरूप होने पर कभी अफसोस नहीं जताया. ऐसे में वह एक दिन कमरे में अकेले बैठे हुए आईना हाथ मे लिए अपना चेहरा बार-बार देख रहे थे.

तभी उनका एक शिष्य कमरे मे आया, सुकरात को आईना देखते हुए देख उसे कुछ अजीब लगा. वह फिलहाल कुछ बोला नहीं गुरुजी को देख कर सिर्फ मुस्कराने लगा. विद्वान सुकरात शिष्य की मुस्कराहट देख कर सब समझ गए और कुछ देर बाद बोले, मैं तुम्हारे इस तरह मुस्कराने का मतलब समझ रहा हूं. शायद तुम सोच रहे हो कि मेरे जैसा बेहद कुरूप आदमी आईना क्यों देख रहा है और देख रहा है, तो क्या देख रहा है?

शिष्य कुछ नहीं बोला, बस, उसका सिर शर्म से झुक गया.

दार्शनिक सुकरात ने फिर बोलना शुरू किया, शायद तुम नहीं जानते कि मैं आईना क्यों देखता हूं.

नहीं, शिष्य बोला.

गुरु जी ने कहा- मैं कुरूप हूं इसलिए रोजाना आईना देखता हूं. आईना देख कर मुझे अपनी कुरूपता का पूरा भान हो जाता है. मैं अपने रूप को जानता हूं. इसलिए मैं हर रोज कोशिश करता हूं कि अच्छे काम करूं, ताकि मेरी यह कुरूपता इसमें ढक जाए.

शिष्य को ये बात बहुत शिक्षाप्रद लगी.परंतु उसने एक शंका प्रकट की- तब गुरु जी, इस तर्क के अनुसार सुंदर लोगों को तो आईना नही देखना चाहिए?

ऐसी बात नहीं! सुकरात समझाते हुए बोले, उन्हें भी आईना अवश्य देखना चाहिए! इसलिए, ताकि उन्हे ध्यान रहे कि वे जितने सुंदर दीखते हैं, उतने ही सुंदर काम करें, कहीं उनके बुरे काम उनकी सुंदरता को ढक ना लें और परिणामवश उनके कर्मों को ही कुरूप न बना दें.

शिष्य को गुरु जी की बात का रहस्य मालूम हो गया. वह गुरु सुकरात के आगे नतमस्तक हो गया.

प्रिय मित्रों, कहने का भाव यह है कि सुन्दरता मन और भावों से दिखती है. शरीर की सुन्दरता तात्कालिक है, जब कि मन और विचारों की सुन्दरता की सुगंध दूर-दूर तक फैलती है.

## X इंडिया पर ट्रेंडिंग



1. #बिहार_बंद
2. #एक_पेड़_माँ_के_नाम
3. #bridgecollapse
4. #ABVPFoundationDay
5. #BiharBand
6. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद
7. वाहन नदी
8. vmin
9. छात्र संगठन
10. चुनाव आयोग

# बहुरंग

### रणबीर की 'रामायण' का फर्स्ट लुक रिलीज,अरुण गोविल को दशरथ के रूप में देखना बताया अजीब

## रणबीर की 'रामायण' पर दीपिका चिखलिया की नाराजगी

**रणबीर** कपूर की आने वाली फिल्म 'रामायण' का फर्स्ट लुक सामने आया, जिसे दर्शकों से काफी सराहना मिली.भले ही यह फिल्म रामायण की एक नई प्रस्तुति हो, लेकिन 1987 में दूरदर्शन पर प्रसारित हुआ ऐतिहासिक धारावाहिक 'रामायण' आज भी लोगों की यादों में ताजा है.इस सीरियल में सीता का प्रतिष्ठित किरदार निभाने वाली अभिनेत्री दीपिका चिखलिया ने रणबीर कपूर की इस नई 'रामायण' को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की है.उन्होंने कहा कि इस पौराणिक कथा को बार-बार नए रूप में प्रस्तुत करना सही नहीं है और इससे उसकी मूल आत्मा को ठेस पहुंच सकती है.दीपिका का मानना है कि धार्मिक और सांस्कृतिक भावनाओं से जुड़ी कहानियों के साथ छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए और हर बार उसे मॉडर्न लुक देने की होड़ में उसकी गहराई खो जाती है.फिल्म 'रामायण' में अरुण गोविल दशरथ का किरदार निभाएंगे.इस बारे में दीपिका





चिखलिया ने एक इंटरव्यू में कहा, मैंने हमेशा अरुण गोविल को राम के किरदार में देखा है.उन्हें दशरथ के किरदार में देखना बहुत अजीब लगता है.मेरे लिए वे हमेशा भगवान राम ही रहेंगे.अरुण गोविल का व्यक्तित्व, उनके चेहरे पर जो तेज है, वह भगवान राम जैसा लगता है.इसलिए मुझे उन्हें राम के पिता के रूप में देखना पसंद नहीं है।₹ इस तरह दीपिका ने अपनी नाराजगी जाहिर की.दीपिका से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, इस नई रामायण के लिए मुझसे कभी पूछा ही नहीं गया.मुझसे कोई बातचीत भी नहीं की गई.मैं एक बार सीता का किरदार निभा चुकी हूं, इसलिए मेरे लिए दोबारा रामायण में कोई और किरदार निभाना सही नहीं होगा.जब एक पवित्र कहानी को फिर से सुनाया जाना हो तो मूल कलाकारों का सम्मान करना जरूरी होता है.रामायण एक भावनात्मक कहानी है.दर्शक आज भी हमें उन किरदारों के जरिए जानते हैं.फिल्म 'रामायण' की बात करें तो इसमें रणबीर कपूर राम का किरदार निभा रहे हैं.साई पल्लवी माता सीता की भूमिका में नजर आएंगी और यह भव्य फिल्म 2026 में रिलीज होगी.रणबीर और सई के साथ सनी देओल हनुमान की भूमिका में नजर आएंगे.

## बॉक्स ऑफिस पर नहीं चली 'मेट्रो.. कलेक्शन में तेज गिरावट



फिल्म 'मेट्रो... इन दिनों' में सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों ने दमदार अभिनय किया है, जिन्हें दर्शकों और समीक्षकों से सराहना मिली, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर इसका प्रदर्शन उम्मीद से कम रहा.फिल्म की शुरुआत औसत रही और वीकेंड पर इसकी कमाई में इजाफा भी हुआ, लेकिन सप्ताह की शुरुआत होते ही इसके कलेक्शन में तेज गिरावट देखने को मिली.खासकर सोमवार को फिल्म की कमाई में भारी गिरावट दर्ज की गई, जिससे इसके आगे के बॉक्स ऑफिस सफर को लेकर चिंता बढ़ गई है.बॉक्स ऑफिस ट्रैकिंग वेबसाइट सैकनिल्क के अनुसार 'मेट्रो... इन दिनों' ने अपने ओपनिंग डे पर केवल 3.5 करोड़ रुपये की कमाई की.हालांकि, दूसरे दिन फिल्म ने रफ्तार पकड़ी और 6 करोड़ रुपये का कारोबार किया.तीसरे दिन भी इसका प्रदर्शन बेहतर रहा, जब इसने 7.25 करोड़ रुपये अपने खाते में जोड़े.लेकिन चौथे दिन यानी सोमवार को फिल्म की कमाई में भारी गिरावट आई और यह सिर्फ 2.50 करोड़ रुपये ही कमा सकी.इस तरह चार दिनों में 'मेट्रो... इन दिनों' ने कुल 19.25 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन भारत में किया है.'मेट्रो... इन दिनों' बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पा रही है.हालांकि, इसने अपने प्रीक्वल 'लाइफ इन ए मेट्रो' के लाइफटाइम कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया है और महज चार दिनों में करीब 20 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है.लेकिन चुनौती अभी बाकी है, रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म का बजट लगभग 100 करोड़ रुपये है.ऐसे में अगर यह फिल्म पहले हफ्ते में दमदार कमाई नहीं कर पाती, तो अपना लागत निकाल पाना इसके लिए काफी मुश्किल साबित हो सकता है.'मेट्रो... इन दिनों' को बॉक्स ऑफिस पर कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ रहा है.एक तरफ 18 दिन पहले रिलीज़ हुई आमिर खान की 'सितारे जमीन पर' अब भी दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींच रही है, तो दूसरी ओर काजोल की 'मां', हॉलीवुड की एफ1' और 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' जैसी बड़ी फिल्मों से भी इसका मुकाबला है.अब देखना दिलचस्प होगा कि इतनी जबरदस्त प्रतिस्पर्धा के बीच 'मेट्रो... इन दिनों' कितनी मजबूत पकड़ बना पाती है.फिल्म में आदित्य रॉय कपूर-सारा अली खान, अली फज़ल-फातिमा सना शेख, पंकज त्रिपाठी-कोंकणा सेन शर्मा, नीना गुप्ता और अनुपम खेर जैसे कलाकारों की शानदार जोड़ियां दर्शकों को इमोशन और रिलेशनशिप की अलग-अलग कहानियों से जोड़ती हैं.इसने अपने प्रीक्वल 'लाइफ इन ए मेट्रो' के लाइफटाइम कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया है और महज चार दिनों में करीब 20 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है.लेकिन चुनौती अभी बाकी है, रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म का बजट लगभग 100 करोड़ रुपये है.

### सैयारा' का ट्रेलर रिलीज, दिखी इश्क और जुनून की टकराहट

यशराज बैनर की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'सैयारा' पिछले काफी समय से चर्चा में बनी हुई है.पोस्टर और टीज़र के जरिए पहले ही दर्शकों की दिलचस्पी बढ़ चुकी थी.अब फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज कर दिया गया है, जिसने उत्साह को एक नया मुकाम दे दिया है.इस फिल्म के जरिए चंकी पांडे के भतीजे अहान पांडे बॉलीवुड में अपना डेब्यू कर रहे हैं.साथ ही यशराज फिल्म्स ने अनीत पड्डा को भी 'सैयारा' के माध्यम से हिंदी सिनेमा में लॉन्च किया है.'सैयारा' के ट्रेलर में अहान पांडे और अनीत पड्डा के बीच की रोमांटिक केमिस्ट्री दिल को छूने वाली है.यह एक ऐसी अनोखी प्रेम कहानी पेश करता है, जो एक ओर दिल तोड़ती है तो दूसरी ओर दिल को पूरी तरह भर भी देती है.अहान एक गायक और टूटे दिल वाले आशिक के किरदार में बेहद प्रभावशाली नजर आ रहे हैं, जबकि अनीत की खूबसूरती और भावनात्मक अभिनय भी दर्शकों का ध्यान खींच रहा है.




आचार्य प्रणव मिश्रा
मोबाइल नंबर
8210075897

**मेष :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए. कल का परिश्रम आज लाभ देगा. आलस्य का त्याग करें. कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा. यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा. शुभांक-3-5-7

**वृष :** जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी. महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. आय-व्यय समान रहेगा. कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी. बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा. सुख-आनंद कारक समय है. अपने काम पर ध्यान दीजिए. अंधविश्वासी न बनें. शुभांक-5-7-9

**मिथुन :** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. शुभांक-6-7-9

**कर्क :** किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा. बुद्घि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें. अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें. परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता हैं. मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी. पुराने मित्र से मिलन होगा. शुभांक-4-6-8

**सिंह :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है. शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है. स्वास्थ्य मध्यम रहेगा. जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा. व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी. कार्यसिद्घि में देर नहीं लगेगी. आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा. ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा. यात्रा का योग. शुभांक-6-8-9

**कन्या :** शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी. परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं. मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा. कारोबारी काम में प्रगति रहेगी. लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे. शुभांक-5-7-9

**तुला :** लाभ में आशातीत वृद्घि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं. किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं. 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी. निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा. ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** कामकाज की अधिकता रहेगी. लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी. व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी. कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी. शुभांक-3-6-8

**धनु :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं. निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा. अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे. विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्घ होंगे. नौकरी में अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा. आध्यात्मिक रुचि बनेगी. शुभांक-2-3-5

**मकर :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्घि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा. किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी. अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा. कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा. आर्थिक चिंताएं कम होंगी. नियोजित धन से लाभ होने लगेगा. शुभांक-2-5-7

**कुंभ :** विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है. शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग जनों से मतभेद रहेगा. भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी. जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है. आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी. बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. शुभांक-3-5-8

**मीन :** कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ. विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें. राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें. मान-सम्मान को ठेस लग सकती है. जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें. नये आगंतुकों से लाभ होगा. व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी. संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी. शुभांक-3-5-7

## ब्रीफ न्यूज

### कटिहार में उदयपुर-कामाख्या एक्स. ट्रेन का चक्का पटरी से उतरा

**कटिहार ।** उदयपुर-कामाख्या एक्सप्रेस ट्रेन बुधवार को एक हादसे का शिकार हो गई. ट्रेन की पैंट्री कार का एक चक्का पटरी से उतर गया, जिससे ट्रेन को तत्काल रोका गया. यह घटना कटिहार रेलखंड पर डंडखोरा स्टेशन के पास घटी. कटिहार रेलमंडल के सीनियर डीसीएम ने बताया कि ओवरहालिंग के लिए बुक किए गए पेंट्रीकार कोच संख्या 213460 के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिली है. यह कोच ट्रेन संख्या 19615 उदयपुर सिटी कामाख्या कवि गुरु एक्सप्रेस द्वारा कामाख्या में मरम्मत के लिए बुक किया गया था. हादसे के कारण अफरा-तफरी मच गई, लेकिन यात्रियों की सतर्कता और ट्रेन स्टाफ की तत्परता के चलते स्थिति नियंत्रण में रही. राहत की बात यह है कि इस दुर्घटना में कोई भी यात्री घायल नहीं हुआ है. पटरी से उतरी दो बोगी को हटाकर ट्रेन को आगे के लिए रवाना कर दिया गया है.

### मतदाता सूची को लेकर डीएम ने रथ किया रवाना

**अररिया ।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिले में व्यापक जन-जागरूकता अभियान का शुभारंभ बुधवार को समाहरणालय परिसर से किया गया. जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी अनिल कुमार द्वारा छह जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया. ये सभी रथ जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों यथा नरपतगंज, रानीगंज, फारबिसगंज, अररिया, जोकीहाट,तथा सिकटी में भ्रमण कर आम मतदाताओं को जागरूक करेंगे. इन रथों के माध्यम से ऑडियो संदेशों, पोस्टर, बैनर आदि के जरिए लोगों को यह जानकारी दी जाएगी कि किस प्रकार वे गणना प्रपत्र भर सकते हैं, बीएलओ को आवश्यक दस्तावेज जमा कर सकते हैं, तथा समय पर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं. रथ प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों, पंचायतों और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर रुककर जागरूकता संदेश देंगे.

# बिहार बंद का असर पटना सहित कई जिलों में दिखा, 17 स्टेशनों पर किया प्रदर्शन

संवाददाता ।पटना



बिहार में चुनाव आयोग द्वारा चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण के विरोध में आईएनडीआईए गठबंधन द्वारा बुधवार को बुलाए गए बंद का असर पटना सहित कई जिलों में देखने को मिला. राजधानी पटना के अलावा गोपालगंज, दरभंगा, आरा, मधेपुरा, किशनगंज, खगड़िया, मधुबनी, गयाजी और सहरसा समेत कई जिलों में बंद समर्थकों ने जमकर प्रदर्शन किया है.

इस दौरान कहीं ट्रेनें रोक दी गईं, तो कहीं सड़क पर आगजनी कर आवागमन को बाधित कर दिया गया. पटना की सड़क पर राहुल गांधी, तेजस्वी यादव समेत महागठबंधन के अन्य दिग्गज नेता प्रदर्शन करते नजर आए.

**बंद के दौरान 17 स्टेशनों पर किया गया प्रदर्शन :** राज्य के 17 रेलवे स्टेशनों पर भी बंद के दौरान प्रदर्शन किया गया. पूर्व मध्य रेलवे (पूमरे) ने बुधवार को इसकी जानकारी दी है. रेलवे अधिकारियों ने बताया कि राज्य भर के 17 अलग-अलग स्टेशनों पर प्रदर्शनकारियों द्वारा ट्रेनों को कुछ समय के लिए रोका गया. हालांकि, इस दौरान कहीं भी हिंसा या तोड़फोड़ की घटना नहीं हुई. मुजफ्फरपुर में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को भी रोका गया. मजदूर एवं कर्मचारी संगठनों ने भी विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार को बिहार समेत देश भर में बंद बुलाया. बिहार ग्रामीण बैंक में हड़ताल से करीब 10 हजार करोड़ रुपये के कारोबार के नुकसान होने की खबर है.

**उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का राहुल गांधी पर तंज :** बिहार बंद के समर्थन में राहुल गांधी के पटना आने पर राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने तंज कसा है. उन्होंने कहा कि राहुल पिकनिक मनाने बिहार आए हैं. बिहार की समस्या से उनको कोई लेना-देना नहीं है.

**सांसद अरुण भारती ने महागठबंधन पर साधा निशाना :** चिराग पासवान के जीजा और लोजपा (रामविलास) के जमुई से सांसद अरुण भारती ने भी बिहार बंद को लेकर महागठबंधन पर निशाना साधा है. उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि लोकतंत्र में विरोध, प्रदर्शन और हड़ताल करना सबका अधिकार है. मगर महाठगबंधन का 'बिहार बंद' और 'चक्का जाम' का असली मकसद है अपनी कुर्सी का इंतजाम.

**पप्पू यादव, कन्हैया कुमार को गाड़ी पर चढ़ने से रोका गया :** पटना में बिहार बंद के दौरान पूर्णिया से सासंद पप्पू यादव और कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार को राहुल गांधी एवं तेजस्वी यादव की गाड़ी में चढ़ने से रोका गया. राहुल-तेजस्वी ओपन गाड़ी में सवार होकर महागठबंधन के मार्च का नेतृत्व कर रहे थे. तभी पप्पू और कन्हैया ने भी उसमें चढ़ने की कोशिश की. लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने दोनों नेताओं को रोक दिया. इस कारण उन्हें भारी फजीहत झेलनी पड़ी.

**गोपाल खेमका के घर नहीं गए राहुल गांधी :** बिहार बंद में शामिल होने के लिए पटना आए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को मृतक गोपाल खेमका के घर जाकर उनके परिजनों से मिलना था. लेकिन, प्रशासन ने सुरक्षा कारणों की वजह से राहुल को गोपाल खेमका के घर जाने से रोका दिया, जिसके बाद राहुल गांधी सीधे पटना एयरपोर्ट पहुंचे और वहां से दिल्ली रवाना हो गए. गोपाल खेमका की हाल ही में गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी.

# शौचालय की टंकी साफ करने उतरे तीन सदस्यों की हुई मौत

संवाददाता ।पटना

समस्तीपुर जिले के बिथान प्रखंड सलहा बुजुर्ग गांव में शौचालय की टंकी साफ करने दौरान दम घुटने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई. मृतकों में दो सगे भाई और उनमें से एक का बेटा शामिल है. घटना की सूचना पर पहुंची लरझा घाट थाना पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. पीड़ित परिवार के मुताबिक राम उमेश साहू (42) अपने घर में बनी एक पुरानी शौचालय की टंकी की सफाई के लिए उसमें उतरे. इस दौरान पुरानी टंकी से नई टंकी में गैस और पानी का रिसाव हो रहा था. जब राम उमेश काफी देर तक बाहर नहीं आए, तो उनके छोटे भाई दया राम साहू (38) उन्हें देखने और बचाने के लिए उसी टंकी में उतर गए. दुर्भाग्यवश, वह भी अंदर जाते ही बेहोश हो गए. पिता और चाचा के बाहर नहीं आने पर दया राम साहू का 15 वर्षीय बेटा राधेश्याम साहू उन्हें बचाने के लिए टंकी में उतरा, लेकिन वह भी जहरीली गैस की चपेट में आकर वहीं बेहोश होकर गिर पड़ा.

घटना के बाद ग्रामीणों ने तत्काल जेसीबी और सीढ़ियों की मदद से तीनों को टंकी से बाहर निकाला और हसनपुर सीएचसी में भर्ती कराया. लेकिन उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें तुरंत रेफर कर दिया. परिजन बेहतर इलाज के लिए उन्हें बेगूसराय ले गए, लेकिन इलाज के दौरान तीनों की मौत हो गई.

**अस्पताल पर परिजनों का उतरा गुस्सा :** हसनपुर सीएचसी से जब तीनों को रेफर किया गया, तो परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया. परिजनों का आरोप था कि अस्पताल में ऑक्सीजन की समुचित व्यवस्था नहीं थी, पंखे तक नहीं चल रहे थे और मरीजों की हालत को गंभीर बताकर जल्दबाजी में रेफर किया जा रहा था. परिजनों का कहना था कि यदि अस्पताल में समय पर और बेहतर प्राथमिक चिकित्सा मिलती, तो तीनों की जान बचाई जा सकती थी. घटना की सूचना पर पहुंची लरझा घाट थाना पुलिस ने भी तीनों की मौत की पुष्टि की है. पुलिस के अनुसार तीनों शौचालय की टंकी साफ करने के दौरान जगरीली गैस से बेहोश हो गए और बाद में अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी. मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया जाएगा.



### 14 वर्षीय नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म, केस दर्ज

वैशाली जिले के बिदुपुर थाना क्षेत्र में एक 14 वर्षीय नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म की दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. इस मामले में मुख्य आरोपी स्थानीय चौकीदार का पोता सोनू कुमार और उसका दोस्त अविनाश कुमार बताया गया है. घटना के बाद जब पीड़िता के पिता ने शिकायत करने की कोशिश की, तो चौकीदार ने उनके साथ मारपीट की और आरोपियों को भगा दिया. इस घटना ने पूरे गांव में आक्रोश पैदा कर दिया है और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. पीड़िता के पिता ने बताया कि यह भयावह घटना रात 11 बजे की है, जब उनकी 14 वर्षीय बेटी लघुशंका के लिए घर से बाहर निकली थी. उसी समय गांव के ही सोनू कुमार (21) और उसके दोस्त अविनाश कुमार (19) ने उसे जबरन पकड़ लिया और सोनू के घर ले गए. वहां दोनों ने नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म किया. पीड़िता के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर पिता जाग गए और आवाज की दिशा में गए, जहां उन्होंने अपनी बेटी को देखा.

### सब्जी लदी पिकअप वैन से 160 कार्टन बियर बरामद,चालक फरार

**नवादा ।** नवादा जिले के रजौली थानाक्षेत्र के करीगांव स्थित टोल प्लाजा के समीप बुधवार को सब्जी लदी पिकअप वैन से रजौली पुलिस ने भारी मात्रा में बीयर बरामद किया .इस संबंध में थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि सब्जी लदी पिकअप वैन में भारी मात्रा में बीयर का परिवहन किया जा रहा है. सूचना के आलोक में करीगाँव स्थित टोल प्लाजा के समीप रजौली के तरह से आने वाली वाहनों की चेकिंग शुरू कर दिया . तभी एक पिकअप संख्या बीआर 46 जीए 0288 को जांच के लिए रूकने का इशारा किया.जिसके बाद पुलिस को देख पिकअप चालक वाहन छोड़कर भागने लगा. जिसे पुलिस बलों के सहयोग से पकड़ने का प्रयास किया लेकिन पिकअप चालक भागने में सफल रहा.जिसके बाद उक्त पिकअप की तलाशी शुरू कर दी. जैसे ही पिकअप वैन में लगे तिरपाल को हटाया तो देखा कि पटल और करेला लदी है . जब पिकअप में लदी करेला और पटल को हटाया तो देखा कि भारी मात्रा में बीयर लदी है. जिसके बाद उक्त पिकअप वैन को जप्त कर थाने लाया गया और थाने परिसर में गिनती शुरू किया गया.जिसमें हायवर्ड 5000 कंपनी के 160 कार्टून में रहे 1920 लीटर केन बियर जप्त कर वाहन मालिक के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्यवाई की जा रही है.

### नॉर्वे की राजदूत मे-एलिन स्टेनर पहुंचीं महाबोधि मंदिर

# भगवान बुद्ध की पूजा कर लिया आशीर्वाद

संवाददाता ।बोधगया



भारत में नॉर्वे की राजदूत महामहिम मे-एलिन स्टेनर ने अपने तीन दिवसीय बिहार दौरे के अंतिम चरण में बोधगया स्थित विश्व प्रसिद्ध महाबोधि मंदिर का दौरा किया. इस आध्यात्मिक यात्रा के दौरान उनके साथ उनके पति एस्पेन आसेन और वरिष्ठ सलाहकार अंडिस वी. सिंह भी उपस्थित रहे. राजदूत के आगमन पर उन्हें बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति (बीटीएमसी) और भिक्षु समुदाय द्वारा पारंपरिक सम्मान के साथ स्वागत किया गया.

**महाबोधि मंदिर में शांतिपूर्ण पूजा-अर्चना :** महामहिम का महाबोधि मंदिर पहुंचने पर वहां मौजूद मुख्य भिक्षु भिक्खु चालिंदा, भिक्खु दीनानंद, बीटीएमसी सचिव डॉ. महाश्वेता महारथी, सदस्य डॉ. अरविंद सिंह और किरण लामा ने उन्हें पारंपरिक खादा पहनाकर स्वागत किया. इसके बाद महामहिम ने मंदिर के गर्भगृह में विराजमान भगवान बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष पूजन किया. पूजन के समय मंदिर परिसर में भिक्षुओं द्वारा गहन मंत्रोच्चार और विशेष प्रार्थनाएं की गईं, जिससे पूरे वातावरण में आध्यात्मिक शांति और श्रद्धा का अनुभव हुआ. राजदूत ने इस पूजा को अत्यंत भावनात्मक और आत्मिक रूप से समृद्ध अनुभव बताया.

**बोधिवृक्ष के दर्शन और स्मृति चिह्नों की भेंट :** राजदूत स्टेनर और उनके प्रतिनिधिमंडल ने बोधिवृक्ष के नीचे कुछ समय व्यतीत किया, जहां भगवान बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी. उन्होंने इस स्थान को 'शांति और आत्मचिंतन का अद्वितीय केंद्र' बताया. यात्रा के समापन पर बीटीएमसी की ओर से महामहिम को महाबोधि मंदिर की प्रतिकृति और प्रकाशन भेंट किए गए, जबकि उनके साथ आए प्रतिनिधियों को स्मृति चिह्न भेंट किए गए. महामहिम ने मंदिर की आगंतुक पुस्तिका में अपने विचार दर्ज करते हुए लिखा कि इस यादगार स्थान पर बिताए गए सुंदर और शांतिपूर्ण समय के लिए धन्यवाद. यह अनुभव अविस्मरणीय रहेगा.

## कारोबार

### कुमारस्वामी ने ई-पोर्टल किया लॉन्च

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय इस्पात और भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने बुधवार को नई दिल्ली के नौरोजी नगर स्थित वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में एमएसटीसी लिमिटेड के नए कॉरपोरेट कार्यालय का उद्घाटन किया. कुमारस्वामी ने एमएसटीसी की डिजिटल सेवाओं की दिशा में अहम कदम उठाते हुए उपकरण ई-पोर्टल लॉन्च किया. केंद्रीय मंत्री कुमारस्वामी ने इस अवसर पर प्रौद्योगिकी-संचालित लोक सेवा के एक आदर्श के रूप में एमएसटीसी की क्षमता पर प्रकाश भी डाला. उन्होंने कहा कि एमएसटीसी केवल एक संस्थागत संपत्ति नहीं है, यह इस बात का प्रतीक है कि कैसे प्रौद्योगिकी और शासन मिलकर राष्ट्र की सेवा कर सकते हैं. उन्होंने कहा कि इस्पात मंत्रालय एमएसटीसी को सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है क्योंकि यह देश की विकासयात्रा में और भी बड़ी ज़िम्मेदारियां उठा रहा है. केंद्रीय इस्पात मंत्री ने कहा कि एमएसटीसी का यह कदम मोदी सरकार के सुधार एजेंडे को रणनीतिक बढ़ावा देता है.

### डीजीसीए ने रैंकिंग प्रणाली शुरू की

**नयी दिल्ली ।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने पायलट प्रशिक्षण गतिविधियों की गुणवत्ता और सुरक्षा में सुधार के उद्देश्य से देश में उड़ान प्रशिक्षण देने वाली संस्थाओं (एफटीओ) के लिए रैंकिंग प्रणाली शुरू की है. डीजीसीए ने बुधवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी और कहा कि इसको लेकर 8 जुलाई को एक पत्र जारी किया गया है. इसमें विमानन नियामक ने कहा है कि देशभर में रैंकिंग प्रणाली इस साल 1 अक्टूबर से लागू की जाएगी. इसके साथ ही विभिन्न प्रशिक्षण संस्थाओं की रैंकिंग हर साल दो बार एक अक्टूबर और एक अप्रैल को जारी की जाएगी. डीजीसीए ने पत्र में कहा है कि एफटीओ को विभिन्न मानदंडों के आधार पर रैंकिंग दी जाएगी. इसके अलावा, यदि किसी एफटीओ का पूरा स्कोर 50 फीसदी से कम रहता है तो संबंधित इकाई को उनके प्रदर्शन में सुधार के लिए स्व-विश्लेषण के लिए नोटिस दिया जाएगा.

# उतार-चढ़ाव के बीच गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, निवेशकों को 4 हजार करोड़ रुपये की चपत

एजेंसी ।नई दिल्ली



पूरे दिन उतार-चढ़ाव कर सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार आज गिरावट के साथ बंद हुआ. बुधवार के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ हुई थी. सुबह 10 बजे के बाद खरीदारी शुरू होने के कारण बाजार की चाल में मामूली तेजी भी आई, लेकिन दोपहर 2 बजे के बाद एक बार फिर बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में गिरावट आ गई. पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.21 प्रतिशत और निफ्टी 0.18 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए. आज दिन भर के कारोबार के दौरान इंफ्रास्ट्रक्चर, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और आईटी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा. इसी तरह बैंकिंग, कैपिटल गुड्स, फार्मास्यूटिकल, मेटल, ऑयल एंड गैस और टेक इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए. दूसरी ओर ऑटोमोबाइल, एफएमसीजी और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर के शेयरों में आज खरीदारी का जोर बना रहा. ब्रॉडर मार्केट में आज मिला-जुला कारोबार होता रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.05 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ. दूसरी ओर, स्मॉल कैप इंडेक्स ने 0.45 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया. शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब चार हजार करोड़ रुपये की कमी हो गई. बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 461.34 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया. जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 461.38 लाख करोड़ रुपये था. इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 4 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो गया.

बुधवार दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,142 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई. इनमें 2,075 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,933 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 134 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए. एनएसई में आज 2,651 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई. इनमें से 1,295 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,356 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए. इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 13 शेयर बढ़त के साथ और 17 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए. निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 22 शेयर हरे निशान में और 28 शेयर लाल निशान में बंद हुए.

बीएसई का सेंसेक्स आज 86.62 अंक की कमजोरी के साथ 83,625.89 अंक के स्तर पर खुला. कारोबार की शुरुआत होते ही तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसकी वजह से सेंसेक्स की चाल भी ऊपर नीचे होती रही. खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 68.85 अंक की मामूली तेजी के साथ 83,781.36 अंक तक पहुंचा. बिकवाली का दबाव बनने पर इस सूचकांक ने दोबारा 330.23 अंक की कमजोरी के साथ 83,382.28 अंक तक गोता भी लगाया. पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 176.43 अंक की गिरावट के साथ 83,536.08 अंक के स्तर पर बंद हुआ.

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 7.90 अंक लुढ़क कर 25,514.60 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की. बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 26.20 अंक की तेजी के साथ 25,548.70 अंक तक पहुंचा. दोपहर 2 बजे तक बाजार में उतार चढ़ाव के बीच सपाट स्तर पर ही कारोबार होता रहा. इसके बाद बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण ये सूचकांक 98.15 अंक की कमजोरी के साथ 25,424.35 अंक तक गिर गया. हालांकि कारोबार के आखिरी आधे घंटे में हुई खरीदारी के कारण निफ्टी निचले स्तर से 50 अंक से अधिक रिकवरी करके 46.40 अंक की गिरावट के साथ 25,476.10 अंक के स्तर पर बंद हुआ. बुधवार दिन भर के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से श्रीराम फाइनेंस 1.81 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस 1.40 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.28 प्रतिशत, कोल इंडिया 1.20 प्रतिशत और अल्ट्राटेक सीमेंट 0.94 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए. दूसरी ओर, एचसीएल टेक्नोलॉजी 2 प्रतिशत, टाटा स्टील 1.83 प्रतिशत, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज 1.70 प्रतिशत, अपोलो हॉस्पिटल 1.27 प्रतिशत और टेक महिंद्रा 1.26 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए.

### महिंद्रा ने 8.94 लाख कीमत पर एक्सयूवी 3एक्सओ 'आरइवीएक्स सीरीज़ लॉन्च की

एजेंसी ।नयी दिल्ली



भारत की अग्रणी एसयूवी निर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने आज अपनी बहुप्रतीक्षित एक्सयूवी 3एक्सओ 'आरइवीएक्स' सीरीज़ को लॉन्च किया, जिसकी शुरुआती कीमत 8.94 लाख रुपये रखी गई है. एक्सयूवी 3एक्सओ ने हाल ही में एक साल से कम समय में 1 लाख यूनिट्स की बिक्री का रिकॉर्ड बनाया है, जिससे यह महिंद्रा की अब तक की सबसे तेज़ बिकने वाली एक्सयूवी बन गई है. अब आरइवीएक्स सीरीज़ के ज़रिए इस पोर्टफोलियो को और मजबूत किया गया है, जिसमें बेहतरीन परफॉर्मेंस, प्रीमियम फीचर्स और आकर्षक डिज़ाइन का शानदार संगम देखने को मिलेगा. आरइवीएक्स एम (एक्स-शोरूम कीमतः 8.94 लाख रु.)-इस वेरिएंट में 1.2 लीटर का एम स्टेलियन टीसीएमपीएफआई इंजन है, जो 82 किलोवॉट की पावर और 200 एनएम टॉर्क देता है.

इंटीरियर की बात करें तो इसमें प्रीमियम ब्लैक लेदरेट सीट्स, 26.03 सेमी इंफोटेनमेंट सिस्टम, स्टीयरिंग-माउंटेड कंट्रोल्स और 4-स्पीकर ऑडियो सिस्टम मौजूद है, जो ड्राइविंग को एक शानदार अनुभव बनाते हैं. आरइवीएक्स एम(ओ) (एक्स-शोरूम कीमत 9.44 लाख रु.) - इस वेरिएंट में आरइवीएक्स एम की सभी खूबियों के साथ एक अतिरिक्त सुविधा दी गई है- सिंगल-पेन सनरूफ, जो केबिन के अनुभव और डिज़ाइन अपील को और अधिक प्रीमियम बनाता है. आरइवीएक्स ए (एक्स-शोरूम कीमत 11.79 लाख रु. से शुरू) - इस वेरिएंट में अत्याधुनिक 1.2 एल एमस्टेलियन टीजीडीआई इंजन दिया गया है, जो सेगमेंट में सबसे ज़्यादा 96 किलोवॉट की पावर और 230 एनएम का टॉर्क देता है. यह मैनुअल और ऑटोमैटिक, दोनों ट्रांसमिशन विकल्पों में उपलब्ध है. यह वेरिएंट इन-कैबिन अनुभव को और भी प्रीमियम बनाता है-पैनोरमिक सनरूफ, लेदरेट सीट्स, डुअल-टोन इंटीरियर्स, और ऑटो-डिमिंग आईआरवीएम जैसी सुविधाओं के साथ उपलब्ध है. कंपनी का दावा है कि यह सीरीज़ एसयूवी बाजार में स्टाइल और परफॉर्मेंस का नया ट्रेंड सेट करेगी.

## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी ने आईपीओ के लिए ड्राफ्ट जमा किया, स्टॉक मार्केट में उतरने वाली ग्रुप की 5वीं कंपनी बनेगी

एजेंसी ।नई दिल्ली

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल ऐसेट मैनेजमेंट कंपनी ने अपने आईपीओ के लिए मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) फाइल कर दिया है. इस आईपीओ के तहत 1.76 करोड़ शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिए बेचे जाएंगे. आईपीओ के तहत कोई नया शेयर नहीं जारी किया जाएगा, बल्कि मौजूदा शेयर होल्डर्स ही अपनी हिस्सेदारी को कम करेंगे. इस आईपीओ के लिए रिकॉर्ड 18 मर्चेंट बैंकर्स को नियुक्त किया गया है. इन मर्चेंट बैंकर्स में मॉर्गन स्टेनली इंडिया, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केटस इंडिया, नोमूरा फाइनेंशियल एडवाइजरी एंड सिक्योरिटीज (इंडिया), कोटक महिंद्रा कैपिटल कंपनी, आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज, एचडीएफसी बैंक, एसबीआई कैपिटल मार्केट और गोल्डमैन सैक्स (इंडिया) सिक्योरिटीज के नाम शामिल हैं. इंडियन आईपीओ मार्केट में इसके पहले कभी भी इतनी बड़ी संख्या में मर्चेंट बैंकर्स ने एक आईपीओ को मैनेज करने का काम नहीं किया है. मर्चेंट बैंकर्स की ये संख्या इंडियन आईपीओ मार्केट के लिए एक नया रिकॉर्ड है. उल्लेखनीय है कि इस आईपीओ की लॉन्चिंग और लिस्टिंग के बाद स्टॉक मार्केट में कारोबार करने वाली ये आईसीआईसीआई ग्रुप की पांचवी कंपनी बन जाएगी. इसके पहले आईसीआईसीआई बैंक, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज और आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी स्टॉक मार्केट में लिस्ट हो चुकी हैं. इसी तरह लिस्टिंग के बाद ये स्टॉक मार्केट में लिस्ट होने वाली छठी ऐसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) होगी. इसके पहले यूटीआई एएमसी, एचडीएफसी एएमसी, श्रीराम एएमसी, आदित्य बिड़ला सन लाइफ एएमसी और निप्पॉन लाइफ इंडिया एएमसी पहले से ही स्टॉक मार्केट में लिस्टेड हैं. कंपनी द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार आईसीआईसीआई बैंक और लंदन की प्रूडेंशियल कॉरपोरेशन होल्डिंग्स के बीच 51:49 की हिस्सेदारी के साथ 1998 से आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल ऐसेट मैनेजमेंट कंपनी कारोबार कर रही है. एवरेज क्वार्टरली असेट्स अंडर मैनेजमेंट (एक्यूएयूएम) के हिसाब से आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल ऐसेट मैनेजमेंट कंपनी देश की दूसरी सबसे बड़ी एमसी है. कंपनी के दावे के मुताबिक इसकी मार्केट हिस्सेदारी 13 प्रतिशत है, जबकि इसके ग्राहकों की संख्या 1.46 करोड़ हो चुकी है. दावा किया गया है कि कंपनी की वित्तीय स्थिति भी लगातार मजबूत बनी हुई है.

## स्टॉक मार्केट में क्रीजैक की जोरदार एंट्री, कंपनी के शेयर 245 रु. के भाव जारी किए

एजेंसी ।नई दिल्ली

एजुकेशन प्लेटफॉर्म क्रीजैक के शेयरों ने बुधवार को स्टॉक मार्केट में मजबूत एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया. आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 245 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे. आज बीएसई पर इसकी एंट्री 280 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर 281.05 रुपये के स्तर पर ही हुई. इस तरह एंट्री के साथ ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को करीब 14 प्रतिशत का मुनाफा हो गया. मजबूत लिस्टिंग के बाद लिवाली शुरू हो जाने के कारण इस शेयर में और तेजी आ गई. पूरे दिन के कारोबार होने के बाद ये शेयर 307.45 रुपये के स्तर पुर बंद हुआ. इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 25.49 प्रतिशत का मुनाफा हो गया. क्रीजैक का 860 करोड़ रुपये का आईपीओ 2 से 4 जुलाई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था. इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 62.89 गुना सब्सक्राइब हो गया था. इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 141.27 गुना सब्सक्राइब हुआ था. इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 80.07 गुना सब्सक्रिप्शन आया था. इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 10.74 गुना सब्सक्राइब हुआ था. इस आईपीओ के तहत 2 रुपये फेस वैल्यू वाले 3,51,02,040 शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिए बेचे गए हैं. कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है. वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 112.14 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 118.90 करोड़ रुपये और 2024-25 में उछल कर 152.93 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया.

**लॉर्ड्स में 'डरावना' है भारत का टेस्ट रिकॉर्ड**

# अब तक जीते सिर्फ 3 मैच, एक बार 42 पर हो चुके हैं ढेर




एजेंसी। नयी दिल्ली

इंग्लैंड और भारत के बीच खेली जा रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का तीसरा मुक़ाबला 10 जुलाई से क्रिकेट का मक्का कहे जाने वाले लंदन के लॉर्ड्स क्रिकेट मैदान में खेला जाएगा. इस मैदान पर भारत ने इंग्लैंड में सबसे ज्यादा जीत हासिल की हैं. इसके बावजूद भारत का यहां पर रिकॉर्ड बेहद 'डरावना' है.

**भारत ने जीते हैं मात्र तीन मुक़ाबले:** भारतीय टीम ने अपने टेस्ट इतिहास का पहला मुकाबला इसी मैदान पर जून 1932 में कर्नल सीके नायडू की कप्तानी में खेला था. उस ऐतिहासिक मैच में भारत को इंग्लैंड के खिलाफ 158 रनों से हार का सामना करना पड़ा था. यह मुकाबला न केवल भारत का पहला टेस्ट मैच था, बल्कि लॉर्ड्स में एक लंबी और चुनौतीपूर्ण यात्रा की शुरुआत भी थी. 1932 के बाद से भारतीय क्रिकेट टीम ने लॉर्ड्स में कुल 19 टेस्ट मैच खेले हैं. इनमें से केवल 3 मुकाबलों में भारत को जीत नसीब हुई है, जबकि 12 मैचों में उसे हार का सामना करना पड़ा है. बाकी 4 मैच ड्रॉ रहे हैं.

### लॉर्ड्स में भारत की जीत

लॉर्ड्स में भारत पहली जीत 1986 में हासिल की थी, जब कपिल देव की अगुवाई में भारत ने इंग्लैंड को 5 विकेट से हराया था. इसके बाद 2014 में अजिंक्य रहाणे के शानदार शतक की बदौलत महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने इंग्लैंड को 95 रनों से हराया था. तीसरी जीत 2021 में आई, जब विराट कोहली की कप्तानी में भारत ने 151 रनों से जीत दर्ज की.

### लॉर्ड्स क्रिकेट मैदान में भारत के आंकड़े

**1. सर्वाधिक टीम स्कोर : 458/8d (1990)**

साल 1990 में मोहम्मद अजहरुद्दीन की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने लॉर्ड्स में 458 रन बनाए थे. उस मुक़ाबले में इंग्लैंड ने 653 रन बनाकर अपनी पारी घोषित की थी. भारत को इस मैच में 247 रनों की करारी हार का सामना करना पड़ा था. यह भारतीय टीम द्वारा बनाया गया लॉर्ड्स में अबतक का सबसे बड़ा स्कोर है.

**2. न्यूनतम टीम स्कोर : 42 ऑलआउट (1974)**

लॉर्ड्स में भारत का सबसे खराब प्रदर्शन 1974 में देखने को मिला था, जब पूरी भारतीय टीम मात्र 42 रन पर ढेर हो गई थी. यह भारतीय टेस्ट इतिहास का भी सबसे न्यूनतम स्कोर है. अजीत वाडेकर की कप्तानी वाली भारतीय टीम को इस मैच में पारी को 285 रनों से हार का सामना करना पड़ा था.

**3. सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी प्रदर्शन : वीनू मांकड़ (184 रन, 1952)**

भारत के महान ऑलराउंडर वीनू मांकड़ ने साल 1952 में लॉर्ड्स टेस्ट में 184 रनों की शानदार पारी खेली थी. यह लॉर्ड्स में भारतीय बल्लेबाज द्वारा खेली गई सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत पारी मानी जाती है. इस मैच की पहली पारी में मांकड़ ने 72 रन ठोके थे. हालांकि बावजूद इसके भारत को जीत हासिल नहीं हुई और उसे इंग्लैंड ने आठ विकेट से हराया था.

**4. सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन : ईशांत शर्मा (7/74, 2014)**

साल 2014 में तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा ने लॉर्ड्स की पिच पर कहर बरपाते हुए 7 विकेट मात्र 74 रन देकर चटकाए थे. उनकी इस घातक गेंदबाजी की बदौलत भारत ने इंग्लैंड को उसी के घर में हराकर लॉर्ड्स में एक ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी. यह भारत की लॉर्ड्स में तीसरी और अब तक की आखिरी जीत रही है. इसी मुक़ाबले में अजिंक्य रहाणे ने शानदार शतक लगाया था.

**विंबलडन 2025 के सेमीफाइनल में पहुंचे अल्काराज**

# अब टेलर फ्रिट्ज से होगा सामना

**नॉरी को लगातार तीन सेटों में हराया**

एजेंसी। लंदन



दो बार के गत विजेता कार्लोस अल्काराज ने मंगलवार को कैमरून नोरी को 6-2, 6-3, 6-3 से हराकर विंबलडन सेमीफाइनल में प्रवेश किया. अल्काराज ने अपनी जीत की लय को 23 मैचों तक बढ़ाया और विंबलडन में तीन बार पुरुष एकल सेमीफाइनल तक पहुंचने वाले इतिहास में दूसरे स्पेनिश खिलाड़ी बन गए. उनसे पहले महान टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ने ऐसा किया था.सेंटर कोर्ट पर नॉरी द्वारा मैच की शुरुआत में अपनी सर्विस बरकरार रखने के बाद, दूसरे वरीयता प्राप्त अल्काराज ने बाएं हाथ के ब्रिटिश खिलाड़ी के खिलाफ अगले पांच गेम जीतकर मैच पर कब्जा कर लिया. अल्काराज ने नॉरी को मैच में कभी भी हावी नहीं होने दिया. उन्हें केवल पांच ब्रेक पॉइंट मिले और उन्होंने सभी बचा लिए. उन्होंने 39 विनर और 13 ऐस के साथ 26 अनफोर्स्ड एरर भी किए.क्वार्टर फाइनल मैच एक घंटे 39 मिनट में खत्म करने के बाद कोर्ट पर दिए एक इंटरव्यू में अल्काराज ने कहा, 'विंबलडन में एक और सेमीफाइनल खेलना बेहद खास है.' फाइनल में जगह बनाने के लिए अल्काराज का सामना पांचवें नंबर के टेलर फ्रिट्ज से होगा.

### टेलर फ्रिट्ज पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचे

टेलर फ्रिट्ज ने मंगलवार को क्वार्टर फाइनल में एक रोमांचक मुकाबले में करेन खाचानोव को 6-3, 6-4, 1-6, 7-6 (7-4) से हराकर पहली बार विंबलडन के सेमीफाइनल में जगह बनाई. पांचवीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी ने दो घंटे 36 मिनट चले मुकाबले में धैर्य और संयम का परिचय देते हुए रूसी खिलाड़ी खाचानोव पर जीत हासिल की. तीन मैचों में फ्रिट्ज की खाचानोव के खिलाफ पहली जीत थी.एटीपी के अनुसार, 2022 में राफेल नडाल से पांच सेट के क्वार्टर फाइनल में मिली हार के बाद यह जीत टेलर के लिए क्षतिपूर्ति की तरह है. फ्रिट्ज ने जीत के बाद कहा, ₹मैं इस मैच को जीतकर बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं. मुझे लगता है कि मैच मेरे लिए दो सेट तक बहुत अच्छा रहा. मैंने कभी भी मैच को इतनी जल्दी पलटते हुए नहीं देखा. मैं चौथे सेट में जिस तरह से वापस आया और जीत हासिल की, उससे मैं बहुत खुश हूं. पांचवें सेट में जाने से पहले मोमेंटम मेरे पक्ष में नहीं था. फ्रिट्ज ने मुकाबले की शुरुआत में पूरी तरह नियंत्रण बनाया और बिना ब्रेक पॉइंट का सामना किए शुरूआती दो सेट जीत लिए. लेकिन तीसरा सेट खाचानोव ने जीत लिया. फ्रिट्ज ने दाएं पैर की समस्या के इलाज के लिए मेडिकल टाइमआउट की मांग की. खाचानोव ने चौथे सेट में ब्रेक करके इसका फायदा उठाया.27 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी ने हार नहीं मानी और 2-2 से बराबरी कर ली और सेट को टाईब्रेकर तक ले गए.




**एंडरसन-तेंदुलकर टेस्ट सीरीज का तीसरा मैच आज से**

# लॉर्ड्स में भी बल्लेबाज काटेंगे गदर या गेंदबाज बरपाएंगे कहर

एजेंसी। नयी दिल्ली

एजबेस्टन में भारत से 336 रनों के बड़े अंतर से हारने के बाद इंग्लैंड के खेमे में हड़कंप मचा हुआ है. अब मेजबान टीम हर हाल में लॉर्ड्स टेस्ट जीतना चाहती है. इसी वजह से टीम के हेड कोच ब्रेंडन मैकुलम को भी लॉर्ड्स के क्यूरेटर से ऐसा विकेट तैयार करने का अनुरोध करना पड़ा, जो उनके तेज गेंदबाजों के अनुकूल हो. लीड्स टेस्ट इंग्लैंड ने अपने नाम किया था तो बर्मिंघम में भारत ने जीत के साथ हिसाब बराबर किया. अब सीरीज का तीसरा मुकाबला 10 जुलाई से लॉर्ड्स में खेला जाना है. आइये इससे पहले लॉर्ड्स की पिच रिपोर्ट पर एक नजर डालते हैं.

**वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में बल्लेबाजों का था बुरा हाल:** वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 का फाइनल मुकाबला हाल ही में इसी मैदान पर खेला गया था, जो बल्लेबाजों के लिए किसी बुरे सपने से कम नहीं था. टीमें 200 रन तक पहुंचने के लिए संघर्ष करती रहीं और आखिरी पारी में बल्लेबाजी काफी आसान दिखी. जहां प्रोटियाज़ ने पांच विकेट शेष रहते 282 रनों का पीछा किया. मैच में एकमात्र शतक एडेन मार्करम ने लगाया और स्पिनरों के हाथों केवल तीन विकेट आए. हालांकि उससे पहले जब भारतीय टीम 2021 में आखिरी बार यहां खेली थी तो पिच थोड़ी अलग थी और बल्लेबाजी के लिए अच्छी थी. वह मैच भारत ने 151 रनों के बड़े अंतर से जीता था.

### लॉर्ड्स की पिच रिपोर्ट

लॉर्ड्स की पिच का पहला नजारा सामने आ चुका है. रेवस्पोर्ट्ज़ ने फोटो ट्वीट की है, जिसमें बल्लेबाजी कोच सीतांशु कोटक और गौतम गंभीर पिच को करीब से देखते हुए नजर आए. पिच पर अच्छी-खासी घास की परत नजर आई, जो आनुपातिक रूप से फैली हुई थी. उम्मीद है कि घास की परत बनी रहेगी. इसका मतलब है कि तेज गेंदबाजों को ज्यादा मदद मिल सकती है और ज्यादा टूट-फूट नहीं होगी. यह कहना भी उचित होगा कि इस मुकाबले में स्पिनरों की भूमिका कम हो सकती है.

### इंग्लैंड टीम

बेन स्टोक्स (कप्तान), हैरी ब्रुक, जो रूट, सैम कुक, जैकब बेथेल, जैक क्रॉली, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, ओली पोप, जेमी स्मिथ, ब्रायडन कार्स, जोश टंग, क्रिस वोक्स, शोएब बशीर, जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन.

### भारतीय टीम

यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, साई सुदर्शन, शार्दुल ठाकुर, प्रसिद्ध कृष्णा, जसप्रीत बुमराह, अभिमन्यु ईश्वरन, अर्शदीप सिंह, ध्रुव जुरेल और कुलदीप यादव.

## दाविदे अंचेलोटी बने बोटाफोगो के नए कोच

**रियो डी जनेरियो ।** ब्राजील की शीर्ष फुटबॉल लीग सीरी ए की प्रमुख क्लब बोटाफोगो ने मंगलवार को दाविदे अंचेलोटी को अपना नया मुख्य कोच नियुक्त करने की घोषणा की है. दाविदे, ब्राजील की राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच कार्लो अंचेलोटी के बेटे हैं.35 वर्षीय दाविदे ने दिसंबर 2026 तक के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं. क्लब की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी बयान में कहा गया है,दाविदे अंचेलोटी की नियुक्ति हमारे खेल परियोजना को सशक्त करने की दिशा में एक और रणनीतिक कदम है, जो नवाचार, महत्वाकांक्षा और अंतरराष्ट्रीय पहचान पर आधारित है.दाविदे के साथ लुइस टेवेनेट और एंड्रयू मैंगन सहायक कोच के रूप में जुड़ेंगे.

**इंडिया ए मेंस हॉकी टीम की यूरोप दौरे की विजयी शुरुआत**

# आयरलैंड को 6-1 से हराया

एजेंसी। नीदरलैंड्



यूरोप दौरे की शुरुआत इंडिया ए मेंस हॉकी टीम ने धमाकेदार अंदाज में की. टीम ने हॉकी क्लब ओरांजे-रूड, आइंडहोवन में खेले गए अपने पहले मुकाबले में आयरलैंड को 6-1 से करारी शिकस्त दी.भारत ने मैच के चारों क्वार्टर में जबरदस्त प्रदर्शन किया और विपक्षी टीम को कोई खास मौका नहीं दिया. टीम के लिए उत्तम सिंह ने पहला गोल दागकर खाता खोला, जिसके बाद अमनदीप लकड़ा ने बढ़त को दोगुना किया. इसके बाद आदित्य लालगे ने लगातार दो गोल करके अपना शानदार ब्रेस पूरा किया. वहीं, फॉरवर्ड सेल्वम कार्ति और बॉबी सिंह धामी ने भी एक-एक गोल कर टीम की बढ़त को और मजबूत कर दिया.दूसरी ओर, आयरलैंड की टीम केवल एक सांत्वना गोल ही कर सकी क्योंकि भारतीय डिफेंडरों ने रक्षण में कोई ढील नहीं दी. रत अब 9 जुलाई को ही रात 9:30 बजे (भारतीय समयानुसार) एक बार फिर आयरलैंड से भिड़ेगा.

# न्यूजीलैंड को झटका, त्रिकोणीय सीरीज से फिन एलन बाहर

एजेंसी। नयी दिल्ली



न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज फिन एलन 14 जुलाई से जिम्बाब्वे में शुरू हो रही टी20 ट्राई सीरीज से बाहर हो गए हैं. फिन एलन को मेजर लीग क्रिकेट-2025 में सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स की ओर से खेलते हुए पैर में चोट लगी थी. न्यूजीलैंड क्रिकेट (NZC) ने बुधवार को बताया, ₹एलन की रिकवरी का समय उनके न्यूजीलैंड लौटने और विशेषज्ञों से आगे की सलाह लेने के बाद तय किया जाएगा. जल्द ही उनके रिप्लेसमेंट की घोषणा होगी.26 वर्षीय फिन एलन यूनिकॉर्न्स के लिए नौ मुकाबले में 333 रन बना चुके हैं. वह इस सीजन में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में पांचवें पायदान पर मौजूद हैं. उन्होंने इस सीजन में वाशिंगटन फ्रीडम के खिलाफ 151 रन की पारी खेली थी. न्यूजीलैंड की टीम गुरुवार को हरारे पहुंचेगी. यहां उसे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 16 जुलाई को इस ट्राई सीरीज का अपना पहला मैच खेलना है. इससे पहले, प्रोटियाज और मेजबान जिम्बाब्वे 14 जुलाई को ट्राई सीरीज का पहला मैच खेलेंगे.ट्राई सीरीज के सभी मैच हरारे स्पोर्ट्स क्लब में आयोजित होंगे. सीरीज का फाइनल टॉप-2 स्थान पर रहने वाली टीमों के बीच 26 जुलाई को खेला जाएगा. न्यूजीलैंड की 15 सदस्यीय टीम का नेतृत्व बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर मिचेल सैंटनर करेंगे. इस टीम में युवा बल्लेबाज बेवोन जैकब्स भी शामिल हैं, जिनके पास अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करने का मौका है.यह नवनियुक्त हेड कोच रॉब वाल्टर के नेतृत्व में न्यूजीलैंड की पहली सीरीज है. रॉब वाल्टर दक्षिण अफ्रीका की सीमित ओवरों की टीम के कप्तान भी रह चुके हैं. उनके साथ कोचिंग स्टाफ में बल्लेबाजी कोच ल्यूक रोंची, गेंदबाजी कोच जैकब ओरम और चौथे कोच के रूप में टीम में शामिल जेम्स फोस्टर भी हैं.

**जिमनास्टिक**

**इंडोनेशिया 'कलात्मक जिमनास्टिक विश्व चैंपियनशिप' की मेजबानी के लिए तैयार**

# टूर्नामेंट में दुनिया भर से 600 से अधिक एथलीट भाग लेंगे

एजेंसी। जकार्ता

इंडोनेशिया 2025 कलात्मक जिमनास्टिक विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी करने के लिए तैयार है, जो 19 से 25 अक्टूबर तक जकार्ता के सेनयान में आयोजित होगी. इसकी घोषणा को इंडोनेशियाई जिमनास्टिक महासंघ की अध्यक्ष इटा यूलियाती ने की. इटा ने बताया कि अब तक 86 देशों और क्षेत्रों ने चैंपियनशिप के 53वें संस्करण के लिए पंजीकरण कराया है, यह एक नया रिकॉर्ड है. उन्होंने कहा, ₹आमतौर पर इस विश्व चैंपियनशिप में लगभग 70 देश (और क्षेत्र) भाग लेते हैं, और इस बार पहले से ही 86 देश (और क्षेत्र) पंजीकृत हैं. यह अपने आप में एक रिकॉर्ड है.सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इस प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए दुनिया भर से 600 से अधिक एथलीट एक साथ आएंगे. यह पहली बार होगा, जब कोई दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश इस आयोजन की मेजबानी करेगा.इटा ने कहा कि मेजबान देश के रूप में इंडोनेशिया अपनी तैयारियों के सभी पहलुओं को उत्कृष्ट बनाने में लगा हुआ है, जिसमें मैदान की तैयारी, तकनीकी व्यवस्था, बजट और राष्ट्रीय टीम के लिए प्रशिक्षण शिविर शामिल हैं.विश्व कलात्मक जिमनास्टिक चैंपियनशिप हर साल आयोजित की जाती है, जिसमें पुरुष और महिला दोनों वर्ग के इवेंट शामिल होते हैं. पहली चैंपियनशिप 1903 में आयोजित की गई थी, जो शुरू में पुरुष जिमनास्ट के लिए थी. महिलाओं का इवेंट 1934 में शुरू हुआ और हर साल आयोजित किया जाता है.




चैंपियनशिप को जिमनास्टिक कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण इवेंट के रूप में मान्यता प्राप्त है, जो एथलीटों के लिए विश्व खिताब और ओलंपिक योग्यता के लिए प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है. विश्व कलात्मक जिमनास्टिक चैंपियनशिप का अंतिम संस्करण 2023 में बेल्जियम के एंटवर्प में आयोजित किया गया था. ओलंपिक खेलों के एक साल बाद आयोजित होने वाली विश्व चैंपियनशिप में टीम प्रतियोगिताएं नहीं होती हैं, जिससे खिलाड़ियों को दुनिया के सबसे बड़े मंच पर और भी अधिक चमकने का मौका मिलता है. जकार्ता में प्रतिस्पर्धा करने के लिए देश अधिकतम छह पुरुषों और चार महिलाओं को पंजीकृत कर सकते हैं, जिसमें प्रत्येक उपकरण पर अधिकतम तीन जिमनास्ट प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं.दस खिताबों में पुरुषों के लिए छह और महिलाओं के लिए चार दांव पर होंगे. नए पुरुष और महिला ऑलराउंड चैंपियन का भी ताज पहनाया जाएगा. व्यक्तिगत क्वालीफिकेशन तीन दिनों में होगी, जिसमें 19 और 20 अक्टूबर को पुरुषों की प्रतियोगिता के आठ वर्ग और 20 और 21 अक्टूबर को महिलाओं की प्रतियोगिता के 10 वर्ग होंगे. पुरुषों और महिलाओं के ऑल-राउंड फाइनल 22 और 23 अक्टूबर को निर्धारित हैं.

# फ्लूमिनेंस को 2-0 से हराकर क्लब विश्व कप-2025 के फाइनल में चेल्सी

एजेंसी। न्यू जर्सी



फ्लूमिनेंस को 2-0 से मात देकर चेल्सी ने क्लब विश्व कप-2025 के फाइनल में अपनी जगह बना ली है. इस सेमीफाइनल मैच के हीरो जोआओ पेड्रो रहे. दोनों गोल इसी खिलाड़ी ने दागे. 'ब्लूज' के नए सदस्य ने दोनों हाफ में शानदार गोल करते हुए ब्राजीलियन टीम की उम्मीदों पर पानी फेर दिया. अब चेल्सी का सामना रियल मैड्रिड सीएफ और पेरिस सेंट-जर्मेन के बीच सेमीफाइनल मुकाबले की विजेता टीम से होगा.70 हजार से ज्यादा फैंस से भरे स्टेडियम में चेल्सी को मुकाबले में अपनी पकड़ बनाने के लिए ज्यादा समय नहीं लेना पड़ा. शुरुआती 10 मिनट में उन्होंने गेंद पर कब्जा जमा लिया और कुछ मौके बनाए. जोआओ पेड्रो का पहला गोल 18वें मिनट में आया, उन्होंने 20 गज की दूरी से एक शॉट लगाकर फुटबॉल को गोलपोस्ट के कोने में पहुंचाया.25वें मिनट में हरक्यूलिस ने गोल का शानदार मौका बनाया, लेकिन कुकुरेला ने गोललाइन पर क्लियर कर दिया. पहले हाफ के अंत में फ्लूमिनेंस को पेनल्टी मिली. रिने का क्रॉस चालोबा के हाथ से टकराया, लेकिन वीएआर चेक के बाद फैसला बदल दिया गया.जोआओ पेड्रो ने मैच का दूसरा गोल 56वें मिनट पर किया. 23 वर्षीय खिलाड़ी ने गोल की ओर बढ़ते हुए क्रॉसबार से गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचाया.जोआओ पेड्रो ने फ्लूमिनेंस से ही अपने करियर की शुरुआत की थी. उन्होंने इंग्लैंड आने से पहले क्लब के लिए 36 मुकाबले खेले थे. यही वजह रही कि गोल दागने के बाद उन्होंने कोई खास जश्न नहीं मनाया.

ब्रीफ न्यूज

### जयनगर में आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका चयन

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 180 सांथ रविदास टोला में बुधवार को सहायिका पद हेतु आमसभा का आयोजन किया गया. यह चयन प्रक्रिया ग्रामीणों की उपस्थिति में पूरी पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हुई. सहायिका पद के लिए तीन अभ्यर्थियों पूजा कुमारी, आशा कुमारी एवं चमेली कुमारी ने आवेदन दिया था. निर्धारित मापदंडों के आधार पर अभ्यर्थियों के प्राप्तांक का मूल्यांकन किया गया. इसमें पूजा कुमारी को 7 अंक, आशा कुमारी को 10 अंक तथा चमेली कुमारी को सर्वाधिक 23 अंक प्राप्त हुए. अधिकारियों ने बताया कि अधिकतम अंक प्राप्त करने के आधार पर चमेली कुमारी का चयन सहायिका पद के लिए किया गया.

### विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक हुई सम्पन्न

**चौपारण ।** प्रखंड अंतर्गत बिरसा उच्च विद्यालय डुमरी में बुधवार को विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक सम्पन्न हुई. बैठक की अध्यक्षता बसंत कुमार साव ने की. इस बैठक में सर्वसम्मति से समिति के 11 सदस्यों का चयन किया गया. चयनित सदस्यों में सीताराम रविदास (सेवई), संजय कुमार (ओबरा), कमेश्वर साव (डुमरी), करामत मियाँ (मलिकाना), सहदेव प्रसाद यादव (चक) संजय कुमार साव (डुमरी), भुनेश्वर रजक (डुमरी), रंजीत कुमार गुप्ता (डुमरी), दिनेश ठाकुर (गोबिंदपुर), कामेश्वर भुइंया (सेवई), गणेश साव (डुमरी) शामिल हैं। बैठक में ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष नकुलदेव रजक, सचिव टिंकू कुमार, संघ रक्षक लिलो साव समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे.

### चौपारण में स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर हुई समीक्षा बैठक



**चौपारण ।** बुधवार को प्रखंड कार्यालय में बीडीओ नितेश भास्कर की अध्यक्षता में स्वास्थ्य व्यवस्था की समीक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. बैठक में स्वास्थ्य प्रभारी डॉ. फरजाना महफूज, सीओ सह सीडीपीओ संजय कुमार यादव, नोडल चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. पंकज कुमार मेहता, जनप्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव सहित अन्य विभागीय कर्मी उपस्थित थे.बैठक में डॉ. फरजाना महफूज ने स्पष्ट किया कि अस्पताल से जुड़ी शिकायतों को प्राथमिकता के साथ दूर किया जाएगा. मरीजों से अब पंजीकरण शुल्क नहीं लिया जाएगा और किसी भी प्रकार की जांच के लिए अतिरिक्त पैसे की वसूली नहीं की जाएगी. साथ ही महिलाओं के लिए विशेष सुविधाओं के विस्तार की दिशा में काम किया जा रहा है.बीडीओ नितेश भास्कर ने कहा कि चिकित्सकों की उपस्थिति रोस्टर के अनुसार सुनिश्चित की जाएगी, जिसके लिए वे उच्चाधिकारियों से समन्वय करेंगे. सीओ संजय यादव ने सभी विभागों के तालमेल से खामियों को दूर कर बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने की बात कही. बैठक में संकल्प लिया गया कि जनसहयोग से चौपारण की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत और भरोसेमंद बनाया जाएगा.

## उपायुक्त ने पीएम श्री रा.उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय डुमरडीहा का किया औचक निरीक्षण

# डीसी ने स्वयं मिड डे मील खाकर गुणवत्ता की जांच की

शुभम संदेश ।कोडरमा



उपायुक्त ऋतुराज ने बुधवार को पीएम श्री रा.उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय डुमरडीहा का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कई स्तरों पर गंभीर अनियमितताएं पाई गईं, जिस पर उपायुक्त ने गहरी नाराजगी व्यक्त की.

निरीक्षण के दौरान सबसे पहले उपायुक्त ने मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता की जांच की. उन्होंने स्वयं भोजन का स्वाद लेकर पाया कि भोजन निर्धारित मेन्यू के अनुरूप नहीं है और उसकी गुणवत्ता संतोषजनक नहीं है.

इस संबंध में उन्होंने निर्देश दिया कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन ही उपलब्ध कराया जाए, अन्यथा संबंधित के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी. इसके पश्चात पोषण वाटिका की स्थिति की समीक्षा की गई, जो काफी उपेक्षित पाई गई. उपायुक्त ने आदेश दिया कि वाटिका में सभी आवश्यक पोषक तत्वों वाले पौधे लगाए जाएं और उसकी नियमित देखभाल सुनिश्चित की जाए. वहीं विद्यालय में सभी रजिस्टरों जैसे स्टॉक रजिस्टर, उपस्थिति पंजी, मिड डे मील रजिस्टर आदि के संधारण में भी खामियां पाई गईं. प्रभारी प्रधानाध्यापक सहित सभी शिक्षकों को इनका सुव्यवस्थित और अद्यतन संधारण करने का निर्देश दिया गया.कला-संस्कृति एवं खेल कक्षाओं की समीक्षा के दौरान पाया गया कि बच्चों को न तो संगीत/कला की शिक्षा दी जा रही है और न ही खेल गतिविधियों का संचालन हो रहा है. उपायुक्त ने निर्देश दिया कि विशेष चेतना सत्र के तहत इन कक्षाओं का संचालन अविलंब प्रारंभ किया जाए.प्रयोगशालाओं का निरीक्षण करते हुए प्रयोगशाला सामग्री की दुर्दशा एवं कक्षाओं के संचालन में लापरवाही पाई गई.

उपायुक्त ने निर्देशित किया कि सभी उपकरणों को सुव्यवस्थित कर नियमित कक्षाएं कराई जाएं.कंप्यूटर लैब और पुस्तकालय की भी स्थिति असंतोषजनक पाई गई. उपायुक्त ने इन दोनों इकाइयों को पूरी तरह क्रियाशील बनाने के निर्देश दिए. विद्यालय परिसर एवं शौचालय की साफ-सफाई पर भी नाराजगी जताते हुए उपायुक्त ने साफ-सफाई की नियमित निगरानी और अनुपालन का आदेश दिया. निरीक्षण के अंत में विद्यालय में पाई गई कुल अनियमितताओं के आधार पर उपायुक्त ऋतुराज ने जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को निर्देशित किया कि विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सहित सभी शिक्षकों को शो-कॉज नोटिस जारी किया जाए और सभी के वेतन पर रोक लगाई जाए. इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने नवसृजित प्राथमिक विद्यालय डुमरडीहा एवं उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय नईटांड का भी निरीक्षण कर वहां की शिक्षा व्यवस्था की समीक्षा की. इस मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक अजय कुमार समेत अन्य मौजूद रहे.

## अखिल भारतीय किसान सभा ने केंद्र सरकार की नीतियों पर उठाए सवाल

# विस्थापन राज्य के लिए अब अभिशाप बन गया है : सिंह

शुभम संदेश ।हजारीबाग



झारखंड में जमीन की लूट और विस्थापन से जुड़े मुद्दे को लेकर हजारीबाग शहर के देवांगना चौक स्थित होटल भण्डारा पार्क में बुधवार को अखिल भारतीय किसान सभा ने पत्रकार वार्ता का आयोजन किया.

जिसमें मुख्य रूप से अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय सचिव केडी सिंह और अखिल भारतीय किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं झारखण्ड विस्थापित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष सह पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता विस्थापितों की समस्या और जमीन लूट पर पत्रकारों से मुखातिब हुए. केडी सिंह ने कहा कि झारखंड राज्य के गठन को 24 वर्ष बीत जाने के बाद भी अब तक न तो कोई समुचित विस्थापन और पुनर्वास नीति बन पाई है, और न ही भूमि अधिग्रहण कानून 2013 को सही ढंग से लागू किया गया है. कहा कि झारखंड का विस्थापन झारखंड का अभिशाप बन गया है.विस्थापन का दंश झारखंड के दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग के लोगों को झेलना पड़ा रहा है.पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने केंद्र सरकार की किसान और मजदूर विरोधी नीतियों पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि सरकार द्वारा किए जा रहे भूमि अधिग्रहण से सबसे ज्यादा प्रभावित गरीब, दलित और आदिवासी किसान हो रहे हैं. सरकारी व निजी उपक्रमों की परियोजनाओं के कारण हजारों गांव उजड़ चुके हैं. जमीन छीनने के बावजूद किसानों को न तो समुचित मुआवजा मिला, न रोजगार, और न ही पुनर्वास की व्यवस्था की गई.श्री मेहता ने तत्कालीन रघुवर दास की सरकार पर आरोप लगाया कि रघुवर सरकार ने कई किसानों की जोताई जमीन को भूमि बैंक में डाल दिया, और लगान की रसीद काटने के बावजूद नाम दर्ज नहीं किया गया. वैसे गैर मजरूवा जमीन जिन पर किसानों का हक अधिकार था वर्षों से दखल कब्जे में थी जिसमें खेती करके अपने परिवार का जिविकोपार्जन कर रहे थे. ऐसी जमीनों को कब्जे में ले लिया जिससे वह पूरी तरह बेरोजगार और अपने घरों से बेघर भी हो गए. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भूमि बैंक से किसानों की जमीन रिलीज करने का आश्वासन दिया था, लेकिन आज तक वह भी अपने किए गए वादे पर खरे नहीं उतरे. बताया कि सरकार द्वारा लगातार भूमि अधिग्रहण को लेकर अब तक लगभग 45 लाख किसान विस्थापित हो चुके हैं. विस्थापन की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि सरकार के पास अब तक कोई समुचित आंकड़ा तक नहीं है. उन्होंने कहा कि सरकार एवं बिचौलियों की मदद से झारखंड की निजी कंपनियां भी किसानों की जमीनों को लूट रही है. वहीं झारखंड स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता ने विस्थापन को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि विस्थापन झारखंड की एक गंभीर समस्या है जिससे झारखंड के दलित किसान और आदिवासी समाज के लोग प्रभावित हो रहे हैं, उनकी जमीनी छीनी जा रही है. जिसको लेकर पूर्व सांसद भुवनेश्वर मेहता के नेतृत्व में विस्थापन की लड़ाई जारी है और अंत तक यह सारी लड़ाई जारी रहेगा.इस मौके पर खतियानी परिवार के केंद्रीय महासचिव मोहम्मद हकीम अंसारी, श्रीकांत मेहता, कामरेड इम्तियाज अंसारी, कामरेड तुलसी कुमार, कामरेड अनंत कुमार आर्या, सुनीता कुमारी, कामरेड मजीद अंसारी, अनंत कुमार आर्या सहित कई वामपंथी एक आंदोलनकारी नेता शामिल थे.

### अलपिटो पंचायत की मुखिया निलंबित

**हजारीबाग ।** जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अलपिटो की मुखिया सुमिता देवी को विकास योजनाओं में वित्तीय अनियमितता एवं नियम विरुद्ध क्रियान्वयन के गंभीर आरोपों के आलोक में निलंबित कर दिया गया है. उपायुक्त हजारीबाग द्वारा इस संबंध में की गई अनुशंसा के आलोक में यह कार्रवाई की गई है. प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार मनरेगा, 15वें वित्त आयोग एवं अन्य मदों से संचालित योजनाओं में नियमों की अवहेलना करते हुए क्रियान्वयन कराया गया तथा योजनाओं की राशि लाभुक समिति के स्थान पर व्यक्तिगत खाते में स्थानांतरित की गई. वित्तीय वर्ष 2021-22 में 15वें वित्त आयोग अंतर्गत संचालित 16 योजनाओं की राशि किसी एक व्यक्ति नारायण यादव के खाते में जमा कराना गंभीर वित्तीय अनियमितता मानी गई है।उक्त मामले में स्पष्टीकरण हेतु सुमिता देवी को पूर्व में ज्ञापन के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत करने का अवसर भी प्रदान किया गया, किन्तु उन्होंने अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया।इन परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए झारखंड पंचायत राज अधिनियम, 2001 एवं विभागीय आदेश संख्या 26 सहपठित ज्ञापांक 371 दिनांक 15.02.2019 के प्रावधानों के तहत सुमिता देवी को निलंबित करते हुए उनके मुखिया पद की समस्त शक्तियां जब्त कर ली गई हैं. यह निर्णय पंचायत व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही तथा सुशासन सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में लिया गया है.

## आपदा मित्र प्रशिक्षण का चौथे दिन डीडीसी ने किया निरीक्षण

शुभम संदेश.रामगढ़

जिले में स्वास्थ्य के क्षेत्र में उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज के द्वारा बड़ी पहल की गई है जिसके तहत आकस्मिक परिस्थितियों में सीपीआर एवं फर्स्ट एड देने हेतु प्रशिक्षण अगले छः माह में जिले के 2 लाख लोगों को आपदा मित्र के रूप में तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है.

इसी क्रम में प्रशिक्षण के चौथे दिन बुधवार को उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल ने टाउन हॉल रामगढ़ में चल रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण किया.मौके पर प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे.जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा 15 जुलाई 2025 तक 2500 आम जनों, विद्यार्थियों आंगनबाड़ी सेविकाओं आदि को प्रशिक्षण देकर आपदा मित्र एवं मास्टर ट्रेनर के रूप में तैयार किया जाएगा जिनके द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में आम जनों को आकस्मिक परिस्थितियों में सीपीआर एवं फर्स्ट एड देने हेतु प्रशिक्षण दिया जाएगा.कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त आशिष अग्रवाल ने सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा की गई इस पहल की सराहना की.इस दौरान उन्होंने सभी को आकस्मिक परिस्थितियों में किए जाने वाले कार्य जो प्रशिक्षण के दौरान बताई जा रही है उन्हें अच्छी तरह सुनने व समझने की अपील की.साथ ही किसी भी प्रकार की दुविधा को प्रशिक्षण के दौरान नहीं दूर कर लेने की अपील की।प्रशिक्षण के दौरान चिकित्सकों एवं ऑडियो विजुअल कंटेंट के माध्यम से सभी को सीपीआर, चोकिंग, ब्लीडिंग, बर्न, फ्रैक्चर, वज्रपात, डूबना, शॉक, सांप का काटना एवं दुर्घटना जैसी आकस्मिक परिस्थितियों के दौरान किए जाने वाले कार्यों को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई साथ ही आकस्मिक परिस्थितियों के दौरान किए जाने वाले कार्यों को लेकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे आपदा मित्र को प्रैक्टिकल भी कराया गया.

# पेटो से तीसरा जत्था तीर्थ यात्रा के लिए सांसद ने किया रवाना

शुभम संदेश ।हजारीबाग



हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल द्वारा शुरू किए गए महत्वाकांक्षी ₹सांसद तीर्थ दर्शन₹ महाअभियान के तहत 65 तीर्थयात्रियों का तीसरा जत्था आज बुधवार को बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के केरेडारी प्रखंड अंतर्गत पेटो पंचायत से धूमधाम से रवाना हुआ.

इस यात्रा को लेकर तीर्थयात्रियों में जबरदस्त उत्साह देखा गया.पेटो स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण से शुरू हुई . इस पावन यात्रा को सांसद मनीष जायसवाल और बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. इस अवसर पर लोकसभा सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, लोकसभा सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, बड़कागांव विधानसभा सांसद प्रतिनिधि पूनम साव, बड़कागांव सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी, केरेडारी सांसद प्रतिनिधि कर्मचारी साव, पिपरवार सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण कुमार, वरिष्ठ नेता प्रीतम साव, अमित गुप्ता, नरेश महतो, नारायण यादव, भाजपा नेता जुगनू सिंह, सुमन गिरी, मुखिया गुरुदयाल साव, उपेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, पंकज साहा, सुनील साव, अरविंद साव, रविन्द्र साव सहित दर्जनों गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थित होकर तीर्थयात्रियों पर पुष्प वर्षा कर उन्हें विदा किया.इससे पूर्व सांसद मनीष जायसवाल, विधायक रोशन लाल चौधरी, लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह और बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू ने सांकेतिक रूप से पंच तीर्थयात्रियों के पांव पखार कर उनका आशीर्वाद भी प्राप्त किया, जो भारतीय संस्कृति में सम्मान का प्रतीक है

**बैठक** जिला भू-अर्जन, परिवहन, राजस्व, खनन, अभिलेखागार, निबंधन एवं उत्पाद विभाग की समीक्षा

# अंचलस्तर पर ही राजस्व मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करें: डीसी

शुभम संदेश ।चतरा



अंचल स्तर पर प्राप्त राजस्व संबंधी मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करें. इसके लिए सभी अंचल में रोस्टर के आधार पर राजस्व शिविरों का आयोजन किया जाए. इन शिविरों की सतत निगरानी एवं निरीक्षण हेतु वरिष्ठ पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी. डीसी कीर्तिश्री ने समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला भू-अर्जन, परिवहन, राजस्व, खनन, अभिलेखागार, निबंधन एवं उत्पाद विभाग से संबंधित समीक्षा बैठक के दौरान यह बातें कहीं.बैठक में भारतमाला परियोजना सहित अन्य परियोजनाओं के अंतर्गत अर्जित भूमि से संबंधित मुआवजा भुगतान, भूमि हस्तांतरण, एफआरए/एनओसी प्रस्ताव, एनजीडीआरएस पोर्टल का अद्यतनीकरण, म्यूटेशन आदि बिंदुओं पर बिंदुवार समीक्षा की गई. जिन अंचल में अब तक रजिस्टर-2 की प्रति उपलब्ध है, उन्हें यथाशीघ्र अभिलेख कक्ष में जमा करने का निर्देश दिया गया है. गैरमजरूआ आम, गैरमजरूआ खास, परती, क़दीम एवं अन्य भूमि की अद्यतन सूची तैयार कर समर्पित करने को कहा गया है. उपायुक्त ने यह भी कहा कि राजस्व संबंधी कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं उत्तरदायित्व सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को बेहतर सेवा मिल सके और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में विश्वास बढ़े.

बैठक में जिला उत्पाद अधीक्षक सुजीत कुमार ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत चतरा जिले में अब तक कुल 8 खुदरा उत्पाद दुकानें शुरू की गई हैं. चतरा शहर में 3 दुकानें, बगरा, गिद्धौर, करमा, पत्थलगड्डा एवं पीतीज में 1-1 दुकान. उन्होंने बताया कि शेष पुरानी दुकानों के हैंडओवर-टेकओवर की प्रक्रिया प्रगति पर है, जो अगले 2 से 3 दिनों के भीतर पूरी कर ली जाएगी. दुकानों का संचालन जिला स्तरीय समिति द्वारा चयनित आवेदकों से नई व्यवस्था में शुरू किया जा रहा है. यह अंतरिम व्यवस्था ₹झारखंड उत्पाद खुदरा विक्रय नियमावली 2025₹ के अंतर्गत लॉटरी प्रक्रिया पूरी होने तक लागू रहेगी. डीसी कीर्तिश्री ने कहा कि उत्पाद विभाग दुकानों के संचालन में पारदर्शिता, निर्धारित मापदंडों का अनुपालन और उचित प्रक्रिया सुनिश्चित करे.बैठक में अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, एसडीओ सिमरिया सनी राज, एसडीओ चतरा जहूर आलम,डीटीओ इंद्र कुमार, डीएमओ मनोज टोप्पो, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह, सभी अंचलाधिकारी एवं विभागीय कर्मचारी उपस्थित थे.

### सामाजिक वानिकी प्रमंडल ने मनाया 76 वांवन महोत्सव

**हजारीबाग ।** कटकमसांडी प्रखंड के ग्राम हेदलाग सुरक्षित वन में समाजिक वानिकी प्रमंडल, हजारीबाग के वन प्रमंडल पदाधिकारी अजय कुमार एवं सुरेश राम, वन क्षेत्र पदाधिकारी द्वारा 76वां वन महोत्सव का आयोजन किया गया.कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संगीता देवी कटकमसांडी प्रमुख एवँ विशिष्ठ अतिथि पिंकी राणा, मुखिया कंचनपुर पंचायत एवं अंजू बाला देवी पंचायत समिति सदस्य कंचनपुर रहे .कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप जलाकर किया गया . सभी ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान 2.0 के तहत एक-एक पेड़ लगाया . वन विभाग द्वारा स्कूल के छात्रों के बीच वनों से संबधित क्विज आयोजित कर पुरस्कार वितरण भी किया गया कार्यक्रम का संचालन प्रदीप कुमार दास ने किया . शपथ ग्रहण करवाते हुए धन्यवाद् ज्ञापन के साथ प्रभारी वनपाल गौतम कुमार साहू ने किया.

## एक नजर

### डॉ. जफरुल्लाह ने संभाला सीएस का पदभार

**गिरिडीह।** डॉ. शेख मोहम्मद जफरुल्लाह ने बुधवार को गिरिडीह के सिविल सर्जन का पदभार संभाल लिया. उन्होंने दोपहर करीब 12:00 बजे निवर्तमान सिविल सर्जन डॉ. सी. प्रसाद मिश्रा से पदभार ग्रहण किया. इससे पहले, डॉ. शेख मोहम्मद बोकारो में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी के पद पर कार्यरत थे. सिविल सर्जन पद पर डॉ. शेख की यह पहली पदस्थापना है. पदभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में डॉ. शेख ने कहा कि गिरिडीह में संसाधनों की कोई कमी नहीं है, क्योंकि राज्य सरकार ने गिरिडीह सदर अस्पताल को दिल खोलकर संसाधन उपलब्ध कराए हैं. एक सवाल के जवाब में उन्होंने स्वीकार किया कि चिकित्सकों की यहाँ कमी है, लेकिन उन्होंने कहा कि कमी के बीच बेहतर करना ही उनकी चुनौती है. उन्होंने आगे कहा कि चुनौती के बीच ही काम करना मेरी पहली प्राथमिकता रही है. उन्होंने यह भी कहा कि कार्यरत चिकित्सकों से मेरी उम्मीद रहेगी कि वे पूरी ईमानदारी से अपनी ड्यूटी के प्रति सजग रहें. उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार का खाते हैं तो उन्हें काम भी योजना के अनुसार करना होगा. कोताही किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी. मौके पर डॉ. रेखा झा, डॉ. आर.पी. दास, संजय कुमार, ट्यूनी सिंह सहित बड़ी संख्या में सदर अस्पताल के कर्मी मौजूद थे.

### जीजीएसईएसटीसी भारत के उत्कृष्ट इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट कॉलेजों में शामिल

**बोकारो।** गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटी टेक्निकल कैंपस (जीजीएसईएसटीसी), कांड्रा, बोकारो को एनएएसी द्वारा बी++ ग्रेड प्राप्त हुआ है. इसके साथ ही जीजीएसईएसटीसी भारत के उत्कृष्ट इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट कॉलेजों में शुमार हो गया है. यह जानकारी कॉलेज परिसर में आयोजित एक प्रेस वार्ता में निदेशक प्रोफेसर डॉ. प्रियदर्शी जरूहार ने दी. प्रेस वार्ता में निदेशक जरूहार ने बताया कि संस्थान ने एनएएसी द्वारा बी++ ग्रेड प्राप्त कर शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है. उन्होंने संस्थान के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं की भी जानकारी साझा की. ई-कल्याण छात्रवृत्ति की राशि में 90,000 की वृद्धि होगी. डिप्लोमा इंजीनियरिंग के लिए प्रतिवर्ष 60,000 की राशि मिलेगी. मानकी मुंडा छात्रवृत्ति के तहत बी.टेक. के लिए प्रतिवर्ष 30,000 और डिप्लोमा के लिए प्रतिवर्ष 15,000 मिलेंगे. इनके अलावा, उन्होंने कई अन्य प्रकार की छात्रवृत्ति योजनाओं का भी उल्लेख किया. सचिव ने कहा कि जीजीएसईएसटीसी, जे.यू.टी. (झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी) के तहत एनएएसी बी++ ग्रेड प्राप्त करने वाला पहला इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट ऑटोनॉमस कॉलेज होगा. कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक प्रो. हुसैन अंसारी, प्रो. सुमित कुमार पांडे और प्रो. रश्मि ठाकुर रहे. इस प्रेस वार्ता में मीडिया प्रतिनिधियों, अभिभावकों और छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया. इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जीजीएसईएस के अध्यक्ष तरसेम सिंह, सचिव सुरेंद्र पाल सिंह और निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) प्रियदर्शी जरूहार ने की.

### बेंगाबाद अनाज भंडारण केंद्र का औचक निरीक्षण

**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** केंद्र सरकार की खाद्य आपूर्ति टीम ने बुधवार को बेंगाबाद अनाज भंडारण केंद्र का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण टीम का नेतृत्व संतोष कुमार मीणा ने किया. उनके साथ राहुल कुमार, दीपक भारद्वाज, डीएसओ गुलाम समदानी, बीडीओ सुनील कुमार मुर्मू, एजीएम पवन वर्मा, मुरारी राम और निर्मल साव भी मौजूद रहे. निरीक्षण के दौरान गोदाम में साफ-सफाई, रख रखाव और सुरक्षा व्यवस्था में भारी लापरवाही सामने आई. गोदाम में गंदगी, अव्यवस्था और खराब प्रबंधन देखकर टीम ने नाराजगी जताई. मौके पर मौजूद एजीएम पवन वर्मा को फटकार लगाई गई और जवाब-तलब किया गया. टीम ने अनाज के रख-रखाव, कीटनाशक के प्रयोग, स्टॉक की स्थिति और सुरक्षा उपायों की गहन जांच की. बरसात के मौसम में नमी से बचाव के लिए कोई प्रभावी इंतजाम नहीं पाए गए. अग्निशमन यंत्र और अलार्म सिस्टम भी खराब हालत में मिले. चूहों से बचाव की व्यवस्था बेहद कमजोर थी और गोदाम में कबूतर व अन्य पक्षियों ने घोंसले बना रखे थे, जिससे भीतर गंदगी फैली हुई थी.

### प्रत्येक माह कम से कम दो सक्सेस स्टोरी करना जरूरी : डीडीसी

**बोकारो।** बुधवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आरसेटी (ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान) परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रगति की समीक्षा की गई, जिसमें प्रशिक्षण कार्यक्रमों की प्रगति, वित्तीय वर्ष की उपलब्धियों और सरकारी योजनाओं में बैंकिंग भागीदारी की चर्चा हुई. उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने वर्ष 2024-25 की उपलब्धियों का जायजा लेते हुए बताया कि सरकार द्वारा 1130 बेरोजगार युवक-युवतियों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य निर्धारित था, जिसके विरुद्ध 1138 युवाओं को प्रशिक्षित किया गया. इनमें से अभी तक 829 युवा बैंक ऋण या अपनी पूंजी से अपना व्यवसाय कर रहे हैं. वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1100 युवक-युवतियों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य निर्धारित है. इन प्रशिक्षणों के साथ ही युवाओं ने बैंक लोन व महिला समूहों के माध्यम से स्वरोजगार प्रारंभ कर आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाया है. मौके पर एलडीएम आबिद हुसैन, डीडीएम नाबार्ड फिलोमेन बिलुंग, निदेशक आरसेटी सुमन प्रभात एक्का, आरसेटी संकाय कुमार पटेल, जिला कृषि पदाधिकारी मो. शाहिद, जेएसएलपीएस की निहारिका मिंज, डेयरी डेवलपमेंट पदाधिकारी त्रिदेव मंडल सहित अन्य उपस्थित थे.

### डीसी ने किया जिला अभिलेखागार का निरीक्षण

**बोकारो।** बुधवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिला अभिलेखागार का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने भवन की मौजूदा स्थिति, दस्तावेजों की सुरक्षा, रखरखाव और डिजिटल प्रबंधन की व्यापक समीक्षा की. उपायुक्त ने भवन में सीपेज की समस्या को देखते हुए कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग अमृत कुमार को तत्काल मरम्मत कराने और एक आधुनिक जिला अभिलेखागार बनाने के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया. निरीक्षण के दौरान जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, वन प्रमंडल पदाधिकारी (प्रोबेशनर) संदीप शिंदे, प्रभारी पदाधिकारी शालिनी खालखो, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार और सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

### सांसद की अनुशंसा पर चलंत चिकित्सा शिविर

**जमुआ (गिरिडीह)।** कोडरमा की सांसद अन्नपूर्णा देवी की अनुशंसा पर जमुआ प्रखंड के प्रतापपुर और प्रमाणिकडीह में बुधवार को सांसद सेवा रथ के माध्यम से निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया. इस कैंप में 75 मरीजों का मेडिकल चेकअप किया गया, जिसके बाद डॉ. शमशेर आलम ने उन्हें दवाएँ दीं और आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी प्रदान किया. इस मौके पर भाजपा की महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष ऊषा कुमारी, सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र प्रसाद यादव, महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष पुष्पा वर्मा, जिला कार्यकारिणी सदस्य संदीप कुमार, भाजपा नेता प्रकाश यादव सहित कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने लोगों को विभिन्न सरकारी जन-कल्याणकारी योजनाओं जैसे पीएम आवास, कुसुम योजना, जल नल योजना, पीएम किसान सम्मान योजना, और मुद्रा लोन के बारे में जानकारी दी. प्रमाणिकडीह में कैंप का आयोजन आंगनबाड़ी केंद्र में किया गया था और इसी तरह प्रतापपुर में भी एक कैंप लगाया गया.

### विधायक श्वेता सिंह ने ऑन-द-स्पॉट किया समस्याओं का समाधान

**बोकारो।** बोकारो विधानसभा की विधायक श्वेता सिंह ने बुधवार को जन समस्याओं के समाधान हेतु अपने विधानसभा क्षेत्र का निरीक्षण किया. उन्होंने फुदनीडीह पावर सर्विस स्टेशन से आ रही समस्याओं, जिसके कारण चीरा चास, जनवृत-9, मालती अपार्टमेंट, महेशपुर और भारत बस्ती जैसे अनेक जगहों पर बिजली की दिक्कतें थीं का निरीक्षण किया. इन जगहों पर विद्युत समस्या के त्वरित निवारण हेतु उन्होंने विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की. इसमें यह तय हुआ कि फुदनीडीह फीडर को चास फीडर से जोड़ दिया जाए. वहीं, चास नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 6 सोलगीडीह झरियात टोला और आसपास के क्षेत्रों में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण जल जमाव की समस्या को संज्ञान में लेते हुए विधायक ने त्वरित रूप से समस्या वाले स्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया. उन्होंने मौके पर ही संबंधित जेई (जूनियर इंजीनियर) को बुलाकर स्थिति का निरीक्षण करवाया. जनता की इस गंभीर समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करने हेतु विधायक ने जूनियर इंजीनियर को निर्देशित करते हुए सड़क एवं नाला निर्माण का डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) बनवाने का निर्देश दिया तथा कार्य को जल्द शुरू कर शीघ्र निष्पादन हेतु अधिकारियों को आवश्यक पहल करने की बात कही.



## करोड़ों लोग हड़ताल पर भारत बंद से देशभर में सेवाएं बाधित

**नयी दिल्ली** । दस केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मोर्चे द्वारा आहूत राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल या भारत बंद ने बुधवार को देश के कई हिस्सों को ठप कर दिया. अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एआईटीयूसी) के नेतृत्व वाले इस मंच ने दावा किया कि केंद्र सरकार की आर्थिक और श्रम नीतियों के विरोध में लगभग 25 करोड़ कर्मचारियों ने हड़ताल में भाग लिया. इसका असर बैंकिंग, डाक सेवाओं, बिजली, खनन और सार्वजनिक परिवहन सहित कई क्षेत्रों में महसूस किया गया.

### न्यूज अपडेट

## शेख हसीना को न्याय के कटघरे में लाना जरूरीः बीएनपी

**ढाका** । बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने आज कहा कि अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके साथियों को न्याय के कटघरे में लाना जरूरी है. यह सभी सामूहिक हत्याओं, यातनाओं और लोगों पर फासीवादी हमलों में शामिल हैं. हसीना और उनकी पार्टी अवामी लीग फासीवाद समर्थक हैं. ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, बीएनपी नेता फखरुल ने राजधानी स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोसाइंसेज एंड हॉस्पिटल में बीएनपी अध्यक्ष की सलाहकार परिषद के सदस्यों डॉ. अब्दुल कुद्दुस और डॉ. सिराजुद्दीन से मिलने के बाद पत्रकारों से बातचीत में यह टिप्पणी की.

## एनआईए ने कट्टरपंथ फैलाने के मामले में तीन को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली** । राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े 2023 के जेल में कट्टरपंथ फैलाने के मामले में कर्नाटक के बेंगलुरु और कोलार जिलों में चलाए गए तलाशी अभियान में 3 लोगों को गिरफ्तार किया है. एनआईए ने यह जानकारी अपने आधिकारिक एक्स पोस्ट के माध्यम से दी है. एनआईए के मुताबिक गिरफ्तार किए गए आरोपितों में बेंगलुरु की परप्पना अग्रहारा जेल के मनोचिकित्सक डॉ. नागराज, सिटी आर्म्ड रिजर्व के एएसआई चान पाशा और एक फरार आरोपी की मां अनीस फातिमा शामिल हैं. एनआईए ने बेंगलुरु और कोलार जिलों की पांच जगहों पर तलाशी अभियान चलाया, जिसमें इन आरोपियों और अन्य संदिग्धों के घरों से डिजिटल उपकरण, नकदी, सोना और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए.

## धोखाधड़ी मामले में भगोड़ी मोनिका कपूर का हुआ प्रत्यर्पण

**नई दिल्ली** । सीबीआई ने मंगलवार को एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो दशक पुराने आयात-निर्यात धोखाधड़ी मामले में अमेरिका से फरार भगोड़ी मोनिका कपूर को भारत प्रत्यर्पित कर लिया है. सीबीआई ने इस बात की जानकारी अपने आधिकारिक एक्स पोस्ट में दी. मोनिका कपूर पर साल 2002 में 2.36 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप था. वह मेसर्स मोनिका ओवरसीज की प्रोपराइटर थीं और अपने भाइयों राजन खन्ना तथा राजीव खन्ना के साथ मिलकर जाली निर्यात दस्तावेजों के आधार पर शुल्क-मुक्त सोने के आयात के लिए छह प्रतिपूर्ति लाइसेंस प्राप्त किए थे. साल 1998 के दौरान, उन्होंने शिपिंग बिल, चालान और बैंक प्रमाणपत्रों का दुरुपयोग करते हुए ये लाइसेंस बेच दिए.

## तुर्किये के विदेशमंत्री हकान फिदान इस्लामाबाद पहुंचे

**इस्लामाबाद** । तुर्किये के विदेशमंत्री हकान फिदान आज सुबह पाकिस्तान की आधिकारिक यात्रा पर इस्लामाबाद पहुंचे. एक दिन पहले तुर्किये के विदेश मंत्रालय ने घोषणा की थी कि फिदान रक्षामंत्री यासर गुलर के साथ 09 जुलाई को पाकिस्तान का दौरा करेंगे. फिदान ने पिछले साल मई में भी पाकिस्तान का दौरा किया था. डॉन अखबार की खबर के अनुसार, पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने एक्स पोस्ट में कहा, ₹पाकिस्तान में उनकी आधिकारिक यात्रा के दौरान आपसी हित के सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी. यह यात्रा पाकिस्तान और तुर्किये के बीच घनिष्ठ और भाईचारे के संबंधों को दर्शाती है.

## केंद्रीय विवि के कुलपतियों का सम्मेलन 10-11 जुलाई को होगा

**नयी दिल्ली** । केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा 10 और 11 जुलाई को गुजरात के केवड़िया में केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों का दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है जिसमें चर्चा का फोकस इन विश्वविद्यालयों को वैश्विक शिक्षा परिदृश्य के लिए तैयार किये जाने पर होगा. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी 2020) के कार्यान्वयन के पांच वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित किये जा रहे इस सम्मेलन में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, राज्य मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे. शिक्षा मंत्रालय के अनुसार सम्मेलन का उद्देश्य केंद्रीय विश्वविद्यालयों की भूमिका को शिक्षा क्षेत्र में परिवर्तन के वाहक के रूप में पुनर्परिभाषित करना है.

## आलिया की पूर्व पर्सनल असिस्टेंट धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार

**नयी दिल्ली** । आलिया भट्ट की पूर्व पर्सनल असिस्टेंट वेदिका प्रकाश शेट्टी को हाल ही में जुहू पुलिस ने गिरफ्तार किया है. करीब पांच महीने की तलाश के बाद वेदिका प्रकाश शेट्टी को आखिरकार बेंगलुरु से गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया. उन पर आलिया के प्रोडक्शन हाउस 'एटरनल सनशाइन प्रोडक्शंस प्राइवेट लिमिटेड' और उनके निजी खातों से लगभग 77 लाख रुपये की धोखाधड़ी का आरोप है. यह फर्जीवाड़ा मई, 2022 से अगस्त, 2024 के बीच की अवधि का बताया गया है. आलिया की मां सोनी राजदान की ओर से की गई शिकायत पर पुलिस ने कुछ महीने पहले ही मामला दर्ज किया था, जिसकी जांच के बाद अब यह गिरफ्तारी की गई है.

## पाक के सुरक्षाबलों ने अफगानिस्तान की सीमा पर आठ आतंकी मार गिराए

एजेंसी । इस्लामाबाद

पाकिस्तान के सुरक्षाबलों ने मुल्क के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बाजौर जिले में मंगलवार को अफगानिस्तान के कुनार प्रांत से घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे आठ आतंकवादियों को मार गिराया. इनका संबंध फितना अल-खवारिज संगठन से बताया गया है. डॉन अखबार की खबर के अनुसार, सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों को पहले ललकारा. उनपर इसका असर पड़ता न देख सुरक्षाबलों ने लोवी मामुंड तहसील के पास आठों को ढेर कर दिया. लोवी मामुंड तहसील पहाड़ी और आदिवासी इलाका है. सुरक्षाबलों ने यह कार्रवाई खुफिया सूचना के आधार पर की. सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने इस कार्रवाई पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है. स्थानीय निवासियों ने इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच झड़पों की पुष्टि की है.

ग्रामीणों के अनुसार, सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच कई घंटों तक चली झड़पों में एक बच्चा घायल हो गया. उसकी पहचान अब्दुर रऊफ के बेटे मुहम्मद खान के रूप में हुई है. उसे पहले लारखोलोजो अस्पताल ले जाया गया और बाद में जिला मुख्यालय अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया. उल्लेखनीय है कि आतंकवादियों ने दो जुलाई को बाजोर जिले के खार तहसील के सादिकाबाद इलाके में एक सरकारी वाहन को बम से उड़ा दिया था. इसमें नवागई के सहायक आयुक्त फैसल इस्माइल और तहसीलदार अब्दुल वकील खान सहित पांच लोग मारे गए थे और चार पुलिसकर्मियों सहित 17 अन्य घायल हो गए थे.

### खामेनेई के करीबी जवाद लारीजानी ने अमेरिका को दे दी खुली धमकी

# कभी भी हो सकती है डोनाल्ड ट्रंप की हत्या

एजेंसी । नयी दिल्ली

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई के सीनियर सलाहकार जवाद लारीजानी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को जान से मारने की धमकी दी है. उन्होंने कहा कि ऐसा हो सकता है, जब ट्रंप अपने लग्जरी हाउस मार-ए-लागो में धूप सेंक रहे हों, उसी समय उन्हें गोली लग जाए.

ईरान इंटरनेशनल वेबसाइट के मुताबिक, उन्होंने कहा, 'जब वह पेट के बल धूप में लेटते हों, तब एक छोटा सा ड्रोन उन पर हमला कर सकता है. ये बहुत ही आसान है.' बता दें कि लारीजानी को अयातुल्ला खामेनेई का करीबी माना जाता है.

**'ब्लड पैक्ट' वेबसाइट जुटा रही फंड :** यह बयान ऐसे समय आया है जब 'ब्लड पैक्ट' नामक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म सामने आया है, जो खामेनेई का अपमान करने वालों और उनकी जान को खतरे में डालने वालों के खिलाफ 'बदले' के लिए फंड इकट्ठा कर रहा है. वेबसाइट का दावा है कि अब तक वह 27 मिलियन डॉलर से अधिक जमा कर चुकी है और उसका लक्ष्य 100 मिलियन डॉलर तक पहुंचना है. वेबसाइट पर प्रकाशित एक बयान में कहा गया है, 'हम उन लोगों को इनाम देंगे जो अल्लाह के दुश्मनों और खामेनेई की जान को खतरे में डालने वालों को न्याय दिलाएंगे.'



जवाद लारीजानी



डोनाल्ड ट्रंप

**पश्चिमी दूतावासों के बाहर प्रदर्शन की अपील :** ईरान की रिवोल्यूशनरी गाड्र्स से जुड़ी फार्स न्यूज एजेंसी ने इस अभियान की शुरुआत की पुष्टि की है और धार्मिक समूहों से पश्चिमी देशों के दूतावासों और शहरों के केंद्रों में प्रदर्शन करने की अपील की है. साथ ही यह भी कहा गया कि ट्रंप और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर 'मोहेरेबेह' जैसे इस्लामी कानूनों को लागू किया जाना चाहिए. ईरानी कानून में 'मोहेरेबेह' यानी 'अल्लाह के खिलाफ युद्ध' एक गंभीर अपराध है जिसकी सजा मौत है.

**ईरान सरकार ने बनाई दूरी :** ईरान के नए राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने अमेरिकी पत्रकार टकर कार्लसन से बातचीत में कहा कि यह 'फतवा' न तो सरकार का है और न ही खामेनेई का. लेकिन खामेनेई के अधीन चलने वाले 'कायहान' अखबार ने इस बयान को खारिज करते हुए लिखा, 'यह कोई अकादमिक राय नहीं, बल्कि धर्म की रक्षा का धार्मिक आदेश है.' अखबार ने चेतावनी दी कि भविष्य में अगर किसी ने ऐसी 'चिंगारी' भड़काई, तो उसका अंजाम खतरनाक होगा. लेख के अंत में लिखा गया – 'इस्लामिक रिपब्लिक इजरायल को खून में डुबो देगी.'

### ट्रंप की हत्या की धमकी से लोग नाराज

ईरान के पूर्व सांसद गोलामअली जाफरज़ादे इमेनाबादी ने कायहान के रुख की आलोचना करते हुए कहा, 'मुझे विश्वास नहीं होता कि कायहान के संपादक शरियतमदारी ईरानी हैं. ट्रंप की हत्या की बात कहने से ईरानी जनता पर दबाव बढ़ेगा.' इसके जवाब में कायहान ने लिखा – 'आज ट्रंप से बदला लेना एक राष्ट्रीय मांग बन चुका है. इमेनाबादी के बयान ईरानी मूल्यों से मेल नहीं खाते.'


### कासिम सुलेमानी की हत्या के बाद से निशाने पर हैं ट्रंप

डोनाल्ड ट्रंप 2020 में इराक में ईरानी जनरल कासिम सुलेमानी की हत्या का आदेश देने के बाद से लगातार ईरानी हमलों के निशाने पर हैं. पिछले साल अमेरिकी एजेंसियों ने खुलासा किया था कि ईरान की रिवोल्यूशनरी गाड्र्स ने ट्रंप की हत्या की साजिश रची थी.

## अब पूरे भारत में चलेगा एलन मस्क का इंटरनेट!

### स्टारलिंक को मिली हरी झंडी, जियो को सीधी टक्कर

एजेंसी । नयी दिल्ली



भारत में हाई-स्पीड सैटेलाइट इंटरनेट के क्षेत्र में एक बड़ी शुरुआत होने जा रही है। एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक को भारत में कमर्शियल लॉन्च के लिए आखिरकार अंतिम रेगुलेटरी मंजूरी मिल गई है।

रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, भारत के स्पेस डिपार्टमेंट ने अब स्टारलिंक को अपनी मंजूरी दे दी है, जो इस अमेरिकी सैटेलाइट ब्रॉडबैंड कंपनी के लिए आखिरी दिक्कत थी।

स्टारलिंक भारत में अपनी सेवाएं शुरू करने के लिए 2022 से लाइसेंस का इंतजार कर रही थी। पिछले महीने ही कंपनी को भारत के टेलीकॉम मंत्रालय से एक अहम लाइसेंस मिला था, लेकिन इसे शुरू करने के लिए स्पेस डिपार्टमेंट की मंजूरी बाकी थी, जो अब मिल चुकी है।

**तीसरी कंपनी बनी स्टारलिंक :** भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सेवा के लिए मंजूरी पाने वाली स्टारलिंक तीसरी कंपनी बन गई है। इससे पहले भारत सरकार ने रिलायंस जियो और वनवेब को मंजूरी दी थी। अब स्टारलिंक के आने से इस क्षेत्र में कॉम्पिटीशन और भी तेज होने की उम्मीद है।

**आगे मौजूद हैं कई चुनौतियां :** हालांकि रेगुलेटरी मंजूरी मिल गई है, लेकिन Starlink को अब कुछ और जरूरी कदम उठाने होंगे। कंपनी को सरकार से स्पेक्ट्रम आवंटन सुनिश्चित करने के बाद ग्राउंड इंफ्रास्ट्रक्चर यानी बेस स्टेशन वगैरह तैयार करना होगा। साथ ही टेस्टिंग और सिक्योरिटी ट्रायल्स के जरिए यह साबित करना होगा कि वह भारत के सुरक्षा मानकों को पूरा करती है या नहीं।

**स्पेक्ट्रम विवाद में मस्क की जीत :** गौरतलब है कि सैटेलाइट स्पेक्ट्रम को लेकर एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक और मुकेश अंबानी की रिलायंस जियो के बीच लंबे समय तक बहस चलती रही। जियो चाहती थी कि यह स्पेक्ट्रम नीलामी के जरिए दिया जाए, वहीं मस्क का तर्क था कि यह आवंटन के जरिए होना चाहिए। आखिरकार, भारत सरकार ने स्टारलिंक के पक्ष में निर्णय लिया, जिससे कंपनी की राह आसान हो गई। अब जब रेगुलेटरी क्लियरेंस मिल चुका है, स्टारलिंक भारत में अपनी सेवाओं की शुरुआत करने के बेहद करीब है। इसका सीधा फायदा उन दूरदराज़ और ग्रामीण इलाकों को होगा जहां पर आज भी स्थायी ब्रॉडबैंड सुविधा उपलब्ध नहीं है। एलन मस्क की यह पहल भारत को डिजिटल रूप से और भी ज्यादा मजबूत बना सकती है।

## प्रयागराज में तालाब से चार बच्चों के शव बरामद

एजेंसी । प्रयागराज



उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में मेजा थाना क्षेत्र के बेदौली गांव में बुधवार सुबह एक तालाब से चार बच्चों के शव बरामद किए गए हैं. बच्चे मंगलवार की शाम से गायब थे. पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है. यमुनानगर पुलिस उपायुक्त विवेक चन्द्र यादव ने बताया कि मेजा थाना क्षेत्र के बेदौली गांव निवासी हीरा आदिवासी का बेटा हुनर (5) व बेटी वैणवी (4) तथा विमल का बेटा कन्धा (5), संजय आदिवासी का बेटा केसरी (4) मंगलवार की शाम सभी एक साथ बाहर निकले और वापस नहीं लौटे. देर होता देख परिजन खोजबीन करने लगे. इस संबंध में पुलिस को भी सूचना दी. सूचना पर मंगलवार रात सहायक पुलिस आयुक्त एस.पी. उपाध्याय भी मौके पर पहुंचे थे. उन्होंने बताया कि बुधवार सुबह गांव में स्थित एक तालाब में चारों बच्चों के शव ग्रामीणों ने देखा और सूचना दी. इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

## बाढ़ और भूस्खलन के कारण नेपाल के दस राजमार्ग हुआ अवरुद्ध

**काठमांडू** । लगातार बारिश के कारण देश के सभी प्रमुख नदियों में आई बाढ़ और भूस्खलन ने देश भर के दस राष्ट्रीय राजमार्गों को पूरी तरह से अवरुद्ध कर दिया है. बीती रात से नेपाल के अधिकांश स्थानों पर लगातार बारिश हो रही है. नेपाल पुलिस मुख्यालय के अनुसार, अवरुद्ध सड़कों में संखुवासभा में कोशी राजमार्ग, पंचथर में मेची राजमार्ग, रसुवा में पासंग ल्हामु राजमार्ग, मकवानपुर में कांति लोकपथ, म्याग्दी में दरबांग रोड, नवलपरासी में पूर्व-पश्चिम महेन्द्र राजमार्ग, डोल्पा में भेरी कॉरिडोर, पश्चिमी रुकुम में जाजरकोट-डोल्पा कॉरिडोर और बझांग में जय पृथ्वी राजमार्ग शामिल हैं. इस बीच, अन्य कुछ राजमार्ग और प्रमुख सड़के भी भूस्खलन के कारण अवरुद्ध हो गई थीं जिन्हें आंशिक रूप से फिर से खोल दिया गया है और पहले के व्यवधानों के कारण यातायात का एकतरफा संचालन किया जा रहा है. इनमें बनेपा-भक्तपुर रोड, बागलुंग में कालीगडकी कॉरिडोर, गुल्मी में सड़क का एक हिस्सा और रोल्पा में शाहिद राजमार्ग शामिल हैं. मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार सुबह ही काठमांडू में बागमती, रूद्रमति, सुंदरीजल और धोबीखोला नदियों का जल स्तर खतरे के निशान से ऊपर बहने के कारण अलर्ट जारी किया है. मंगलवार आधी रात के आसपास लगातार बारिश शुरू होने के कारण पानी खतरे के निशान को पार कर गया. डिवीजन के इंजीनियर आशीष भट्ट ने बताया कि काठमांडू में बहने वाली सभी नदियों के किनारे रहने वाले लोगों को तड़के तीन बजे ही मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से अलर्ट जारी किया गया है.

## 7579 अमरनाथ तीर्थ यात्रियों का एक और जत्था हुआ रवाना



एजेंसी । जम्मू

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 7579 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था आज सुबह भगवती नगर यात्री निवास आधार शिविर से अमरनाथ गुफा की तीर्थयात्रा के लिए कश्मीर घाटी के लिए रवाना हुआ. अधिकारियों ने बताया कि जम्मू से आठवां जत्था आज सुबह 302 वाहनों से रवाना हुआ. जत्थे में 5719 पुरुष, 1577 महिलाएं, 40 बच्चे, 167 साधु और 76 साध्वियां शामिल हैं. इनमें से 3031 तीर्थयात्री सुबह 3:25 बजे बालटाल आधार शिविर के लिए और 4548 तीर्थयात्री सुबह 3:40 बजे पहलगाम आधार शिविर के लिए रवाना हुए. वहां से वह पवित्र गुफा की अपनी आगे की यात्रा के लिए आगे बढ़ेंगे. अधिकारियों ने बताया कि अमरनाथ गुफा में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की कुल संख्या तीर्थयात्रा के पहले छह दिनों में एक लाख 11 हज़ार से अधिक हो गई है. कल 18 हजार से ज़्यादा तीर्थयात्रियों ने पवित्र गुफा के दर्शन किए.

### टैरिफ : ट्रंप ने फोड़ा एक और बम, भारत पर होगा सीधा असर

# कॉपर पर 50% का टैरिफ लगाने की घोषणा की

एजेंसी । नई दिल्ली



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तांबे (कॉपर) पर 50% का टैरिफ लगाने की घोषणा की है. उन्होंने स्टील और एल्यूमीनियम पर भी ऐसा ही शुल्क लगाया था. इसके साथ ही, उन्होंने कहा कि दवाओं पर टैरिफ एक साल बाद 200% तक बढ़ सकता है. भारत के लिए यह बड़ी बात है. कारण है कि 2024-25 में भारत ने दुनियाभर में 2 अरब डॉलर के तांबे और तांबे के उत्पादों का निर्यात किया था. इसमें से 36 करोड़ डॉलर यानी 17%, अमेरिका को निर्यात किया गया था. अमेरिका भारत का सबसे बड़ा दवा बाजार भी है. वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका को दवाओं का निर्यात 21% बढ़कर 9.8 अरब डॉलर हो गया, जो पिछले साल 8.1 अरब डॉलर था. अब यह भारत के कुल दवा निर्यात का 40% है.

ट्रंप ने कहा कि वे आयातित सेमीकंडक्टर और दवाओं पर शुल्क लगाने की योजना बना रहे हैं. दवाओं पर टैरिफ 200% तक पहुंच सकता है. हालांकि, उन्होंने कहा कि दवा निर्माताओं को 'अपने काम को ठीक करने' के लिए लगभग एक साल का समय दिया जाएगा.

**ब्रिक्स देशों पर 10% शुल्क लगाने की धमकी :** राष्ट्रपति ट्रंप ने व्हाइट हाउस में एक कैबिनेट बैठक के दौरान कहा, 'हम लोगों को आने के लिए लगभग एक साल, डेढ़ साल देंगे और उसके बाद उन पर शुल्क लगाया जाएगा.' उन्होंने ब्रिक्स देशों पर 10% शुल्क लगाने की धमकी को दोहराते हुए कहा कि यह समूह 'गंभीर नहीं' है. उन्होंने कहा, 'अगर आप डॉलर को चुनौती देना चाहते हैं तो ठीक है. लेकिन उन्हें शुल्क देना होगा. मुझे नहीं लगता कि वे ऐसा चाहते हैं.'

तांबे पर नए शुल्क की घोषणा करते हुए ट्रंप ने कहा, 'हम दवाओं, चिप्स और कुछ अन्य चीजों की घोषणा करने जा रहे हैं-आप जानते हैं, बड़ी चीजें.' व्यापार के आंकड़ों से पता चला है कि सऊदी अरब (26%) और चीन (18%) के बाद अमेरिका भारत का तीसरा सबसे बड़ा तांबा निर्यात बाजार है. हालांकि, तांबे की महत्वपूर्ण खनिज के रूप में स्थिति और बुनियादी ढांचे, ऊर्जा और विनिर्माण में इसके व्यापक उपयोग को देखते हुए भारत का घरेलू उद्योग प्रस्तावित शुल्कों के परिणामस्वरूप अमेरिकी मांग में किसी भी गिरावट को आसानी से संभाल लेगा.

**दवा निर्यात पर 200% का टैरिफ ऐसे डालेगा असर :** दवा निर्यात पर 200% का शुल्क मांग पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है. खासकर जब भारत का जेनेरिक दवा उद्योग अमेरिकी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. डोनाल्ड ट्रंप ने तांबे पर 50% शुल्क लगाया है. दवाओं पर शुल्क 200% तक बढ़ सकता है. भारत से तांबे का निर्यात 17% और दवाओं का 40% अमेरिका को होता है. ट्रंप ने ब्रिक्स पर 10% शुल्क लगाने की बात भी कही है.







मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, मैसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड के लिए के.जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित. संपादक **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक **संजय सिंह***. फोन नंबर 0651-2961734 आरएनआई नंबर **JHAHIN/2023/84487**( पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)